mukhyadhara.daily@gmail.com +91 9142412511

हिन्दी दैनिक

राष्ट्रीय मुख्यधारा

RNI : JHAHIN/2014/54374

बोकारो, मंगलवार
23.4.2024
पृष्ठः 12, मूल्य 2/-
वर्ष : 11, अंक : 81

www.rashtriyamukhyadhara.com

अख़बार भी, आन्दोलन भी

राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

पीएम मोदी का घमड़िया गठबंधन पर तंज, दोनों शहजादों को अब तक चाबी नहीं मिली

कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर

राष्ट्रीय मुख्यधारा। अलीगढ़

दूसरे चरण के मतदान के प्रचार धुंआधर तरीके से जारी है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अलीगढ़ में चुनावी सभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि पिछली बार जब मैं अलीगढ़ आया था, तब मैंने आप सबसे अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्टरी में ताला लगा दीजिए। आप लोगों ने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों को आज तक इसकी चाबी नहीं मिली है। मोदी ने कहा कि अच्छे भविष्य, विकसित भारत की चाबी भी आपके ही पास है। अब देश को गरीबी से पूरी तरह मुक्त करने, देश को भ्रष्टाचार से मुक्त कराने का, देश को परिवारवादी राजनीति से मुक्त कराने का समय आ गया है। इसके लिए जरूरी हो गया हैं कि फिर एक बार मोदी सरकार को सत्ता में लाना है। उन्होंने कहा कि देश से बड़ा कुछ नहीं होता। देश का इतना महत्वपूर्ण चुनाव चल रहा है, हमें सारे काम छोड़कर वोट करना चाहिए। सुबह-सुबह धूप निकलने से पहले, जलपान से पहले आपको मतदान

करना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि पहले आर्टिकल 370 के नाम पर जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी शान से जीते थे और हमारे फौजियों पर पत्थर चलाते थे। अब इन सब पर फुल स्टॉप लग गया है। उन्होंने कहा कि दंगे, हत्या, गैंगवार, फिरौती ये सब सपा सरकार का ट्रेडमार्क था, यही उनकी पहचान थी और उनकी राजनीति इसी से चलती थी। लेकिन अब योगी सरकार में अपराधियों की हिम्मत नहीं है कि वे नागरिकों का अमन-चैन बिगाड़ें। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा जैसी पार्टियों ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की और मुसलमानों के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक उत्थान के लिए कभी कुछ नहीं किया। जब मैं पसमांदा मुसलमानों की मुसीबत की चर्चा करता हूं, तब इनके बाल खड़े हो जाते हैं। क्योंकि ऊपर के लोगों ने खूब मलाई खाई और पसमांदा मुसलमानों को उसी हाल में छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि तीन तलाक से पीड़ित कितनी ही बेटियों का जीवन तबाह हो गया था। अब मोदी ने तीन तलाक के खिलाफ कठोर कानून बनाकर उनका जीवन सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि आज न सिर्फ भारत का हज कोटा बढ़ा है, बल्कि वीजा नियमों को भी आसान बनाया गया है। हमारी सरकार ने महिलाओं को बिना महरम हज जाने की अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि आजकल मैं कहता हूं कि 10 सालद में जो किया वहां सिर्फ ट्रेलर है, हमें अभी बहुत सारा काम करना है। जब मैं इतनी सारी बातें करता हूं, तब सपा और कांग्रेस वालों के कुछ समझ में ही नहीं आता। मोदी ने कहा कि ये घमड़िया गठबंधन वाले इतनी निराशा में डूबे हुए हैं कि भविष्य की ओर देखने के लिए उन लोगों में हौंसला ही नहीं रहा। ये कहते हैं कि मोदी विकसित भारत की बात क्यों करता है, ये कहते हैं कि मोदी भारत को तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने की बात क्यों करता है? ये लोग अपने परिवार और सत्ता के लोभ के अलावा कुछ नहीं करते और जनता से छलावा करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर है, आपकी संपत्ति पर है। कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई, तब कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी प्रॉपर्टी है।

पीएम की सभा में आने के लिए अक्षत देकर दिया जायेगा आमंत्रण

अररिया। फारबिसगंज के हवाई फील्ड के मैदान में 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।जिसमे शामिल होने के लिए आमजनों के घर घर जाकर भाजपा कार्यकर्ता अक्षत देकर आमंत्रण देंगे। यह जानकारी बिहार सरकार के मंत्री एवं प्रधानमंत्री के फारबिसगंज में आयोजित कार्यक्रम के प्रभारी नीरज कुमार बबलू ने कही।विधायक विद्यासागर केशरी के आवास में संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के उपरांत पत्रकारों से बात करते हुए ये बातें कही।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 26 अप्रैल के कार्यक्रम के ऐतिहासिक होने का दावा किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है।विधानसभा और प्रखंडवार टोली टोली में बैठक के साथ पूरे जिले में जोर शोर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह की नक्सलियों को नसीहत

समर्पण करें अन्यथा दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंकेंगे

राष्ट्रीय मुख्यधारा। जगदलुपर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को यहां कहा कि जब तक नक्सलवाद है, तब तक आमजन तक सुख-सुविधाएं नहीं पहुँच सकतीं हैं। उन्होंने आगे नक्सलवादियों को चेतावनी देते हुए कहा, कि नक्सलवादी यदि आत्मसमर्पण करने के लिए ना समझे तो वे जान लें कि दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंक दिया जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री शाह कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के समर्थन में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। इसी बीच उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, ताकि भारत दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था बनकर उभरे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में देश में बड़ा बदलाव हुआ है। इसी

दौरान उन्होंने प्रमुख विपक्षी कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस को राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर निमंत्रण पत्र भेजा गया, लेकिन वे राम के दरबार तक में नहीं आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि कश्मीर का बाकी राज्यों से क्या लेना-देना, शायद उन्हें मालूम नहीं कि छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान कुर्बान कर सकता है। सभा को संबोधित कर रहे गृह मंत्री ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से आतंकवाद समाप्त कर दिया है, वैसे ही नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। आंकड़ों के मुताबिक पिछले चार माह में 90 से ज्यादा नक्सली मारे जा चुके हैं और 250 ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि 02 साल के अंदर में ही छत्तीसगढ़ से नक्सलियों को उखाड़ फेंकेंगे। उन्होंने नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने की भी सलाह दी और साथ ही चेतावनी देते हुए कहा, कि अन्यथा वे लड़ाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा विश्वास दिलाया कि जल, जंगल जमीन के साथ आदिवासियों की सुरक्षा और सम्मान की गारंटी भी प्रधानमंत्री मोदी देते हैं। संसाधन पर पहला हक आदिवासियों और गरीबों का है, लेकिन कांग्रेस की सोच इससे अलग है।

ख़ास ख़बर

नाबालिग रेप पीड़िता को 30 हफ्ते का गर्भ गिराने की मिली इजाजत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग रेप पीड़िता को 30 हफ्ते का गर्भ गिराने की इजाजत दे दी है। आज हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने 14 वर्षीय लड़की की गर्भावस्था को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की इजाजत दे दी। कोर्ट ने अस्पताल द्वारा प्रस्तुत मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर जिसमें नाबालिग की चिकित्सीय समाप्ति की राय दी गई थी और कहा गया था कि गर्भावस्था जारी रहने से नाबालिग के शारीरिक और मानसिकता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने की। इससे पहले, कोर्ट ने मुंबई के एक अस्पताल से मेडिकल गर्भपात कराने या इसके खिलाफ सलाह दिए जाने पर लड़की पर संभावित शारीरिक और मनोवैज्ञानिक प्रभावों के संबंध में एक रिपोर्ट मांगी थी। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को एक मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया था, जिसकी रिपोर्ट अगली सुनवाई यानी 22 अप्रैल को कोर्ट के सामने पेश करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने सत्र के दौरान, यह पता चला कि नाबालिग वर्तमान में 28 सप्ताह की गर्भवती है और मुंबई में है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने मामले में सरकार की तरफ से पेश हुए। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत, विवाहित महिलाओं और विशेष श्रेणियों के लोगों के लिए 24 सप्ताह तक गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति है, जिसमें बलात्कार पीड़िताएं और अन्य कमजोर समूह जैसे कि विकलांग और नाबालिग शामिल हैं।

ओवैसी के बिगड़े बोलः खुद को बताया तेजस्वी का जीजा

किशनगंज। बिहार के किशनगंज संसदीय क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को बिहार के किशनगंज संसदीय क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी और तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है। इस दौरान असदुद्दीन ओवैसी ने खुद को तेजस्वी का जीजा बता दिया। असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को जनसभा में कहा कि किशनगंज लोकसभा सीट पर 67% मुस्लिम वोटर हैं। उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर कहा कि मोदी सीएए-एनआरसी लागू करके मुसलमानों को नागरिकता से महरूम करना चाहते हैं। मोदी और शाह सीमांचल की जनता को घुसपैठी बोलकर तौहीन कर रहे हैं। वे एनआरसी के जरिए मुसलमानों को तकलीफ पहुंचाना चाहते हैं। सीमांचल की जनता के लिए पूर्णिया में एयरपोर्ट क्यों नहीं बनाया गया। ओवैसी ने अपनी सभाओं में मुस्लिम मतदाताओं को गोलबंद करने के लिए विवादित बाबरी मस्जिद के साथ-साथ बिल्किस बानो तक का भी जिक्र किया और केंद्र सरकार को जालिमों की सरकार बताई।

सियाचिन पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, जवानों का हौसला बढ़ाया

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

- माइनस डिग्री के तापमान में भी देश की सरहद पर तैनात रहने वाले सैनिकों को मिठाई खिलाई
- सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीद बहादुरों को श्रद्धांजलि दी

लोकसभा चुनाव प्रचार की व्यस्तताओं के बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को सियाचिन पहुंचे। दुनिया की सबसे ऊंची ''बैटल फील्ड'' में तैनात सशस्त्र बलों के जवानों से बातचीत करके उनकी चुनौतियों को समझने का प्रयास किया। उन्होंने माइनस डिग्री के तापमान में भी देश की सरहद पर तैनात रहने के लिए सैनिकों का हौसला बढ़ाया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को इस बार होली का पर्व सैनिकों के साथ मनाने के लिए सियाचिन जाना था, लेकिन अचानक मौसम खराब होने की वजह से अंतिम समय में कार्यक्रम बदलना पड़ा। इसके बाद राजनाथ सिंह ने लेह के मिलिट्री स्टेशन में जाकर सशस्त्र बलों के साथ होली का त्योहार मनाया था। उन्होंने उसी समय सियाचिन में तैनात कमांडिंग ऑफिसर से जल्द सियाचिन आकर पाकिस्तान के मोर्चे पर तैनात जवानों से मुलाकात करने का वादा किया था। इसके बाद वे पहले चरण के लोकसभा चुनाव में बतौर स्टार प्रचारक चुनावी सभाओं और रैलियों में व्यस्त हो गए। इस बीच भारतीय वायु सेना ने 13 अप्रैल को पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ''ऑपरेशन मेघदूत'' की 40वीं वर्षगांठ मनाई लेकिन रक्षामंत्री चुनावी व्यस्तताओं के कारण इस कार्यक्रम में भी नहीं शामिल हो सके। इस बीच आज सुबह रक्षा मंत्री सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ लेह, लद्दाख में थोइस हवाई अड्डे पर पहुंचे। इसके बाद रक्षामंत्री सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीद बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों के साथ बातचीत की। उन्होंने सियाचिन की बर्फीली पहाड़ियों पर तैनात जवानों से बातचीत में उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी ली। रक्षा मंत्री ने जवानों को मिठाई खिलाकर उनका हौसला बढ़ाया और ''भारत माता की जय'' का उद्घोष किया। रक्षामंत्री ने कहा कि सियाचिन में ''ऑपरेशन मेघदूत'' की सफलता हम सभी भारतीयों के लिए गौरव का विषय है। दुनिया के सबसे ऊंचे इस युद्धक्षेत्र में हमारी सेनाओं ने जो बहादुरी दिखाई है, उस पर हमें नाज है। उन्होंने जवानों से कहा कि राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा करने के लिए आप अपना सब कुछ न्योछावर कर देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। आपका राष्ट्रप्रेम हम सब भारतीयों के लिए प्रेरणा का कार्य करता है। राजनाथ सिंह ने सियाचिन ग्लेशियर पर मातृभूमि की रक्षा के लिए तैनात सभी जांबाज सैनिकों को नमन किया। इससे पहले उत्तरी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने फॉरवर्ड फील्ड अस्पताल की परिचालन तैयारियों और चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करने के लिए दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन के आगे के क्षेत्रों का दौरा किया। सेना कमांडर ने प्रताप पुर सैन्य स्टेशन को सर्वश्रेष्ठ ग्रीन स्टेशन पुरस्कार से सम्मानित किया।

गर्मी और लू का प्रभाव नहीं लेकिन तैयारी में चुनाव आयोग, 26 अप्रैल के मतदान पर बैठक

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने आज देश के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान और लू चलने की रिपोर्टों के मद्देनजर बदलते मौसम की स्थिति को समझने और सामान्य अवधि के दौरान गर्म मौसम की स्थिति के कारण किसी भी जोखिम को कम करने के उपायों पर चर्चा करने के लिए संबंधित एजेंसियों के साथ बैठक की। मौसम विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक ने आज चुनाव आयोग को सूचित किया कि दूसरे चरण के लिए इस महीने की 26 तारीख को होने वाले मतदान में लू चलने से संबंधित कोई बड़ी चिंता नहीं है। दूसरे चरण में मतदान वाले 13 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के लिए मौसम का पूर्वानुमान सामान्य है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता

में हुई बैठक में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) के अतिरिक्त सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के विभाग प्रमुख और मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) डीजी मौसम विज्ञान ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आयोग, आईएमडी, एनडीएमए और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारियों की एक टास्क फोर्स आवश्यकता पड़ने पर मतदान से पांच दिन पहले गर्मी की लहर और आर्द्रता के प्रभाव की समीक्षा करेगी। आयोग ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को राज्यों में स्वास्थ्य अधिकारियों को चुनाव संचालन को प्रभावित करने वाली लू की स्थिति के लिए तैयारी करने और सहायता प्रदान करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा है। आयोग 16 मार्च के अपने परामर्श के अनुसार मतदान केंद्रों पर शामियाना, पीने के पानी, पंखे और अन्य सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं आदि सहित पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य के सीईओ के साथ अलग से समीक्षा करेगा। मतदान केंद्र क्षेत्रों में गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए एहतियाती उपायों (क्या करें और क्या न करें) के लिए जनता के बीच आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) गतिविधियां की जाएंगी।

बिहार के मुजफ्फरपुर जंक्शन पर खड़ी श्रमिक एक्सप्रेस में हुआ ब्लास्ट, आरपीएफ जवान की मौत

पटना/मुजफ्फरपुर। राज्य के मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह वलसाड से पहुंची श्रमिक एक्सप्रेस की बोगी में आग लगने के दौरान ब्लास्ट होने से आरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। रेलवे पुलिस के मुताबिक प्लेटफार्म संख्या पांच पर यात्रियों के उतरने के कुछ देर बाद एसी बोगी में आग लग गई और बोगी से धुंआ निकालने लगा। आग बुझाने के लिए आरपीएफ का एक जवान बोगी में चढ़ गया और आग बुझाने लगा। आग बुझाने के दौरान अग्निशमन यंत्र ब्लास्ट कर गया, जिससे जवान को गंभीर चोटें आईं और उसका चेहरा झुलस गया। स्थानीय रेलवे पुलिस ने आनन-फानन में गंभीर रूप से जख्मी जवान को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

15 मई से पहले केजरीवाल के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर कर सकती है ईडी!

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

ईडी 15 मई से पहले सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर कर सकती है, जिसमें आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक ईडी यदि आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाती है तो यह पहली बार होगा जब किसी राजनीतिक दल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट में मुकदमा चलाया जाएगा। इससे आप के लिए बड़े संकट की शुरुआत हो सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि चार्जशीट को ड्राफ्ट किए जाने का काम फाइनल होने वाला है। यह भी बताया गया है कि पुराने चार्जशीट्स में आरोपी लगाए गए लोगों के अलावा इस बार 4-5 और नए नाम हो सकते हैं। अरविंद केजरीवाल और के कविता के अलावा सप्लीमेंट्री चार्जशीट में गोवा के राजनीतिक कार्यकर्ता चनप्रीत सिंह का भी नाम हो सकता है। सिंह को 15 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि वह गोवा विधानसभा चुनाव में उन्होंने आप की फंडिंग का प्रबंधन किया था। ईडी का दावा है कि घोटाले की रकम का इस्तेमाल गोवा में चुनाव प्रचार के लिए किया गया। ईडी का कहना है कि इसके दायरे में राजनीतिक दल समेत कोई भी संगठन आ सकता है। जानकारों का मानना है कि यदि आप को आरोपी बनाया जाता है तो यह पार्टी के लिए अब तक का सबसे बड़ा संकट होगा।

ममता सरकार को झटका, हाईकोर्ट ने रद्द की 24 हजार शिक्षकों की भर्ती

राष्ट्रीय मुख्यधारा। कोलकाता

ममता बनर्जी सरकार को कलकत्ता हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में झटका दिया है। हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग द्वारा की शिक्षक भर्ती को रद्द कर 2016 का पूरा जॉब पैनल रद्द कर दिया है और लगभग 24 हजार नौकरियां रद्द कर दीं। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपये की रिश्वत लेने तक की आरोप हैं। बता दें कि भर्ती घोटाले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और कई टीएमसी पदाधिकारियों के साथ ही राज्य शिक्षा विभाग के कई अधिकारी जेल की हवार खा चुके हैं। कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश के बाद ईडी और सीबीआई दोनों

इस कथित अनियमितताओं की जांच कर रही हैं। यह घोटाला 2014 का है। तब पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमिशन (एसएससी) ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। यह भर्ती प्रक्रिया 2016 में शुरू हुई थी। उस समय पार्थ चटर्जी शिक्षा मंत्री थे। इस मामले में कई शिकायतें कोलकाता हाईकोर्ट में दाखिल की गई थीं। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि जिन उम्मीदवारों के नंबर कम थे उन उम्मीदवारों को मेरिट लिस्ट में सबसे ऊपर स्थान दिया गया था। इनमें कुछ शिकायतें ऐसी भी थीं, जिनमें कहा गया था कि कुछ लोगों का मेरिट लिस्ट में नाम नहीं होने के बाद भी नौकरी दे दी गई। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि कुछ ऐसे भी उम्मीदवारों को नौकरी दी गई, जिन्होंने टीईटी परीक्षा भी पास नहीं की थी। जबकि शिक्षक भर्ती के लिए टीईटी की परीक्षा पास करना अनिवार्य है। इसी तरह से राज्य में 2016 में एसएससी द्वारा ग्रुप-डी की 13000 भर्ती के मामले में शिकायतें मिली थीं।

संक्षिप्त समाचार

सुप्रियो ने उलगुलान न्याय महारैली को बताया सफल, जताया आभार

रांची। जेएमएम के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने धुर्वा स्थित जगन्नाथ मैदान (प्रभात तारा) में आयोजित उलगुलान रैली को सफल बताया। उन्होंने इसके लिए इंडी गठबंधन के घटक दलों का आभार व्यक्त करते हुए जनता को धन्यवाद दिया। सुप्रियो भट्टाचार्य सोमवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सुप्रियो ने कहा कि प्रभात तारा मैदान में जनसैलाब यह बताता है कि अब देश में परिवर्तन की बयार बह रही है और लोग परिवर्तन चाहते हैं। भाजपा राज से जनता मुक्ति चाहती है। उलगुलान न्याय महारैली में अब स्पष्ट हो गया है कि झारखंड का मूड क्या है। हम लोगों ने महसूस किया कि जननेता हेमंत सोरेन के साथ हुए अन्याय को लेकर लोगों के अंदर आक्रोश है। भाजपा को समझ लेना चाहिए कि जनता क्या चाहती है और बयानवीर को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। सुप्रियो ने कहा कि मारपीट की जो घटना घटी वह अप्रत्याशित थी। हमें लगता है कि यह भाजपा की तरफ से प्रायोजित था। भाजपा ने हताशा और निराशा में ऐसा काम किया है। मारपीट की घटना टार्गेटेड थी, जो भाजपा का कर्मकांड है। महारैली में गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन की अनुपस्थिति पर सुप्रियो ने कहा कि गिरिडीह विधायक गांडेय में व्यस्त थे और बसंत सोरेन की तबीयत खराब हो गयी थी। इस कारण दोनों कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए।

अफसर अली की रिमांड अवधि 27 अप्रैल तक बढ़ी

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.46 एकड़ जमीन के फर्जीवाड़ा मामले में सोमवार को सात दिनों की रिमांड पूरी होने के बाद अफसर अली को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया। ईडी ने अफसर अली से पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए छह दिनों की और रिमांड देने का आग्रह किया, जिस पर कोर्ट ने 27 अप्रैल तक के लिए रिमांड प्रदान की है। ईडी ने अफसर अली को 8.46 एकड़ जमीन के फर्जीवाड़ा मामले में प्रोडक्शन रिमांड पर लिया था। मामले में अबतक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भानु प्रताप प्रसाद समेत पांच को चार्जशीटेड आरोपित बनाया गया है।

रांची में आईएनडीआईए की उलगुलान रैली में मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने दर्ज कराई प्राथमिकी

रांची। राजधानी के प्रभात तारा मैदान में रविवार को आईएनडीआईए की उलगुलान न्याय महारैली में हुई मारपीट मामले में सोमवार को दोनों पक्षों ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक पक्ष के चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई नंद गोपाल त्रिपाठी ने धुर्वा थाना में मारपीट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस प्राथमिकी में कहा गया है कि प्रभात तारा मैदान में दिन के 02:30 बजे चल रहे कार्यक्रम में काला बिल्ला लगाकर 23-25 लोग घुस गए और आईएनडीआईए का विरोध करने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। डंडे से उनके सिर पर हमला किया गया, जिसमें उनका सिर फट गया। इसमें प्रभु दयाल समेत 24 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इधर, दूसरे पक्ष ने भी मारपीट समेत अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्ष के आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि महारैली में गठबंधन के नेता जनता को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच भिड़ंत हो गई। दोनों दलों के कार्यकर्ता एक-दूसरे पर कुर्सी और डंडे आदि लेकर टूट पड़े। वहां मौजूद लोगों और सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव की कोशिश की लेकिन तब तक कुछ लोगों को चोट लग चुकी थी। इससे रैली में अफरा-तफरी मच गई। रैली में शामिल लोग भागने लगे। इस दौरान कई लोग जमीन पर गिर पड़े। इस मारपीट की घटना में चतरा से गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के भाई गोपाल त्रिपाठी का सिर फट गया।

पृथ्वी दिवस के अवसर पर संकल्पतरु का आयोजन, बच्चों ने लगाए पौधे

बोकारो । डीपीएस चास की प्राथमिक इकाई के छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी दिवस को उत्सव के रूप में मनाया। 'एक पेड़ लगाओ, एक उपहार दो।' की थीम पर आधारित 'संकल्प तरु कार्यक्रम' के तहत पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति बच्चों को जागरुक किया गया। छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व विशेष ध्यान दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों व शिक्षकों ने पौधे लगाए। बच्चों ने पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन और पर्यावरण संरक्षण संबंधी विभिन्न गतिविधियों में भी भाग लिया। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने तथा प्रकृति के साथ मिलकर एक स्वस्थ और समृद्ध समाज की दिशा में सक्रिय योगदान देने पर बल दिया। मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे एवं प्रधानाध्यापिका सुदेशना सिन्हा ने भी छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी।

बीजीएच में परिवार कल्याण दिवस मनाया गया

बोकारो । बोकारो जनरल हॉस्पिटल के स्त्री रोग और प्रसूति विभाग के परिसर में सोमवार को परिवार कल्याण दिवस का आयोजन डॉ वर्षा घाणेकर की देखरेख में किया गया। डॉ वर्षा ने कहा कि प्रत्येक माह के 21 तारीख को परिवार कल्याण दिवस का आयोजन किया जाए,गा जिससे कि अधिकाधिक लोग इस कार्यक्रम से लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम में परिवार नियोजन प्रभारी (बीजीएच) डॉ जया अग्रवाल के द्वारा परिवार नियोजन के सभी संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन स्त्री रोग और प्रसूति विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अनिमा केरकेट्टा ने किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं सुखमय जीवन के लिए प्रत्येक परिवार में परिवार नियोजन आवश्यक है, क्योंकि सीमित परिवार में महिलाएं और बच्चों का लालन -पालन करना आसान होता है और पूरा परिवार खुशहाल रहता है।

रैली के केंद्र में कल्पना सोरेन, मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन हुए किनारे : प्रतुल शाह देव

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने उलगुलान न्याय महारैली को परिवार तंत्र को मजबूत करने का जरिया बताया। उन्होंने कहा कि पूरी रैली के दौरान कल्पना सोरेन को केंद्र में रखकर अगले नेता के रूप में प्रोजेक्ट करने की कोशिश की गई। कल्पना सोरेन बिल्कुल केंद्र में बैठी रही जबकि मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को मंच पर उनके पद के हिसाब से उचित स्थान नहीं मिला। यह एक आदिवासी मुख्यमंत्री के अपमान के समान है। प्रतुल भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने की बात करने वाले इंडी गठबंधन के लोगों को बताना चाहिए कि 1975 में आपातकाल क्यों लगाया और 1976 में 42वें संशोधन के जरिए संविधान के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ करने की कोशिश क्यों की गई? प्रतुल ने कहा कि लोकतंत्र बचाने की बात कहने वाले लोगों की रैली में सहयोगी दल के सैकड़ों समर्थकों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। दर्जनों के सिर फट गए। कईयों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अब निराश-हताश झामुमो और कांग्रेस बीजेपी पर हंगामा का आरोप लगा रहीं है जबकि वीडियो फुटेज से स्पष्ट है कि कांग्रेस और राजद के नेता, कार्यकर्ता एक-दूसरे को पीट रहे थे। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि प्रभात तारा मैदान में रैली के एक दिन पूर्व बसंत सोरेन निरीक्षण करते नजर आए लेकिन रैली के दिन गायब रहे। मीडिया में यह खबरें फैलीं कि इस रैली से सिर्फ कल्पना सोरेन को प्रोजेक्ट करना था। सोरेन परिवार के किसी दूसरे सदस्य को नहीं बोलने देना था। संभवत इसी कारण से वह नहीं आए और झामुमो इस मुद्दे पर झूठ बोलती नजर आई। प्रतुल ने कहा कि जो कुछ भी रैली में हुआ वह परिवारवादी इंडी गठबंधन की सच्चाई को दर्शाता है।

विहिप हनुमान जन्मोत्सव पर राज्य के 32 हजार गांवों में विशेष आयोजन करेगा : चंद्रकांत रायपत

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि रामोत्सव के बाद 23 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा के दिन श्री हनुमान जन्मोत्सव विहिप के द्वारा राज्यभर के सभी गांवों में मनाया जायेगा। इस आयोजन में अन्य अभी वैचारिक संगठन भी अपने-अपने स्तर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी कर रहे हैं। इस वर्ष विशेष आयोजन की तैयारी पूरे प्रांत में की जा रही है। चंद्रकांत रायपत सोमवार को पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा कि प्रांत के लगभग 31,000 स्थानों पर मंदिर एवं घरों में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जायेगा। इसमें अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के अन्य लोग भी सम्मिलित होंगे। एकल अभियान से रेखा जैन ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव के दिन एकल अभियान के द्वारा सभी पर कार्यक्रम की तैयारी कर ली गई है। विद्या भारती के मनोज भारद्वाज ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे प्रांत में विद्या भारती स्कूलों में इसकी तैयारी की जा रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा।

संगठनात्मक मजबूती हमारी ताकत : सुदेश महतो

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि संगठनात्मक मजबूती हमारी ताकत है। राज्य के हर गांव में हमारी पहुंच है। इस पहुंच को और मजबूत व सुदृढ़ करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना है। पार्टी कार्यकर्ताओं को समर्पण भाव के साथ काम करते रहने की आवश्यकता है। यह साल हम सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण है। सुदेश कुमार महतो सोमवार को बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित तमाड़ विधानसभा स्तरीय प्रखंड एवं ग्राम प्रभारियों की बैठक में बोल रहे थे। मौके पर उपस्थित सभी प्रभारियों के साथ उन्होंने विभिन्न रणनीतियों और भावी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की। महतो ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देशहित में सोचने वाले एनडीए गठबंधन और अपने निजी स्वार्थ व हित के बारे में सोचने वाले इंडी गठबंधन के बीच है। एक तरफ हमारे पास नरेन्द्र मोदी जैसा प्रभावी चेहरा है तो दूसरी तरफ न कोई चेहरा है न कोई संकल्प है। इंडी गठबंधन का उद्देश्य देश का विकास नहीं, बल्कि जनता को भ्रमित कर मोदी और एनडीए को रोकना है। हमारा लक्ष्य राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भारी मतों से एनडीए की जीत सुनिश्चित करना है। इस लक्ष्य को पूरा करने में पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। महतो ने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए जिम्मेदारी को आप सभी पूरी निष्ठा के साथ निभाए। इन दस सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास,सबका प्रयास की अवधारणा के तहत सभी वर्गों के लिए कई जनकल्याणकारी कार्य हुए। पार्टी कार्यकर्ता इन सभी कार्यों और संकल्प पत्र में किए गए वादों को लेकर जनता के बीच जाएं। साथ ही क्षेत्र के वोटरों को बूथ तक लाने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है।

रांची के मुख्य चौक-चौराहों पर नगर निगम एक माह तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाए : झारखंड हाई कोर्ट

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने के पूर्व उनका पुनर्वास करने को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। कोर्ट ने मौखिक तौर पर रांची नगर निगम के अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव से जानना चाहा कि लालपुर में सड़क पर लगे सब्जी मार्केट के दुकानदारों को हटाने पर क्या कार्रवाई हुई है? इस पर रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि लालपुर में डिस्टलरी पुल के पास वेंडर मार्केट बना हुआ है। इसमें नॉनवेज (मीट) के दुकानदारों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट कर दिया गया है लेकिन सब्जी विक्रेताओं के लिए वेंडर मार्केट पूरी से तैयार नहीं हुआ है। इसमें करीब दो माह का समय लगेगा। लालपुर में 273 सब्जी विक्रेता हैं, जिनमें से करीब 110 सब्जी विक्रेताओं को ही वेंडर मार्केट बनने पर शिफ्ट किया जा सकेगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई मंगलवार निर्धारित की है। इस पर कोर्ट ने रांची नगर निगम से कहा कि ऐसी व्यवस्था रखें ताकि सभी सब्जी विक्रेता वेंडर मार्केट में शिफ्ट हो सकें, जिससे लालपुर में सड़क लोगों के चलने के लिए सुलभ रहे। कोर्ट ने रांची नगर निगम के अधिवक्ता से यह भी पूछा कि लालपुर में जिन स्थानों से मीट विक्रेताओं को हटा कर वेंडर मार्केट में शिफ्ट किया गया है उस खाली जगह को रांची नगर निगम ने कस्टडी में लिया है या नहीं? नगर निगम के अधिवक्ता से कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या आप संतुष्ट हैं कि वाकई में लालपुर से नॉनवेज बेचने वाले दुकानदार वेंडर मार्केट में शिफ्ट कर चुके हैं? कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची नगर निगम को लगातार एक माह तक मेन रोड, लालपुर चौक सहित मुख्य चौक चौराहों पर सड़क से अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान चलाने की जरूरत है। कोर्ट ने यह भी कहा कि कचहरी चौक के पास वेंडर मार्केट बन चुका है तो फिरायलाल चौक के आसपास फुटपाथ पर दुकान नहीं लगनी चाहिए लेकिन हकीकत यह है कि शाम होने के बाद से ही मेन रोड में सड़कों पर फुटपाथ विक्रेता दुकान लगा लेते हैं, जिससे जाम की समस्या प्रतिदिन होती है।

IHM रांची को टॉप होटल मैनेजमेंट अवार्ड

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

होटल प्रबंधन खानपान तकनीक एवं पोषण आहार संस्थान (आईएचएम) रांची को कंपटीशन सक्सेस रिव्यू के रैंकिंग सर्वे वर्ष 2024 के लिए "सीएसआर टॉप होटल मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया" अवार्ड से सम्मानित किया गया । साल 2024 के सीएसआर रैंकिंग के लिए संस्थान में छात्रों के प्रवेश प्रक्रिया, प्लेसमेंट की प्रतिशत, इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षकों के शिक्षण कौशल, प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक कार्यक्रम जैसी मानदंड सम्मिलित रहीं जिसमें देशभर के सभी 48 सरकारी होटल मैनेजमेंट संस्थानों में प्रथम चार में अपनी जगह बनाई है। । कंपटीशन सक्सेस रिव्यू द्वारा अवार्ड सेरेमनी दिनांक 21 अप्रैल 2024 को न्यू दिल्ली में आयोजित में किया गया, जिसमें आईएचएम रांची को सीएसआर अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस 2024 के कार्यक्रम के दौरान टॉप होटल प्रबंधन अवार्ड से सम्मानित किया गया ।

राज मिस्त्री सरबर अंसारी हत्याकांड का खुलासा, पांच गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

रांची के बेड़ो थाना पुलिस ने राज मिस्त्री सरबर अंसारी हत्याकांड मामले का खुलासा करते हुए पांच लोगों को पकड़ा है। इनमें पंचम उरांव, शंकर उरांव और महावीर उरांव शामिल है। जबकि मामले में दो नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। इनके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया बाइक बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 20 अप्रैल को मुबारक अंसारी रात आठ बजे फोन कर थाना में सूचना दिया था कि उसके छोटा भाई सरबर अंसारी जो राज मिस्त्री का काम करता है । वह शाम को अपने लेबर बिरसमुनी उराईन को पैसा देने के लिए चरिया गांव गया था, जो अभी तक घर नही आया है और उसका फोन भी बन्द है। सूचना के बाद पुलिस सरबर अंसारी को खोजबीन करने के लिए चरिया गांव पहुंची और काफी खोजबीन करने के बाद रात एक बजे सरबर अंसारी का शव खिरदा मोड़ के अन्दर बिजली के टावर के पास खेत से बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी बेड़ो अखिल नितिश कुजूर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक का पेशन प्रौ बाइक घटनास्थल से करीब 500 मीटर की दूरी पर खेत में बरामद किया गया । पूछताछ के दौरान सभी के जरिये अपना अपराध स्वीकार किया गया। ।

खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा के नामांकन में आएंगे राजनाथ सिंह

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

राज्य में पहले चरण का चुनाव 25 अप्रैल को है। यहां कुल चार चरणों में चुनाव होने हैं। इसके लिए सोमवार से भाजपा प्रत्याशियों ने नामांकन प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। सिंहभूम से वर्तमान सांसद गीता कोड़ा ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी रहे।

खूंटी सीट से अर्जुन मुंडा मंगलवार को नामांकन करेंगे। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह भी रहेंगे। पलामू और लोहरदगा से क्रमशः वीडी राम और समीर उरांव 24 अप्रैल को नामांकन करेंगे। वीडी राम के साथ केंद्रीय मंत्री वीके सिंह जबकि समीर के साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल भी रहेंगे। पटेल रांची आकर यहां से लोहरदगा जाएंगे। झारखंड में 13 मई से एक जून तक चार फेज में चुनाव होने हैं। पहले चरण में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा,और पलामू सीट के लिए चुनाव होने हैं। इसमें पलामू सीट एससी के लिए जबकि बाकी तीन सीट एसटी के लिए आरक्षित है। दूसरे चरण में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग सीट के लिए वोटिंग होगी।

तीसरे में गिरिडीह,धनबाद, रांची और जमशेदपुर में 25 मई को मतदान होगा। चौथे चरण में राजमहल (एसटी), दुमका (एसटी) और गोड्डा सीट के लिए एक जून को मतदान होगा।

सिंहभूम लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी जोबा माझी 23 को करेंगी नामांकन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन की साझा प्रत्याशी जोबा माझी 23 अप्रैल को जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। जोबा माझी को झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन ने सोमवार को सिंबल प्रदान किया। जोबा माझी के नामांकन में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, झामुमो की स्टार प्रचारक पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और राज्य के पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन साथ रहेंगे। नामांकन से पूर्व चाईबासा के खुटकट्टी मैदान में जनसभा आयोजित किया गया है, जिसे स्टार प्रचारकों के अलावा कोल्हान से पार्टी के विधायक, मंत्री समेत गठबंधन दलों के नेतागण संबोधित करेंगे। नामांकन कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में झामुमो समेत गठबंधन दलों के नेता, कार्यकर्ता और समर्थकों के भाग लेने की संभावना है। प्रत्याशी जोबा माझी चक्रधरपुर स्थित आवास में दिवंगत पति शहीद देवेंद्र माझी को श्रद्धांजलि अर्पित कर समर्थकों के साथ चाईबासा के लिए रवाना होंगी।

रिम्स में सुरक्षा में भारी चूक, कैदी हथकड़ी निकाल हुआ फरार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

रिम्स की सुरक्षा में एक बार फिर चूक का मामला सामने आया है। सुरक्षा में चूक की वजह से रिम्स के सर्जरी वार्ड से कैदी श्याम किशोर चौधरी (32) हाथ से हथकड़ी निकाल कर रविवार रात भाग निकला। आरोपित पलामू जिला के हरिहरगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसे 13 अप्रैल को डालटनगंज सदर अस्पताल से रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। कैदी ने कील निगल लिया था। इस कारण 13 अप्रैल को उसके पेट का ऑपरेशन हुआ था। बरियातू थाना प्रभारी सुरेश मंडल ने बताया कि कैदी के भागने को लेकर बरियातू पुलिस ने श्याम किशोर चौधरी की सुरक्षा में तैनात हवलदार शनिचरवा उरांव ओर जीतलाल महतो ने बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दोनों जवान पलामू जिला बल के हैं और दोनों ही कैदी को लेकर इलाज के लिए रिम्स पहुंचे थे। आरोपित भागकर वापस अपने गांव तो नहीं पहुंचा। इस पर निगरानी रखने के लिए रांची पुलिस ने पलामू जिला की पुलिस को अलर्ट कर दिया है। श्याम किशोर चौधरी को ऑपरेशन के बाद कैदी वार्ड से 16 अप्रैल को सर्जरी वार्ड में शिफ्ट किया गया था। इसके बाद से ही सर्जरी वार्ड में ही उसका इलाज चल रहा था। बरियातू पुलिस ने जब कैदी की सुरक्षा में तैनात दोनों जवानों से पूछताछ की, तब एक जवान शनिचरवा उरांव ने बताया कि वह लघुशंका के लिए गया था। जबकि जीतलाल महतो ने बताया कि पेट खराब होने की वजह से वह शौचालय जाने के बाद रिम्स दवाखाना दवा लाने गया था। इस तरह कैदी की सुरक्षा में तैनात जवान उसकी सुरक्षा में नहीं थे। इस कारण कैदी को मौका मिला और वह हाथ से हथकड़ी निकालकर भाग निकला।

गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का झारखंड कनेक्शन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके सहयोगियों का झारखंड कनेक्शन सामने आया है। यह कनेक्शन झारखंड के कुख्यात अपराधी अमन साहू के साथ है। इस बात का खुलासा एनआईए ने किया है। विभिन्न मामलों की जांच कर रही एनआईए ने पाया कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का अमन साहू के साथ संपर्क है। वह यहां अमन के साथ मिलकर गैंग चला रहा है। हालांकि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और कुख्यात अपराधी अमन साहू दोनों जेल में बंद हैं। इसके बाद भी ये एक-दूसरे के संपर्क में कैसे आए, इसका खुलासा अभी नहीं हो सका है। एनआईए इसकी भी जांच कर रही है। एनआईए इस बात को पता करने में जुटी है कि दोनों अपराधियों के बीच संपर्क कराने वाला सूत्रधार कौन है।

संक्षिप्त समाचार

गोमिया में भू-माफियाओं पर नकेल कसने की मांग

गोमिया (बोकारो)। इन दिनों गोमिया और इसके आसपास के इलाकों में भू- माफियाओं के प्रलोभन में आकर यहां के रैयत अपनी पूर्वजों की कडी मेहनत से अर्जित की गई खेतिहर जमीन लगातार गवां रहे हैं। इस संबंध में गोमिया के समाजसेवी रोहित यादव ने बताया कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही जमीन की खरीद फरोख्त मामले में बड़े भू- माफियाओं के साथ काफी संख्या में छोटे-छोटे जमीन के दलाल जुड़े हुए हैं। ये सभी क्षेत्र में घूम-घूमकर जमीन का डिटेल पता करते हैं। इसके बाद कुछ शरीफ जरूरतमंद, अशिक्षित और सीधे-सादे खतियानधारियों को विभिन्न प्रकार की षड्यंत्र के साथ दो तीन किश्त में प्रलोभन देकर उन्हें औने पौने दाम पर जमीन बेचने व लेने पर विवश करते हैं। यह सभी दलाल इस प्रकार की जमीन को बड़े भू माफियाओं के पास अपनी कमीशन की बात कर दूसरों के हिस्से की भी जमीन को लेने और बिकवाने का काम धड़ल्ले से कर रहे हैं। जबकि, सरकार द्वारा बैंकों में जरूरतमंद ग्रामीणों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लोन उपलब्ध कराया गया है। रैयत ग्रामीण अपनी जटिल समस्याओं का समाधान बैंकों से लोन लेकर भी कर सकते हैं। इसके बावजूद यहां के आदिवासी, मूलवासी ग्रामीण दलालों के षड्यंत्रकारी और प्रलोभनकारी चंगुल में फंसकर अपने पुरखों की जमीन गंवाकर भूमिहीन हो रहे हैं। समाजसेवी रोहित यादव ने पुलिस व प्रशासन से भू-माफियाओं पर नकेल कसने व आदिवासियों व मूलवासियों की जमीनों को सुरक्षित रखने की गुहार लगाई है।

संपूर्ण ब्राह्मण समाज की बैठक में चुनाव को ले हुई चर्चा

बोकारो। संपूर्ण विश्व शांति सेवा परिषद के तत्वावधान में संपूर्ण ब्राह्मण समाज के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। इसमें केंद्रीय महामंत्री डॉ अशोक कुमार पांडेय ने कहा कि अभी देश में चुनाव का महापर्व होने वाला है, जिसमें उन्होंने संपूर्ण समाज के सभी वर्गों को चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष हरेराम पांडे ने आगामी धनबाद लोकसभा क्षेत्र के संपूर्ण ब्राह्मण समाज के साढ़े तीन लाख वोटरों को चुनाव में शत-प्रतिशत हिस्सा लेने की अपील की। उपस्थित सदस्यों में मुख्य रूप से अधिवक्ता अनु मिश्रा, अभिनंदन कुमार मिश्रा, विभा देवी, शिवजी तिवारी, उमेश चंद्र दुबे पूजा झा आशा देवी, नवल किशोर शर्मा , अनूप चौबे,शशि भूषण पांडे महिला अध्यक्ष बिंदु तिवारी, सुधा पांडे, बसंती, रानी व अन्य शामिल रहे।

सीबीआई के नाम पर डराकर कर ली 40 हजार की ठगी

बोकारो थर्मल। बोकारो थर्मल गोविंदपुर डी पंचायत अंतर्गत वैशाखी कॉलोनी निवासी गणेश दूबे से सीबीआई द्वारा जांच के नाम पर डराकर साइबर ठगों ने 40 हजार रुपए ठग लिए। घटना के संबंध में गणेश दुबे ने बताया कि रविवार को उनके मोबाइल पर एक दूसरे नंबर-923147037233 से फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर बताते हुए कहा कि उनका बेटा आशीष दुबे जो कि सूरतकल में बीटेक की पढ़ाई कर रहा है, रेप की घटना में संलिप्त था और वह पकड़ा गया है। उसे मीडियावालों से अलग रखा गया है। वरीय पदाधिकारी से बात हुई है। यदि उसे अपने बेटा को मामले से बचाना है तो 40 हजार रुपये दिये गये नंबर पर ट्रांसफर करना होगा। गणेश दुबे फोन सुनकर काफी डिस्टर्ब हो गये और उसे 40 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया। रुपया ट्रांसफर करने के बाद उसने और एक लाख रुपए की मांग की। बाद में उन्होंने अपने बेटा को फोन किया तो उसका कहना था कि वह ट्रेन में है और बोकारो थर्मल घर लौट रहा है। बाद में गणेश दुबे को अहसास हुआ कि उसे साइबर ठगों ने 40 हजार रुपए का चूना लगा दिया है। उन्होंने थाने को मौखिक रूप से सूचना दी। ऐसा ही फोन डीवीसी सिविल भू-संपदा विभाग के ओएस ऐनुल अंसारी को भी सीबीआई बनकर फोन किया गया था और उनके बेटा को लेकर वही कहानी दुहराई गई थी। स्थानीय राम भंडार के मालिक रवि गुलाटी को भी कुछ दिनों पहले ऐसा ही फोन आया था।

तीसरे दिन डीवीसी के ऐश पौंड से छाई ट्रांसपोर्टिंग हो सकी शुरू

बोकारो थर्मल। बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के ऐश पौंड से रविवार से ही ठप ऐश ट्रांसपोर्टिंग का कार्य सोमवार को शाम छह बजे के बाद चालू कर दिया गया। इसके पूर्व सोमवार को भी सारा दिन छाई की ट्रांसपोर्टिंग ठप रही थी। पौंड से छाई की ट्रांसपोर्टिंग ठप रहने पर बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह ने बोकारो थर्मल थाना प्रभारी को ट्रांसपोर्टिंग चालू करवाने को लेकर निर्देश दिये। बेरमो सीओ के निर्देश पर थाना के अनि धनंजय कुमार सिंह जवानों के साथ ऐश पौंड ट्रांसपोर्टिंग आरंभ करवाने पहुंचे। पुलिस पदाधिकारी के पौंड पर पहुंचने की सूचना पाकर डीजीएम सिविल विश्व मोहन गोस्वामी, प्रबंधक सिविल राहुल उरांव भी पौंड पहुंचे, परंतु ट्रांसपोर्टिंग चालू नहीं की जा सकी थी। बाद में शाम छह बजे छाई ट्रांसपोर्टिंग आरंभ किया गया। मामले को लेकर डीजीएम सिविल से पूछा गया तो उनका कहना था कि मंत्री पुत्र अखिलेश महतो से प्रबंधन की वार्ता के बाद ही ट्रांसपोर्टिंग चालू किया जा सकेगा, जबकि जीएम ओएंडएम एस भट्टाचार्य ने कहा कि छाई ट्रांसपोर्टिंग का कार्य शाम से आरंभ कर दिया गया है। विदित हो कि शनिवार को डीवीसी के चेयरमैन एस सुरेश कुमार, मेंबर टेक्निकल एम रघुराम के ऐश पौंड से निरीक्षण करके लौटते ही झामुमो के कुछ युवकों ने चार सूत्री मांगों को लेकर ऐश पौंड से छाई ट्रांसपोर्टिंग का कार्य ठप कर दिया था। रविवार को डीवीसी सिविल के इंजीनियरों के द्वारा छाई ट्रांसपोर्टिंग का कार्य आरंभ करवाया गया, परंतु फिर से झामुमो ऊपरघाट के कुछ युवकों ने आकर छाई ट्रांसपोर्टिंग का कार्य ठप करवाते हुए डीवीसी के इंजीनियरों एवं अधिकारियों से कहा कि वे मंत्री बेबी देवी के पुत्र अखिलेश महतो उर्फ़ राजू महतो से कुछ मांगों को लेकर पहले बात करें तब ही पौंड से छाई उठाने का कार्य आरंभ किया जा सकेगा।

वरमाला के बाद वधू ने विवाह से किया इंकार, दूल्हा समेत बैरंग लौटी बारात

बोकारो थर्मल। बोकारो थर्मल स्थित गोविंदपुर एफ पंचायत में वरमाला के बाद दुल्हन द्वारा विवाह से इंकार कर दिये जाने के बाद बिना दुल्हन लिए दूल्हे एवं बारात को बैरंग लौट जाना पड़ा। बारात पक्ष एवं दूल्हा सहित पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि एवं पंसस प्रतिनिधि द्वारा काफी मान मनौव्वल के बाद भी दुल्हन ने अपने इरादे नहीं बदले। इस संबंध में बताया जाता है कि अंबेडकर निवासी एक व्यक्ति की दो पुत्रियों का विवाह रविवार की रात्रि एक साथ होना था। विवाह के लिए एक का धनबाद बरवाअड्डा तथा दूसरी का टंडवा से बारात आया था। गाजे बाजे के साथ दोनों ही बारात के पक्ष के लोग एवं दूल्हा लड़की के घर पहुंचे। दोनों ही दुल्हन का वरमाला किया गया तथा सभी बारातियों ने खाना भी खाया। बाद में विवाह के लिए जब दोनों को बुलाया गया तो धनबाद से आये हुए दुल्हा के साथ दुल्हन ने विवाह करने से इंकार कर दिया। लड़की के परिजनों सहित अन्य लोगों द्वारा समझाने बुझाने पर दुल्हन का कहना था कि दूल्हा सामान्य नहीं लग रहा था। टंडवा से आई दूल्हा के साथ दूसरी दुल्हन का विवाह संपन्न हुआ और सोमवार की सुबह दूल्हा एवं बारात दुल्हन लेकर विदा हो गये, जबकि धनबाद से आयी बारात पक्ष के लोग एवं दूल्हा सोमवार की सुबह तक दुल्हन का मान मनौव्वल में लगे रहे। बाद में मामले की जानकारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दीपक रजक एवं पंसस प्रतिनिधि बिरसा रजक को दी गई। दोनों प्रतिनिधियों ने भी दुल्हन को समझाने का प्रयास किया, लेकिन दुल्हन मानने को तैयार नहीं हुई। मामले को सलटाने को लेकर वर पक्ष के लोग स्थानीय थाना भी गये, परंतु वहां से भी उन्हें कोई मदद नहीं मिली। अंत में दुल्हा एवं बारात पक्ष के लोग बिना दुल्हन लिए बैरंग धनबाद लौट जाने को मजबूर हो गए।

अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, हत्या की आशंका

बोकारो। बोकारो पुलिस ने क्षत-विक्षत स्थिति में सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव सेक्टर-5 पेट्रोल पंप के पीछे जंगल-झाड़ियों से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सेक्टर 4 थाना के थाना प्रभारी आरएन राणा के अनुसार, शव देखने से प्रतीत होता है कि उसकी हत्या कुछ दिन पूर्व की गई होगी एवं शव को यहां छुपा दिया गया होगा।उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप के समीप गैरेज के पीछे जंगल में शव फेंके जाने की सूचना मिली थी, जिसका सत्यापन करने पर जंगल से शव मिला। पुलिस अब मामले की तहकीकात में जुट गई है।

डीपीएस बोकारो में जागरुकतापरक गतिविधियों के साथ अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया गया

विद्यार्थियों ने लिया प्लास्टिक-मुक्त हरी-भरी धरा बनाने का संकल्प

धरती मां की रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व व धर्म : प्राचार्य डॉ. गंगवार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

संपूर्ण जीव-जगत को अपनी गोद में शरण देने वाली धरती मां के प्रति कृतज्ञता अर्पित करने तथा इसकी रक्षा के संकल्प के साथ सोमवार को डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) बोकारो में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्राइमरी व सीनियर, दोनों ही इकाइयों में विद्यार्थियों ने इस वर्ष की विषयवस्तु (थीम) प्लैनेट वर्सेस प्लास्टिक पर आधारित विभिन्न जागरुकतापरक गतिविधियों में भाग लिया और पृथ्वी की रक्षा का संदेश दिया। यह श्रृंखला प्राइमरी इकाई में धरती माता को समर्पित गीत-संगीत की प्रस्तुतियों से शुरू हुई। इस क्रम में कक्षा एक की छात्रा शान्वी श्रीनिधि ने धरा की महत्ता बताती अपनी प्रस्तुति से सभी को मोहित कर दिया। इसके पश्चात कक्षा चार एवं पांच के बच्चों

ने नुक्कड़ नाटक दिखाकर पृथ्वी की रक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अधिकाधिक पौधे लगाने तथा पानी एवं बिजली की बचत करने का संदेश दिया गया। अंत में बच्चों ने प्रकृति के संरक्षण की शपथ ली। इसके पूर्व, विद्यार्थियों ने नारा-लेखन, काव्य-पाठ, पोस्टर व कलाकृति-निर्माण तथा आकर्षक चित्रांकन के माध्यम से पृथ्वी की रक्षा पर बल दिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने इस दौरान बच्चों के साथ स्वयं भी पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पृथ्वी है, तो हम हैं। इसकी रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व और धर्म है। इस वर्ष की थीम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी का लक्ष्य प्लास्टिक पर निर्भरता को कम करना और पृथ्वी को प्लास्टिक-मुक्त बनाना होना चाहिए। इस दिशा में हमें लगातार ठोस कदम उठाने होंगे। इसके लिए उन्होंने बच्चों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। सीनियर इकाई में भी विद्यार्थियों ने पौधारोपण, पेंटिंग, शपथ-ग्रहण एवं अन्य गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन से तैयार की गई आकर्षक कलाकृति अपने प्राचार्य को भेंट की। प्राचार्य ने भी बच्चों को पौधे भेंट करते हुए पृथ्वी की रक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शिक्षकों और विद्यार्थियों सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने 12वीं कक्षा के छात्र अर्जित अनुकूल द्वारा खास तौर से डिजाइन किए गए बैज पहने। विद्यालय के सभी कर्मियों ने दिनभर यह बैज लगाकर काम किया। उल्लेखनीय है कि प्रकृति के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस (अर्थ डे) मनाया जाता है। 22 अप्रैल, 1970 में आधुनिक पर्यावरण आंदोलन के जन्म की सालगिरह का यह प्रतीक माना जाता है।

साहित्य अर्पण संस्था की आमंत्रण काव्य गोष्ठी आयोजित

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

साहित्य अर्पण अंतरराष्ट्रीय मंच की बोकारो इकाई की आमंत्रण काव्य गोष्ठी सोमवार को बोकारो शहर के सेक्टर 4 में आयोजित की गई। इसमें शहर के कई चर्चित साहित्यकारों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार तथा साहित्यिक पत्रिका अन्नता की प्रधान संपादक स्मिता ने की। इस अवसर पर साहित्यकार अमृता शर्मा, कल्पना केसर, अनीता किरण, पूर्णिमा सुमन, चांदनी कुमारी वर्मा, रजत नाथ एवं गंगेश पाठक ने अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं स्मिता ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया। अपने संबोधन में अध्यक्ष ने बताया कि इस संगठन का अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय दुबई में है और चर्चित साहित्यकार नेहा शर्मा इसकी संस्थापक अध्यक्ष हैं। झारखंड राज्य इकाई अध्यक्ष आरती श्रीवास्तव सचिव शीलू मेघा इस इस मंच को समृद्ध करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभा रही हैं। सोमवार को इस आमंत्रण काव्य गोष्ठी के साथ बोकारो इकाई का गठन भी किया गया। उन्होंने बताया कि यह संस्था अध्यक्ष स्मिता एवं रजत नाथ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

गांव के एक घर से मिली 300 लीटर अवैध विदेशी शराब, मामला दर्ज

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर अवैध शराब व्यापार के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त उत्पाद को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर निरीक्षक उत्पाद सदर के पर्यवेक्षण में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम एवं प्रतिनियुक्ति गृहरक्षकों के द्वारा सोमवार को चतरोचट्टी थाना अन्तर्गत चिंद्री गांव में जागो साव, छोटन साव,राजेंद्र साव के घर पर छापेमारी की गई। विधिवत तलाशी के क्रम में घर से भारी मात्रा में विदेशी शराब, खाली बोतल, लेबल एवं ढ़क्कन बरामद हुआ। मौके से टीम ने विदेशी शराब 298 लीटर, खाली बोतल 1500 पीस, ढ़क्कन 1100 पीस एवं लेबल 500 पीस को जब्त किया है। इस बावत संबंधित अभियुक्तों जागो साव, छोटन साव, राजेंद्र साव के विरुद्ध उत्पाद

अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी, प्रतिनियुक्त गृहरक्षक आदि शामिल थे। गौरतलब है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 एवं रामनवमी पर्व को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण व बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

घर से बिना बताए निकले बच्चे का कोई सुराग नहीं

बोकारो थर्मल। बोकारो थर्मल गोविंदपुर एफ पंचायत अंतर्गत राजा बाजार निवासी मोतीलाल साव का 14 वर्षीय पुत्र तथा डीएवी कथारा कक्षा नवम का छात्र अमित कुमार सोमवार की सुबह पांच बजे अपने घर से निकलकर कहीं चला गया। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिलने पर परिजनों ने स्थानीय थाना को सूचित कर दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मोतीलाल साव का पुत्र रविवार को अपने घर में बनारस जाकर गुरुकुल में पढ़ाई करने की बात कर रहा था और उसने मोबाइल में ट्रेन को लेकर इंक्वायरी भी की थी। सोमवार को अहले सुबह पांच बजे वह गेरुआ रंग का एक गमछा पहनकर, एक शरीर पर लपेटकर और एक सिर में बांधकर घर से निकल गया। मोती के घर के समीप लगे एक सीसीटीवी कैमरे में उसके कपड़े पहनकर जाने की रिकॉर्डिंग के बाद परिजन हरकत में आये, परंतु खबर लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है।

बोकारो में चुनाव को ले ईवीएम-वीवीपैट का पहला रेंडमाइजेशन कल

स्थायी समिति की बैठक में डीसी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताए आयोग के दिशा-निर्देश

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र, निष्पक्ष,पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने स्टैंडिंग कमेटी (स्थायी समिति) की बैठक की। बैठक में कमेटी के सदस्यों समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए जारी दिशा-निर्देश से अवगत कराया। इस दौरान

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 06 गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान कर्मियों की डिस्पैच सेंटर (रवानगी केंद्र) एवं ईवीएम की रिसीविंग सेंटर (प्राप्ति केंद्र)/काउंटिंग सेंटर (मतगणना केंद्र) चिन्हित भवन/परिसर की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सामग्री-ईवीएम को साथ लेकर मतदान कर्मियों की रवानगी को ले डिस्पैच सेंटर के लिए बीएस सिटी के सेक्टर 08 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल को निर्धारित किया गया है। वहीं, मतदान के बाद ईवीएम के रिसिविंग सेंटर/काउंटिंग सेंटर के लिए आईटीआई मोड़,बाजार समिति को निर्धारित किया गया है। बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन में इस्तेमाल होने वाले ईवीएम-वीवीपैट का पहला रेंडमाइजेशन आगामी 24 अप्रैल अपराह्न 03 बजे से होगा। उक्त तिथि व समय को प्रथम रेंडमाइजेशन के समय तथा वज्रगृह को खोलने एवं बंदकर सील करने के समय उन सबों की उपस्थिति अनिवार्य है। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार,सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो अशोक कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, ईवीएम कोषांग के नोडल मो. शफीक आलम, ईवीएम कोषांग के पीयूष, मीडिया कोषांग के अविनाश कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों (झारखंड मुक्ति मोर्चा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, आजसू आदि) के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जीवन की रक्षा करने वाले फरिश्ते के समान हैं रक्तदाता : चंदन

महावीर जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर भारतीय रेडक्रॉस ब्लड बैंक सोसाइटी के सहयोग से सोमवार को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जैन मिलन परिसर में आयोजित इस शिविर में 21 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि रक्तदान समाज एवं मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है। कार्यक्रम के संयोजक चंदन बांठिया ने कहा कि जरूरतमंद को अपना रक्त देकर उसका जीवन बचाना ईश्वर की आराधना के समान है और जो रक्त देते हैं, वे जीवन की रक्षा करनेवाले फरिश्ते के समान हैं। जैन मिलन के सचिव आलोक कुमार जैन ने कहा कि सामाजिक दायित्व के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आलोक ने कहा है कि जैन धर्म के अनुयायी मानव सेवा एवं कल्याणकारी कार्य आगे भी करते रहेंगे। आलोक ने बताया कि रक्तदान

शिविर में महिलाओं की भागीदारी काफी संख्या में रही और उन्होंने बढ़-चढ़कर रक्तदान शिविर में योगदान दिया। रक्तदाताओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर शिविर की चिकित्सीय निगरानी कर रहे रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. यू. मोहंती ने कहा कि इंसानियत के लिए रक्तदान बेहद आवश्यक है। डॉ मोहंती ने कहा कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में सब की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए समाज में जागरूकता लाना बेहद आवश्यक है। विनय बैद ने बताया कि जैन समाज के कार्यकर्ता वर्ष भर थैलेसीमिया के मरीजों को रक्त उपलब्ध कराते रहते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनय बैद, अंकित जैन, सिद्धार्थ चोरड़िया, अंकित चोपड़ा,अमृत लोढ़ा,डॉ आकाश जैन, विकास जैन सहित रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

प्लास्टिक प्रदूषण बना वैश्विक संकट : डॉ. प्रभाकर

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

बेरमो के जारंगडीह स्थित केबी कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस पर एनएसएस व आईक्यूएसी की ओर से सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर एनएसएस इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर कुमार ने कहा कि पृथ्वी दिवस हमें पर्यावरणीय मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने का अवसर प्रदान करता है। प्लास्टिक प्रदूषण विश्व में बड़ी समस्या बनता जा रहा है। यह वैश्विक संकट बन गया है। इसका मानव स्वास्थ्य पर गंभीर असर हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने प्लास्टिक की जगह कपड़े के थैले प्रयोग में लाने की अपील की। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. गोपाल प्रजापति ने कहा कि वैश्विक ताप वृद्धि, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, जनसंख्या विस्फोट जैसी कई बड़ी समस्याएं हमारे समक्ष खड़ी हैं। सेमिनार में प्लास्टिक मुक्त भारत निर्माण का संकल्प लिया गया, साथ ही बच्चों ने इस मुद्दे पर पेंटिंग बनाकर भी लोगों को जागरूक किया। मौके पर आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ अरुण कुमार रॉय, डॉ मधुरा केरकेट्टा, डॉ आरपीपी सिंह, वर्षा कुमारी, दिव्या कुमारी शर्मा, गुलबशा परवीन, प्रियंका कुमारी, नीलू कुमारी, छूलेशर यादव, अभय कुमार डे आदि मौजूद रहे।

स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती आज बताएंगी हनुमान की महिमा

बोकारो। चिन्मय मिशन बोकारो सहित देशभर में 23 अप्रैल को भगवान हनुमान की जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती के सानिध्य में यहां शाम 06 से 08 बजे के बीच श्री हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी। स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती पवनपुत्र हनुमान लला की पूजा-अर्चना करेंगी उनके मार्गदर्शन में सभी श्रद्धालु के द्वारा 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया जायेगा। साथ ही श्रीराम भक्त शिरोमणि हनुमानजी के 108 नामों का उच्चारण पूरे विधि से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हनुमानजी की साधना-आराधना का अर्थ है प्रभु श्रीराम की भी आराधना। हनुमानजी की आराधना से, बल, बुद्धि, विद्या और विनम्रता बढ़ती है। चिन्मय मिशन के अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय एवं सचिव हरिहर राउत ने सभी से इस अनुष्ठान में उपस्थित होकर पुण्य का भागी बनने की अपील की है।

बोकारो कुटुंब न्यायालय के नवपदस्थापित जज ने पदभार संभाला

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

बोकारो फैमिली कोर्ट के नवपदस्थापित जज प्रथम अरविंद कुमार ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। अरविंद कुमार 2002 बैच के न्यायिक पदाधिकारी हैं। प्रधान जिला जज में इनकी पदोन्नति 28 मार्च 2022 को हुई थी। वह बिहार के सासाराम के रहने वाले हैं। इससे पहले वह गढ़वा, धनबाद, हजारीबाग, रांची, लोहरदगा, साहिबगंज, राजमहल, चतरा, गिरिडीह, देवघर में न्यायिक पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके पिता अशोक बिहारी सिंह पेशे से वकील हैं। पदभार ग्रहण

करने के पश्चात बोकारो कोर्ट में अरविंद कुमार का इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स की ओर से नेशनल काउंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। अधिवक्ता वंशिका सहाय, संजीत सिंह, दीपिका सिंह, हसनैन आलम, फटिक चंद्र सिंह, रंजन कुमार मिश्रा, निखिल डे, इंद्रनील चटर्जी, कमल कुमार सिन्हा, सुनील चांडक ने भी फैमिली कोर्ट के नए जज को शुभकामनाएं दी।

पृथ्वी बचाओ संकल्प सभा का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

पृथ्वी दिवस के अवसर पर बोकारो के पर्यावरण-मित्र वाटिका में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा आयोजित पृथ्वी बचाओ संकल्प सभा आयोजित की गई। मौके पर संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने कहा कि वनों की अंधाधुंध कटाई, पहाड़ों की होर ही लगातार तुड़ाई और नदियों का अतिक्रमण एवं प्रदूषित करने के कारण पर्यावरण न सिर्फ असंतुलित हो रहा है, बल्कि पृथ्वी पर भी बढ़ते अनेक संकटों का यह कारण हो गया है।

पर्यावरणीय संकट पृथ्वी पर

असमय बदलते मौसम और ग्लोबल वार्मिंग का कारण बन रहा है। अगर हमें पृथ्वी को सुरक्षित रखना है तो पर्यावरण को सुरक्षित रखना होगा, जिसके लिए प्रकृति की सुरक्षा अत्यंत जरूरी है, तभी हमारा जीवन भी सुरक्षित रहेगा।

उपस्थित सभी लोगों ने इस अवसर पर पृथ्वी की रक्षा का संकल्प लिया। मौके पर रघुवर प्रसाद, मृणाल चौबे, लक्ष्मण शर्मा, बबलू पांडेय, वीरेंद्र चौबे, ललित कुमार, मनीष झा, मिथिलेश शर्मा, अभय कुमार गोलू, विनोद साह, मुहम्मद अनवर, सफीरुल हक सहित कई पर्यावरण रक्षक मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरियसि : देवेश कुमार

डुमरी। पृथ्वी दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षाविद देवेश कुमार ने कहा कि जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरियसि अर्थात माता और जन्मभूमि को शास्त्रों में स्वर्ग से भी ऊंचा स्थान दिया गया है।पृथ्वी हमारी जन्मभूमि है और भारतीय संस्कृति में इसे माता का दर्जा प्राप्त है। धरती माता को भारतीय संस्कृति के अनुरुप सम्मान देने और मातृ ऋण को चुकाने के लिए हम पूरे धरती-वासी 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाते हैं।पर्यावरणीय दृष्टिकोण से पृथ्वी को स्वस्थ रखने के संकल्प का दिन है,लोगों में जागरुकता फैलाने का दिन है पृथ्वी दिवस। 1970 में सेन फ्रांसिस्को में पहली बार युनेस्को ने 21 मार्च को शरद ऋतु की बेला में पृथ्वी दिवस मनाने का निर्णय लिया, जो बाद में प्रति वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाने लगा। 2025 में हम पृथ्वी दिवस की 55वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।पृथ्वी हमारी माता के समान है,यह हमें अपने सभी प्राकृतिक संसाधनों के साथ हमारा पालन-पोषण एक मां की भांति करती है।हमारा कर्तव्य है कि हम इन संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग कर पृथ्वी के अस्तित्व को सुनिश्चित करें और मानव जाति के अस्तित्व की निरंतरता को बनिऐ रखें।

वर्ष 1980 में कोडरमा से दोबारा सांसद चुने गए थे रीतलाल वर्मा

कोडरमा। साल 1977 में कोडरमा संसदीय क्षेत्र का गठन होने और रीतलाल प्रसाद वर्मा के सांसद बनने के बाद 1980 में मध्यावधि चुनाव हुआ। जनता पार्टी की सरकार के गिरने और देश में हुए मध्यावधि चुनाव के बाद केंद्र में फिर से कांग्रेस की सरकार बनी लेकिन कोडरमा से रीतलाल मध्यावधि चुनाव में भी जनता पार्टी के टिकट पर दोबारा चुन लिए गए। रीतलाल ने कांग्रेस पार्टी के ही प्रत्याशी जावेद वारसी को लगभग 23000 मतों के अंदर से हराया था। चुनाव में कुल 9 उम्मीदवार खड़े थे, जिनमें रीतलाल प्रसाद वर्मा को 108236, कांग्रेस (आई) के जावेद वारसी को 85870, कांग्रेस (यू) से शंकर दयाल सिंह को 31375, निर्दलीय खड़गधारी सिंह को 23072, लक्ष्मीकांत शाह को 5953, गिरजानंद प्रसाद सिंह को 4605, गणपत राय 2608, अरुण राय को 2246 और सूर्य नारायण राम को 2124 मत मिले थे। उस समय कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 679406 थी, जिसमें 274331 मतदाताओं ने चुनाव में हिस्सा लिया था, जो 40.38 प्रतिशत था। चुनाव में कुल वैध मतों की संख्या 266089 थी। इसमें रीतलाल प्रसाद वर्मा को 40.68 और जावेद वारसी को 32.27 प्रतिशत जबकि शंकर दयाल सिंह को 11.79 प्रतिशत मत मिले थे।

सिंहभूम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने दाखिल किया नामांकन पत्र

पश्चिमी सिंहभूम। सिंहभूम लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार गीता कोड़ा ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। गीता कोड़ा ने अपराह्न 01:40 बजे जिला निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष परचा दाखिल किया। इससे पहले गांधी मैदान से खूंटकटी तक रैली निकाली गई। नामांकन के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी मौजूद रहे।

शक्तिपुंज एक्सप्रेस का एसी हुआ फेल, परेशान रहे यात्री

रामगढ़। भीषण गर्मी में शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन की एक बोगी का एसी फेल हो गया। बोगी में बैठे यात्रियों की हालत खराब हो गई। यह ट्रेन बरकाकाना जंक्शन पर पहुंची तो यात्री बोगी से उतरकर बाहर निकल गए। वहां अफरा-तफरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। कुछ लोग रेलवे कर्मचारियों को कोस रहे थे तो कुछ लोग टेक्नीशियन की हरकतों से परेशान दिखे। यात्रियों ने @ रेलमदद पर ट्वीट भी किया। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर 01:10 बजे शक्तिपुंज एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 11448 हावड़ा से जबलपुर के लिए रवाना हुई। इस दौरान एसी कोच बी-3 के एसी काम नहीं कर रहा था। पहले तो लेकर टीटीई से शिकायत की गई। कोई हल नहीं निकला तो यात्री दीपायन मुखर्जी ने @ रेलमदद को ट्वीट करते हुए शिकायत दर्ज कराई। 'रेलवेसेवा' ने त्वरित संज्ञान लिया। रेफरेंस नंबर 2024042109772 के तहत शिकायत पर संबंधित अधिकारियों और विभागों को निर्देशित किया गया। ट्रेन शाम 08:55 बजे बजे बरकाकाना पहुंची, जहां कोच के यात्री काफी परेशान दिखे। हावड़ा से बरकाकाना पहुंचे दीपायन मुखर्जी ने कहा कि सफर के दौरान टेक्नीशियन की टीम ने एसी ठीक करने का प्रयास किया लेकिन गड़बड़ी ठीक नहीं हो सकी। हावड़ा से गढ़वा जा रहे कृष्णा प्रसाद ने कहा कि ट्रेन परिचालन से पूर्व तकनीकी खराबियों को दूर कर लेना चाहिए था, जिससे सवारियों को परेशानी उठानी न पड़े। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक कोच में एसी चालू था लेकिन ठीक तरीके से कूलिंग नहीं हो पा रही थी।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

रांची। भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को हेलीपैड का भाड़ा को अलग-अलग जिले के अलग-अलग दर पर लेने के खिलाफ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मिलकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, प्रदेश कार्य समिति गुरविंदर सिंह शेट्टी, न्यायिक मामले के उप प्रमुख प्रकाश झा शामिल थे। राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार या नामांकन में जाने के लिए प्रशासन से हेलीपैड किराये पर लेते हैं, गुमला में जब भाजपा की टीम अपने नेताओं के लिए हेलीपैड भाड़ा पर लेने प्रशासन के पास गयी तो प्रशासन ने 53400 जमा करने का तुगलकी फरमान जारी किया। अभी झारखंड में कहीं भी 53400 भाड़ा नहीं है। सब खर्च मिलाकर लगभग 10000 भाड़ा है। गुमला प्रशासन की मनमानी को चुनाव आयोग ने गंभीरता से लेकर तत्काल सभी उपायुक्त को पत्र लिख कर सभी हेलीपैड का दर सूची चुनाव आयोग द्वारा मंगाया गया है। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा की जिस प्रकार आज हर मोड़ पर प्रशासन अपना रंग दिखा रहा है उससे ये लग रहा है की स्थानीय प्रशासन अब चुनाव आयोग का नियम कानून को नहीं मानने का मूड बना चुके हैं। बिना चुनाव आयोग के निर्देश पर हाल ही में पलामू में शिवाजी मैदान के लिए जबरदस्ती प्रशासन द्वारा भाजपा से 92000 जमा कराया था।

माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया लोकसभा चुनाव का प्रशिक्षण

खूंटी। लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के निमित प्रशिक्षण कोषांग, खूंटी द्वारा सोमवार को बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में 54 माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप ने उनके कार्य एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कोषांग के मास्टर ट्रेनरों ने मतदान की सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराया। पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन की प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति एवं पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन प्रबंधन योजना, भेद्यता मानचित्रण, मतदान दल और मतदान दिवस की व्यवस्था, मतदान केंद्र आदि से संबंधित प्रशिक्षण उपलब्ध दिया गया।

पोस्टल बैलेट से मतदान की दी गई जानकारी

खूंटी। लोकसभा चुनाव 2024 अन्तर्गत पोस्टल बैलेट कोषांग के अब्सेंटी वोटर्स एसेंसियल सर्विस कैटेगरी के मतदाताओं से संबंधित वीडियो का अवलोकन तथा घोषणा पत्र से संबंधित बैठक का सोमवार को आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त ने की। लोकसभा आम निर्वाचन में आवश्यक सेवा में लगे अनुपस्थित मतदाता (अब्सेंटी वोटर्स) को डाक मतपत्र (पोस्टल बैलट) द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर विशिष्ट बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान आवश्यक सेवाओं से जुड़े पुलिस, कारा, रेलवे, मीडिया, बिजली, बीएसएनएल, डाक, स्वास्थ्य एवं अग्निशमन सेवाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

चिकित्सा प्रभारी ने बच्चों संग मनाया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बड़कागांव

प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित संचालित विद्यालय बी एम मेमोरियल स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। साथ ही स्वच्छ रहने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बड़कागांव के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने बच्चों के संघ दवा खाना किया। मौके पर ड्रॉ अविनाश कुमार ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की महत्वता पर जोर डालते हुये बताया कि 1 साल से 19 साल तक के बच्चों को पेट कीड़े की दवा जरूर खानी चाहिए। अधिकांश बच्चों में पेट से संबंधित अधिक बीमारियों का खतरा होता है। जिस वजह से बच्चों में खून की कमी, कुपोषण, मितली, उल्टी व दस्त होना तथा वजन में कमी होना जैसे दुष्प्रभाव होते है क्योंकि ज्यादातर बच्चे बाहर खेलते समय कब किस चीज को हाथ लगाते हैं। उनको पता ही नही होता है। उन्हीं गंदे हाथों से घर की सारी चीजों को छूना, बिना हाथ पैर धोकर कुछ भी खा लेना, बिना ढका हुआ पानी पीना इन्हीं सब लापरवाही की वजह से बच्चों के पेट में बीमारियों होती हैं। जो कभी-कभी घातक भी साबित हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए 1 साल से 19 साल तक के बच्चों को साल में दों बार एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाती है। जिससे बच्चों में होने इन सब समस्याओं से बचाया जा सके। साथ ही उन्होंने सभी लोगों से अपील किया कि एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर कार्यक्रम को सफल बनाए। उन्होंने बताया कि जो बच्चे आज किसी कारणवश एल्बेंडाजोल की दवा नहीं खा पाई है। उन्हें अगले दिन खिलाई जाएगी। मौके पर विद्यालय के उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा ने एल्बेंडाजोल टेबलेट खाने से होने वाले फायदे के बारे में बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं स्कूल में लगभग 700 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई।बच्चे भी गोली खाने के लिए उत्सुक दिखे। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से चिकित्सा प्रभारी डॉ अविनाश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी नवीन कुमार, बीएम मेमोरियल स्कूल के उप निदेशक पिंटू कुशवाहा, प्राचार्य कैलाश कुमार, उप प्राचार्य पूनम कुमारी, सहित दीदी सीसम देवी, अंबारी खातून, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

डुमरी पुलिस ने छापामारी कर कई किलो जावा महुआ बरामद किया

राष्ट्रीय मुख्यधारा। डुमरी

डुमरी पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के कल्हाबार गांव के एक महुआ शराब भट्ठी पर छापेमारी कर कई किलो जावा महुआ और शराब बरामद किया। पुलिस की छापेमारी से पहले भट्ठी संचालक फरार हो गया। इस संबंध में बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर महुआ शराब भट्ठी का संचालन किया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी प्रिनन के नेतृत्व में पुलिस बल उक्त भट्ठी में छापेमारी कर लगभग एक क्विंटल जावा महुआ और 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया। पुलिस ने मौके पर ही बरामद जावा महुआ,महुआ शराब सहित भटठी को नष्ट कर दिया गया।

पारसनाथ महाविद्यालय में प्लास्टिक मुक्त जागरूकता का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। डुमरी

पारसनाथ महाविद्यालय इसरीबाजार में सोमवार को प्लास्टिक मुक्त भारत विषय पर जागरूकता संगोष्ठी सह क्युज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।संचालन एनएसएस पदाधिकारी डॉ शशि भूषण ने किया। उन्होंने प्लास्टिक से पृथ्वी पर होने वाले नुकसान को विस्तार से बतलाया.कहा कि मनुष्य जिस रफ्तार से प्लास्टिक का उपयोग कर रहा है वह धरती के लिए और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा है.अधिक पेड़ पौधे लगाकर पृथ्वी पर ग्लोबल वार्मिंग से बचा जा सकता है वहीं प्राचार्य मनोज कुमार मिश्रा ने कहा कि व्यक्ति जब बाजार जाए साथ में एक थैला लेकर चले और सामग्री को उस थैला में लेकर घर वापस आए,आज कोई भी सामान प्लास्टिक में लेकर जहां-तहां फेंक देते हैं जो पानी के बह कर नदी नालों के माध्यम से जलाशयों में जाता है जिससे वह ना सड़ता है और ना ही गलता है जबकि मिट्टी में दबने से मिट्टी में पानी का रिसाव कम कर देता है और बहुत लंबे समय तक वह जल के रिसाव को धरती से बंद कर देता है जो धरती के लिए नुकसानदेह है इसलिए हमें जितना भी प्लास्टिक है उसे डिस्ट्रॉय कर देना चाहिए नहीं तो वही प्लास्टिक को पशु भोजन के रूप में ले लेते हैं और उसके पेट में जाकर वह खतरनाक बीमारी पैदा करता है और समय रहते पशु काल के गाल में समा जाते हैं कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने भी अपना विचार रखा, इस दौरान क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में यशवंत सिन्हा, योगेश प्रसाद, मौलाना इसरायल, कुबेर प्रसाद, मोहम्मद आसीफ, मेघलाल महतो, डेगनारायण महतो आदि उपस्थित थे।

बौद्धिक विकास और पौष्टिक आहार के साथ सिखाया जाएगा गुड टच-बैड टच

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रामगढ़

अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच और चेतना शाखा ने संयुक्त रूप से एक नई पहल शुरू की है। सामाजिक संगठनों के द्वारा रामगढ़ के ब्रिगेडियर पुरी पार्क में पांच दिवसीय कैंप लगाया गया है। इस कैंप में पहले ही दिन सोमवार को बच्चों को उनके स्वास्थ्य की पूरी जानकारी दी गई । सबसे हम विषय बौद्धिक और सामाजिक विकास का है। लेकिन इसमें पौष्टिक आहार को भी शामिल किया गया है। सामाजिक कुंठाओं से बच्चों को बचाने के लिए गुड टच और बेड टच की जानकारी भी दी जाएगी। संस्था के मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने बताया कि पांच दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। बच्चों का बौद्धिक और समाजिक विकास हो, साथ ही साथ उनका पौष्टिक आहार के साथ खेल कूद मनोरंजन भी हो सके।

जानिए पांच दिनों में क्या-क्या सीखेंगे बच्चे- संस्था के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल एवं अन्नू खंडेलवाल, ने बताया कि बच्चो को नियमित ब्रश करने एवं इसके तरीके, गुड टच-बैड बैड टच की जानकारी, पढाई के साथ – साथ जीवन में खेल-कूद का महत्व, जंक फ़ूड के बदले पौष्टिक आहार खाना, खुद को सफाई के साथ रखना के तरीके सिखाए जाएंगे। इसके अलावा बच्चो को स्थानीय जू, पार्क इत्यादि का भ्रमण करवाया जाएगा।

सोशल मीडिया, ध्यान और योग पर भी है जोर- मारवाड़ी युवा मंच बच्चों को वर्तमान समय में तनाव से बचने के लिए सोशल मीडिया के प्रयोग, ध्यान और योग के बारे में भी जानकारी देगी। ताकि बच्चे अपने शारीरिक पोषण के साथ-साथ अपनी शारीरिक गतिविधि और मानसिक स्वास्थ्य का भी ख्याल रख सके।

जमशेदपुर के पूर्व जज आरपी रवि पर फायरिंग करने के आरोप से अखिलेश सिंह बरी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। जमशेदपुर

एडीजे-4 आनंद मणि त्रिपाठी की कोर्ट ने सोमवार को जमशेदपुर कोर्ट के पूर्व जज आरपी रवि पर फायरिंग के केस में दुमका जेल बंद में जमशेदपुर के गैंगस्टर अखिलेश सिंह को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। केस में अनुसंधान पदाधिकारी समेत कुल 22 लोगों की गवाही हुई थी लेकिन अखिलेश सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 307, 120 बी, आर्म्स की धारा साबित नहीं हो सकी। इस केस में आरोपित बंटी जायसवाल, रितेश राय, मनोरंजन सिंह उर्फ लल्लू सिंह के खिलाफ अलग से सुनवाई चल रही है। कोर्ट में बचाव पक्ष की ओर अधिवक्ता प्रकाश झा, अधिवक्ता विद्या सिंह ने पक्ष रखा जबकि आरोपित गैंगस्टर अखिलेश सिंह वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से जुड़ा था। उल्लेखनीय है कि 19 मार्च, 2008 को साकची थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्पाद कार्यालय के समीप जमशेदपुर कोर्ट के पूर्व जज आरपी रवि पर गैंगस्टर अखिलेश सिंह के गुर्गों ने फायरिंग की थी। गोली उनकी छाती, पैर, कान के पास में लगी थी। बताया जा रहा है कि साकची जेल के तत्कालीन जेलर उमाशंकर पांडेय हत्याकांड में तत्कालीन जज आरपी रवि ने गैंगस्टर अखिलेश सिंह को उम्रकैद की सजा सुनायी थी। इस फैसले से नाराज गैंगस्टर अखिलेश सिंह ने जज से बदला लेने के नीयत से फायरिंग करवाई थी।

आनेवाली सदी भारत की होनी चाहिए: अर्जुन मुंडा

राष्ट्रीय मुख्यधारा। खूंटी

खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आने वाली सदी भारत की होनी चाहिए। इसके लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है और यह तभी संभव है जब आप लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देंगे। अर्जुन मुंडा सोमवार को कर्रा प्रखंड के लापा और उड़ीकेल गांव में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। मुंडा ने कहा कि 60 वर्षों तक देश में शासन करने वालों ने गांवों के विकास को अवरुद्ध करके रखा। उन्होंने कहा कि विकास के लिए हमें परंपरा और परिवर्तन को साथ लेकर चलना होगा। विकसित भारत के लिए हमें विकास मं गतिशीलता लानी होगी। एक ओर हम ऑर्गेनिक फूड की बात करते हैं और गोबर से दूर होते जा रह हैं। विकास के लिए समयबद्ध काम होना चाहिए। घड़ी के बंद होने से समय नहीं रुकता। राज्य सरकार पर हमला करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि भुईहरी की जमीन को हड़पने वाले न आदिवासियों का विकास करेंगे और न उनकी रक्षा। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जमीन को दलालों को देने के लिए ही इस सरकार ने सीएनटी एक्ट में बदलाव का भी प्रयास किया। तत्कालीन मंत्री मथुरा महतो के पास सीएनटी में संशोधन वाली फाइल अब भी पड़ी है। मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने आदिवासियों खासकर खूंटी को काफी सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू कोई प्रधानमंत्री नहीं गया था। द्रौपदी मुर्मू पहली राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने उलिहातू जाकर धरती आबा को नमन किया। मुंडा ने लोगों का आह्वान किया कि 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी कोई भाजपा के पक्ष में वोट देकर नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग करें। भाजपा नेता ब्रजेंद्र हमेरोम ने अतिथियों का स्वागत किया। उड़ीकेल गांव में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान गांव के ही नेत्रहीन मांदर वादक सूरदास मुंडा की प्रतिभा से अर्जुन मुंडा काफी प्रभावित नजर आये। उन्होंने सूरदास से हाथ मिलाया और कुछ दूर उसका हाथ पकड़कर साथ लेते गये। इस मौके पर शिवशंकर मिश्रा, दिलीप शर्मा, तोरपा विधानसभा प्रभारी अरुण चंद्र गुप्ता, विष्णु सोनी, राजेन मुंडा, जिला परिषद सदस्य जोरोंग आईंद, मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह, सुधीर सिंह, मोहनलाल पाठक, अश्विनी शर्मा, बिट्टू शर्मा, मनोज मिश्रा, जगरनाथ साहू, कृष्णा हेमरोम, महादेव गोप, रावण गोप, महावीर गोप, सीमा देवी, प्रीति देवी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

लातेहार में शराबी युवक ने अपने ही परिवार के तीन लोगों की कर दी हत्या

राष्ट्रीय मुख्यधारा। लातेहार

जिले के गारू थाना क्षेत्र के डबरी में एक सिरफिरे युवक रंजन उरांव ने अपने ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कुल्हाड़ी से मारकर कर दी । घटना रविवार रात की है। मृतकों में आरोपित का पिता सूरज उरांव (65)भाभी अनुपमा देवी (35) तथा एक अन्य रिश्तेदार मंसूरिया देवी (32) शामिल है। आरोपित रंजन उरांव ने अपने चचेरे भाई अमलेश उरांव और अपनी पत्नी हीरामणि देवी को भी कुल्हाड़ी से मारकर घायल कर दिया है। जानकारी के अनुसार आरोपित रंजन उरांव रविवार की रात शराब के नशे में घर आया था। किसी बात को लेकर अपने पिता से विवाद हो गया तो सबसे पहले उसने कुल्हाड़ी से अपने पिता की हत्या कर दी। इसके बाद रंजन ने अपने चचेरी भाभी अनुपमा देवी और एक अन्य रिश्तेदार मंसूरिया देवी को भी कुल्हाड़ी से काट डाला।

आरोपित ने अनुपमा देवी का तो सर ही धड़ से अलग कर दिया, जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं आरोपित ने अपना चचेरे भाई और पत्नी पर भी जानलेवा हमला किया। लेकिन दोनों किसी प्रकार बच गए। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद रात में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची थी।

सोमवार को पुलिस ने तीनों मृतकों के शव को कब्जे में ले लिया। इस संबंध में लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। मृतकों को के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। डबरी गांव काफी सुदूरवर्ती गांव है। यहां मोबाइल का नेटवर्क भी काम नहीं करता है। इस कारण घटना की जानकारी घटना की जानकारी रात में लोगों को नहीं हो सकी थी। सोमवार को जब घटना की जानकारी लोगों को हुई तो पूरे गांव में कोहराम मच गया।

भीषण गर्मी में आसमान में छाए बादल, मिली राहत

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रामगढ़

पिछले कुछ दिनों से जिले का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से पार था। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी की वजह से लोगों का जीना मुहाल हो गया था। सुबह आठ बजे के बाद ही तीखी धूप लोगों को घरों में ही दुबका देती थी। पूरे दिन लू के थपेड़े आम जनजीवन को प्रभावित कर रहे थे। लेकिन सोमवार को रामगढ़ की पूरी फिज़ा बदली बदली सी थी । आसमान में काले बादल छा गए और ठंडी हवाओं ने लोगों को इस भीषण गर्मी में राहत दी । हालांकि किसी भी इलाके में बारिश होने की सूचना तो नहीं है, लेकिन ठंडी हवाओं और धूप से मिली राहत आम जनजीवन को पटरी पर लाने के लिए काफी था। लोग पूरे दिन सड़क पर निकले, दोपहर के बाद पार्क और मॉल में भी लोगों की आवाजाही लगी रही। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार यह राहत भी बहुत ज्यादा दिन नहीं रहने वाली। पारा एक बार फिर 42 डिग्री सेल्सियस के पार होने की संभावना है। 24 घंटे बाद एक बार फिर तीखी धूप लोगों को सताएगी। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों को गर्मी से बचने की सलाह दी गई है। बाहर निकलने वाले लोगों को अपने साथ तौलिया या गमछा रखने, लगातार पानी पीने और खाली पेट ना रहने की सलाह दी गई है, ताकि वे लू से बचे रहे।

संक्षिप्त समाचार

आमझर में कलशयात्रा के साथ तीन दिवसीय मारूतिनंदन महायज्ञ प्रारंभ

धनबाद/बलियापुर, एजेंसी। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रविवार को आमझर में तीन दिवसीय मारुतिनंदन महायज्ञ प्रारंभ हुआ। मौके पर जलभरनी के बाद बिरजु तालाब से गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। आसपास के टोला-मुहल्लों का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा आमझर बरजंरगली मंदिर पहुंची। आसपास का माहौल जय बजरंगबली के जयकारा से गुंज रहा था। पंडित सोनु कश्यप, विधायक पत्नी तारा देवी, हलधर मोदक, शैलेन मंडल, सुनील मंडल, सचिन मंडल, समीर मंडल, भागीरथ प्रमाणिक, चंदन प्रमाणिक, पप्पु मंडल, संदीप मंडल, राहुल मंडल, बलराम प्रमाणिक, तापस दास, बैद्यनाथ कालिंदी, वरुण मल्लिक, गंगाधर बाउरी आदि मौके पर थे। प्रसाद वितरण हुआ।

गया होकर टाटानगर से पटना मार्ग में चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

जमशेदपुर, एजेंसी। टाटानगर पटना समर स्पेशल ट्रेन बिहार के गया, गोमो होकर चलेगी ताकि पुरुषोत्तम, नीलांचल और राजधानी एक्सप्रेस में सीट नहीं मिलने से लोग समर स्पेशल में यात्रा कर सकें। टाटानगर पटना समर स्पेशल ट्रेन का दक्षिण पूर्व रेलवे जोन संसोधित परिचालन शेड्यूल जारी किया है जबकि टाटानगर से वाराणसी समर स्पेशल ट्रेन भी गया होकर अपडाउन करेगी। रेलवे के अनुसार टाटानगर पटना के बीच में 27 अप्रैल से 29 जून तक समर स्पेशल ट्रेन 18 फेरा लगाएगी। वहीं, टाटानगर से वाराणसी समर स्पेशल ट्रेन 25 अप्रैल से 28 जून तक चलेगी। इधर, यात्रियों की भीड़ के कारण दुर्ग से पटना के लिए समर स्पेशल ट्रेन का आदेश हुआ है, जो राउरकेला से हटिया रांची होकर चलेगी। रेलवे जोन हावड़ा, संतरागाछी, शालीमार व खड़गपुर स्टेशन से भी टाटानगर होकर समर स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी में है।

दलमा में राज्य का पहला 3 डी म्यूजियम बनेगा पर्यटक करीब से जंगल व जानवरों को देख सकेंगे

जमशेदपुर, एजेंसी। दलमा अभयारण्य के जंगल और जानवरों को पर्यटक 3डी टेक्निक से भी देख सकेंगे। मकुलाकोचा में वन विभाग इको टूरिज्म योजना के तहत 3डी म्यूजियम का निर्माण करा रहा है। इसके लिए मुंबई से मशीनें मंगाई गई हैं। गुजरात के अहमदाबाद के इंजीनियर माह के अंत तक म्यूजियम का निर्माण पूरा करेंगे। जून में इसे पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। म्यूजियम में प्रवेश के लिए शुल्क भी लगेगा।निर्माण पूरा होने के बाद विभाग इसका शुल्क निर्धारित करेगा। यह झारखंड के किसी भी वाइल्ड लाइफ सेंचुरी का पहला 3डी म्यूजियम होगा। म्यूजियम में इंटरएक्टिव फ्लिप बुक (डिजीटल) भी होगा। यह प्रोजेक्टर से जुड़ा रहेगा। बुक के पन्ने पलटने पर इसमें दलमा जंगल से जुड़ी जानकारी व तस्वीरें दिखेंगी। इंटरएक्टिव फ्लिप बुक एक कॉम्पैक्ट बुक की तरह है। इसमें तस्वीरों की एक शृंखला रहेगी। यहां 3डी मैप भी लगाया जाएगा।

झरिया में दिगंबर जैन समाज ने मनाया महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

धनबाद/झरिया, एजेंसी। झरिया पोद्दारपाड़ा स्थित दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को धूमधाम से महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत पाना देवी जैन ने मंगलाचरण गा कर किया। अजीत जैन, मनीष जैन, अनिल जैन ने सामूहिक भगवान महावीर का कलशाभिषेक किया। इसके बाद प्रभात फेरी निकाली गई। जो पोद्दार पाड़ा, चिल्ड्रेन पार्क, धर्मशाला रोड़, चार नम्बर मोड़, बस स्टैण्ड, फुलारीबाग होते हुए पुन- मंदिर परिसर पहुंचा। जहां पर सामूहिक रूप से विधिवत पूजन किया गया।लोगों ने बारी बारी से बाल भगवान महावीर को पालना झुलाया। अभी अभी सोया है ललना.., धीरे धीर झुलाओ पलना.., महावीर झूले पलना.., नक हौले झोटा दिजो..., आज तो बधाई राजा सिद्धार्थ दरबार जी.., त्रिशला देवी बेटी जायो, जायो महावीर कुमार जी.. आदि जैसे भजनों से लोग भावविभोर हो गए। इसके बाद मंदिर के शिखर पर नया ध्वजारोहण किया गया। मौके पर महेश जैन, विकाश जैन, हीरा जैन, सोनिया जैन, रेखा जैन, विमला जैन, रिंकी जैन, नीलम जैन, महक, राशि, वंशिका, मानवी, कनिष्का सहित काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

पश्चिमी सिंहभूम में भीषण सड़क दुर्घटना, ट्रक ने तीन को कुचला; मौके पर हुई मौत

हाटगम्हरिया, एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम जिले के हाटगम्हरिया-जैंतगढ़ मुख्य मार्ग पर कुईड़ा जंगल नर्सरी के पास रविवार की देर शाम एक ट्रक की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों में 32 वर्षीय समीर लागुरी, 35 वर्षीय लक्ष्मण बिरुवा व 32 वर्षीय शत्रुघ्न पुरती शामिल हैं। समीर की साल भर पहले ही शादी हुई है। तीनों व्यक्ति हाटगम्हरिया थाना अंतर्गत कुईड़ा गांव के रहने वाले थे। रविवार को तीनों एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर जलडीहा बाजार आये हुए थे।शाम को तीनों जलडीहा बाजार से अपने गांव कुईड़ा लौट रहे थे। मोटरसाइकिल शत्रुघ्न चला रहा था। इसी क्रम में शाम को करीब 6.30 बजे तीनों जैसे ही हाटगम्हरिया-जैंतगढ़ मार्ग अंतर्गत कुईड़ा जंगल नर्सरी के पास पहुंचे तभी लौह अयस्क लेने चाईबासा की ओर से ओडिशा के बड़बिल जा रहे ट्रक ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

झारखंड में बढ़ रहा हीट वेव का खतरा बहरागोड़ा में पारा पहुंचा 46 के पार

रांची, एजेंसी। झारखंड राज्य के दक्षिणी हिस्सों में आज बारिश के आसार हैं। आज मौसम विभाग ने किसी तरह का अलर्ट जारी नहीं किया है लेकिन गर्म हवा को लेकर 23 अप्रैल को यलो अलर्ट जारी कर सतर्क रहने की अपील की है।

राज्य के कई हिस्सों में हीट वेव का खतरा बढ़ रहा है। इस बढ़ते खतरे से लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है। आज मौसम में थोड़ी राहत मिल सकती है। कुछ इलाकों में बारिश के आसार हैं तो तापमान में थोड़ी गिरावट आ सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कुछ हिस्सों में तापमान में थोड़ी गिरावट आ सकती है। तापमान में 2 से 3 डिग्री गिरावट आने के आसार हैं, लेकिन अगले कुछ दिनों में ही तापमान बढ़ने लगेगा। आज राज्य के दक्षिणी भाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग ने 23 अप्रैल और 25 अप्रैल को लेकर अलर्ट जारी किया है। इस दिन राज्य के कई हिस्सों में हीट वेव का खतरा है। 25 अप्रैल को कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला में हीट वेव का खतरा है। इन इलाकों मे तापमान में बढ़त आई है। 25 अप्रैल तक राज्य में अधिकतम तापमान की स्थिति 39 डिग्री सेल्सियस रहेगा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

राज्य में पिछले 24 घंटे के तापमान पर नजर डालें तो राज्य में मौसम शुष्क रहा है। राज्य में सबसे अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस बहरागोड़ा में दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस रहा है। राज्य के जिन जिलों में हीट वेव का सबसे अधिक खतरा बढ़ा है उनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, सराइकेला के कई इलाके शामिल हैं।

पिछले 24 घंटे में राज्य के कई हिस्सों में तापमान में बढ़त दर्ज की गई है। राज्य में सबसे अधिक तापमान में बढ़त चाईबासा में दर्ज की गई है यहां अधिकतम तापमान में 5.2 डिग्री सेल्सियस की बढ़त आई है। इसके बाद बोकारो थर्मल में 4.7 डिग्री सेल्सियस की बढ़त आई है। इसी तरह रांची में 3.5, जमशेदपुर में 4.5डाल्टेनगंज 3.7। राज्य के इन हिस्सों में न्यूनतम तापमान में भी बढ़त दर्ज की गई है।

झारखंड में जानलेवा हुई लू, खराब मौसम से महिला की मौत

जमशेदपुर, एजेंसी। झारखंड में चल रही लू अब जानलेवा हो गई है। जमशेदपुर में लू से 45 साल की एक महिला की मौत हो गई। धालभूमगढ़ रेलवे स्टेशन की बेंच पर गिरी महिला का शव आरपीएफ ने बरामद किया। शव की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है। इधर, राज्य के 12 जिलों में रविवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री के पार रिकॉर्ड हुआ। 46 डिग्री पारा के साथ बहरोगाड़ा सबसे गर्म रहा, जबकि जमशेदपुर में पारा 44.2 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार और मंगलवार को मौसम बदलेगा। बारिश के आसार हैं।

राजधानी रांची में सोमवार को भी दोपहर से पहले गर्मी आम लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है। लेकिन, दोपहर बाद मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, दोपहर बाद बादल छाएंगे। गरज के साथ रांची और आसपास के क्षेत्रों समेत राज्य के दक्षिणी भाग में बारिश भी हो सकती है। इससे तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट दर्ज हो सकती है। मौसम विभाग ने अधिकतम तापमान 37 डिग्री तक रहने की संभावना व्यक्त की है। राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को भी कहीं-कहीं हल्की बारिश होने का अनुमान है।रविवार को रांची का तापमान 39.4 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि मेदिनीनगर का तापमान 42.4 डिग्री दर्ज किया गया। विभाग के मुताबिक पूरे राज्य में तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक चल रहा है।

शादी से लौट रही महिलाओं से करने लगे अश्लील हरकत, विरोध करने पर पत्थर से हमला

नवादा, एजेंसी। झारखंड के गावां प्रखंड के भेलवा में कुछ मनचलों की दबंगई सामने आई है। यहां एक शादी समारोह से लौट रहे परिवार को बीच सड़क पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। मनचलों ने ऑटो पर सवार महिलाओं और बच्चियों के ऊपर जमकर पत्थर और ईंट बरसाए हैं। इस घटना में 3 महिलाएं गंभीर रूप से जख्मी हैं। जिसमें एक महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिसे बेहतर इलाज के लिए परिजन नवादा ले गए हैं। घटना के समय एक आर्मी के जवान ने मानवता का परिचय देते हुए सभी घायलों की जान बचाई व अस्पताल पहुंचाया।

नवादा जिला स्थित अकबरपुर प्रखंड के एक गांव से एक परिवार के लोग विवाह समारोह में भाग लेने बिरनी थाना क्षेत्र के बरमसिया गये थे। शनिवार को विवाह कार्य संपन्न होने के बाद पटना-बल्हारा पथ के द्वारा ऑटो से लौट रहे थे। बादीडीह गांव के पास दो बाइक पर सवार तीन युवक ऑटो पर बैठी महिलाओं व युवतियों के साथ अश्लील हरकते करने लगे। बार-बार वे ऑटो को ओवरटेक करके वाहन पर सवार युवतियों व महिलाओं पर कंकड़ आदि फेंकने लगे।

वाहन पर बैठी महिलाएं व एक युवक ने जब युवकों की इस हरकत का विरोध किया तो तीनों युवक अपने अन्य तीन चार साथियों को बुला लिए व भेलवा गांव के पास वाहन में सवार महिलाओं व युवतियों पर ईंट पत्थर से हमला बोल दिया। हमले में तीन महिलाएं जख्मी हो गई है। एक महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया। परिजन महिला को लेकर नवादा अस्पताल गये हैं। वाहन पर सवार महिलाओं ने कहा कि युवकों के हाथ में रॉड, बीयर की बोतल आदि भी थे। वे आगे बढ़ने ही नहीं दे रहे थे।बाद में वहां एक महिला व एक युवक ने उनकी जान बचाई। घटना की सूचना पर गावां थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस को देखते ही सभी युवक बाइक छोड़कर फरार हो गये। पुलिस ने घटनास्थल से दो बाइक को जब्त किया है। ग्रामीणों ने कहा कि उक्त पथ में बादीडीह के आगे जंगलों की आड़ में कुछ युवकों के द्वारा लगातार इस प्रकार से हरकत किये जाने की शिकायत मिलती रहती है।

प्रचंड गर्मी में हर आधे घंटे पर ट्रिप कर रही बिजली, लोग परेशान

धनबाद, एजेंसी। तेज धूप और प्रचंड गर्मी से लोग परेशान हैं। वहीं बिजली कटौती ने भी परेशानी बढ़ा दी है। हर आधे घंटे पर बिजली ट्रिप कर रही है। रविवार को पूरे दिन यह सिलसिला जारी रहा। इस कारण छुट्टी के दिन लोग घर में भी चैन से नहीं बैठ पाए। पर्याप्त बिजली नहीं मिलने के कारण घरों के इंवर्टर तक चार्ज नहीं हो रहे हैं। बिजली नहीं रहने से एसी, पंखा व कूलर बेकार हो गए। बिजली विभाग के अधिकारियों की मानें तो ओवरलोड के कारण बार-बार बिजली कट रही है।

बिजली विभाग के अनुसार शहर में आमतौर पर 180 से 190 मेगावाट बिजली की आपूर्ति हो रही है। गर्मी के कारण मांग अचानक बढ़कर 280 मेगावाट के आसपास हो गई है। अधिक मांग और कम आपूर्ति के कारण बिजली आपूर्ति के उपकरण गर्म हो रहे हैं, जिससे वे स्वतन्बंद हो रहे हैं और लोगों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर दो बजे से शाम सात बजे के बीच लोड सबसे अधिक बढ़ रहा है। अधिक लोड के कारण सभी पावर सब-स्टेशन से बिजली ट्रिप कर रही है।

ट्रिपिंग के साथ बिजली विभाग लोडशेडिंग भी कर रहा है, जिससे बिजली की समस्या और गहरा गई है। तर्क दिया जा रहा है कि क्षमता से अधिक लोड के कारण उपकरण गर्म हो रहे हैं। इनके जलने का खतरा बना हुआ है। इन उपकरणों को बचाने के लिए लोडशेडिंग करनी पड़ रही है। यदि बिजली नहीं काटी जाएगी तो उपकरण जल जाएंगे।

पेट में रक्तस्राव से हुई पंकज त्रिपाठी के बहनोई की मौत, सिर में भी चोट

रांची, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी के बहनोई राजेश तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी की पेट में अधिक रक्तस्राव के कारण मौत हुई थी। निरसा बाजार के पास सड़क दुर्घटना में कार चला रहे राजेश के सिर में भी चोट लगी थी और उनके बाएं जांघ की हड्डी टूट गई थी। देर रात हुए पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसे लेकर परिजन रविवार की सुबह कोलकाता चले गए।

बता दें कि पंकज त्रिपाठी के बहनोई राजेश तिवारी और सविता तिवारी शनिवार को गोपालगंज स्थित अपने गांव कमालपुर से पश्चिम बंगाल के चित्तरंजन जा रहे थे। इस दौरान शाम चार बजे तेज रफ्तार कार निरसा बाजार चौक से पहले डिवाइडर से टकरा गई थी। राजेश खुद कार चला रहे थे। दुर्घटना के बाद दोनों को धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं सविता त्रिपाठी को बेहतर इलाज के लिए कोलकाता रेफर कर दिया गया।

प्रशासन के निर्देश पर रात में ही मेडिकल बोर्ड ने राजेश तिवारी के शव का पोस्टमार्टम किया। दंडाधिकारी डॉ रवींद्र नाथ ठाकुर की मौजूदगी में किए गए पोस्टमार्टम में एफएमटी

के डॉ अभिनव कुमार, मेडिसिन के डॉ एजे अंसारी, एनाटॉमी के डॉ मकरध्वज प्रसाद, सर्जरी के डॉ संजय चौधरी और पैथोलॉजी के डॉ गणेश कुमार शामिल थे। रात 12 बजे शुरू हुआ पोस्टमार्टम रात 2.30 बजे तक चला।

डॉक्टरों की मानें तो दुर्घटना में राजेश के पेट में गहरी चोट लगी थी, जिससे अंदर में काफी रक्तस्राव हुआ, जिससे उनकी मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि डिवाइडर से टक्कर के कारण कार की स्टेयरिंग ड्राइविंग सीट पर बैठे राजेश के पेट में लगी। इस चोट से पेट के अंदर काफी रक्तस्राव हुआ, जिससे उनकी मौत हो गई। इसके अलावा सिर में भी चोट लगने के निशान मिले हैं। बाएं जांघ की हड्डी टूटी हुई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन रविवार की सुबह आठ बजे शव लेकर कोलकाता चले गए, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

पंकज त्रिपाठी के बहनोई की निरसा में सड़क हादसे में शनिवार को मौत हो गई। पंकज त्रिपाठी पर गिरे इस दुख के पहाड़ पर पूरा बॉलीवुड शोक में डूबा है। जिस पंकज तिवारी को धनबाद की कहानी ने बॉलीवुड में पहचान दिलाई, आज उसी धनबाद में उन्हें जीवन का बड़ा दर्द मिला।

2004 में बॉलीवुड में कदम रखने वाले पंकज त्रिपाठी को असली पहचान 2013 में आई फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से मिली। फिल्म में उन्होंने सुल्तान कुरैशी का किरदार निभाया था। यह वही फिल्म थी जिसके बाद बॉलीवुड में उन्हें पहचान मिली और उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। फिल्म में पंकज त्रिपाठी का एक डायलॉग काफी हिट हुआ था, जब वे पुलिसवालों से कहते हैं कि यह वासेपुर है, यहां कबूतर भी एक पंख से उड़ता है और एक से अपनी इज्जत बचाता है। गैंग्स ऑफ वासेपुर की शूटिंग धनबाद के कई हिस्सों में हुई थी, लेकिन पंकज त्रिपाठी यहां नहीं पहुंचे थे। उनके हिस्से की शूटिंग यूपी के बनारस में हुई थी। फिल्म के बाद पंकज ने फिल्म गुंडे, सिंघम, दिलवाले, मिर्जापुर में अपनी एक्टिंग से अलग पहचान बनाई।

हमने हक मांगा तो जेल में डाल दिए गए, पत्नी कल्पना ने पढ़ा जेल से हेमंत सोरेन का पत्र

रांची, एजेंसी। आज रांची में इंडिया गठबंधन की महारैली आयोजित की गई जिसमें कुल 14 राजनीतिक दलों के दिग्गज नेताओं ने शिरकत की। इस दौरान झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने रैली को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन का पत्र पढ़कर सुनाया। इसी के साथ उन्होंने कार्यकर्ताओं से इंकलाब जिंदाबाद का नारा भी लगवाया।

हेमंत सोरेन ने अपने पत्र में लिखा, 2024 का चुनाव चल रहा है। आज देश विषम परिस्थिति में है। 2014 से केंद्र में भाजपा की सरकार हैं। गैर भाजपा राज्यों को परेशान किया जा रहा है। आपको बंदी पत्र के माध्यम से संदेश देना पड़ रहा हैं। झारखंड के लोग

गरीब हैं, राज्य गरीब नहीं है। हम हक मांगते हैं तो जेल में डाल दिया जाता है। केंद्र सरकार ने पूरे देश को ठगा है। पत्र में आगे कहा गया, परिसीमन के दौरान आदिवासी सीट घट जाती। शिबू सोरेन ने जब आवाज उठाई तब भाजपा को पीछे हटना पड़ा। इस बार भी चुनाव के बाद परिसीमन होना है। आदिवासी प्रतिनिधित्व घटेगा। उन्होंने कहा, भाजपा विपक्ष शासित राज्यों में सरकारें गिराने का काम कर रही है लेकिन हम लोकतंत्र को विफल नहीं होने देंगे। बता दें, रांची में 'इंडिया' गठबंधन की रैली के दौरान मंच पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए दो कुर्सियां खाली रखी गईं थीं। केजरीवाल और सोरेन अलग-अलग मामलों में जेल में बंद हैं। 'उलगुलान न्याय महारैली' का आयोजन मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने किया था। बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता सोरेन का 'मास्क' लगाए नजर आए। सोरेन को कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था।

मंच पर झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन और आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख केजरीवाल के लिए कुर्सियां खाली रखी गईं। रैली के दौरान हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल मंच पर बैठी थीं। रैली में उपस्थित लोगों ने ''जेल के ताले टूटेंगे, हेमंत सोरेन छूटेंगे'' जैसे नारे लगाये।झारखंड की राजधानी रांची का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास होने के बावजूद भीषण गर्मी का सामना करते हुए कार्यकर्ता उलगुलान न्याय महारैली के लिए एकत्र हुए।

हरहरी तालाब के जीर्णोद्धार को ले दो पक्षों में विवाद

धनबाद/ बलियापुर, एजेंसी। हरहरी स्थित तालाब के जीर्णोद्धार को लेकर अभिकर्ता व तालाब बंदोवस्त लेने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। दोनों पक्षों के बीच टकराव की संभावना बनी है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ संबंधित अधिकारियों से शिकायत की है। वर्ष 2022-25 तक तालाब का बंदोवस्त लेनेवाले संजय महतो का कहना है कि उसने तालाब में दो लाख रुपए की मछली का चारा डाला। इसी बीच एक अप्रैल को नारायण उद्यम प्राइवेट लिमिटेड की ओर से अभिकर्त्ता ओमप्रकाश महतो दलबल के साथ पहुंचे। जबरन तालाब का मेढ़ काट दिया। इससे तालाब के लाखों रुपए की मछली बाहर निकल गई।

दूसरी तरफ अभिकर्ता का कहना है कि तालाब के जीर्णोद्धार के लिए सिंचाई प्रमंडल की ओर से निविदा निकाली गई। जिसके आधार पर वे जीर्णोद्धार शुरू करने के लिए बीस अप्रैल को जेसीबी मशीन के साथ तालाब पहुंचे पर संजय महतो काम में बाधा डालने लगे। रंगदारी की मांग करते हुए मारपीट की धमकी दी।जिला मत्स्य पदाधिकारी का कहना है कि हरहरी तालाब की बंदोवस्ती 31 मार्च तक की गयी है। डाकधारी द्वारा तालाब मे मछली का बच्चा संचयन किया गया है। मत्स्य पदाधिकारी ने 31 मार्च तक तालाब जीर्णोद्धार को स्थगित रखने की बात कही।

जामताड़ा में मां काली की प्रतिमा खंडित, गहनों को बदमाशों ने छुआ तक नहीं

जामताड़ा , एजेंसी। जामताड़ा से सटे पश्चिम बंगाल सीमा के पास काली मंदिर में प्रतिमा खंडित कर दी गई है। मां की प्रतिमा का एक हिस्सा बदमाश अपने साथ लेकर चले गए। पुलिस सूत्रों का मानना है कि पश्चिम बंगाल की सीमा में लोकसभा चुनाव के दौरान सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की साजिश भी हो सकती है।

इस पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है। मंदिर में जेवरात पूरी तरह सुरक्षित हैं। इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि जिन लोगों ने यह किया है वो प्रतिमा खंडित करने और आपसी सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से ही मंदिर में पहुंचे थे। मंदिर में चांदी के आभूषण, बर्तन, और पूजा सामग्री सभी सुरक्षित हैं। केवल बदमाशों ने मां काली की प्रतिमा को खंडित किया है।

इस मंदिर में कभी ताला नहीं लगता है। ना ही कोई सीसीटीवी है। इलाके में लोगों का आना-जाना लगा रहता है, ऐसे में कभी मंदिर बंद नहीं होता था।

इस सनसनीखेज घटना से पश्चिम बंगाल के सालानपुर थाना क्षेत्र के जेमारी

के लोगों में भारी आक्रोश है ढ्ढ पुलिस इस मामले को शांत करने में लगी है। समाज में कुछ वरिष्ठ लोग भी आगे आए हैं और खराब हो रहे माहौल को शांत करने की कोशिश की है। इसे शरारती तत्वों का काम बताते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील कर रहे हैं।

सबुज संघ का यह काली मंदिर आसनसोल-चितरंजन मुख्य सड़क से जेमारी बस स्टैंड होते हुए हाटतला की ओर स्थित है ढ्ढ हर साल पूजा के बाद देवी काली की प्रतिमा रखी जाती है और विभिन्न पर्वों पर पूजा सहित अन्य दिनों में विशेष पूजा की जाती है।

क्लब के सदस्य दिनेश मंडल, सिंटू मंडल व अन्य ने बताया कि रविवार रात 12 बजे के बाद इलाके से गुजरे थे, उस वक्त तक सब ठीक था ढ्ढ सोमवार सुबह-सुबह उन्हें यह जानकारी मिली है। ग्रामीण मंदिर पहुंचे और प्रतिमा को खंडित देखकर इसकी सुचना पुलिस को दी। गांव के लोगों ने कहा- हम ऐसी घटना की कभी कल्पना भी नहीं कर सकते थे।

लाल आतंक का गढ़ बना लोकतंत्र का मॉडल, अब जमकर मतदान कर रहे ग्रामीण

हजारीबाग, एजेंसी। हजारीबाग जिले के टाटीझरिया का कोल्हू गांव। बन्हे से आठ किलोमीटर दूर कच्ची सड़क से जैसे ही इस गांव में प्रवेश करते हैं, सबकुछ अन्य गांव की तरह ही सामान्य नजर आता है, लेकिन जैसे ही चुनाव पर चर्चा शुरू होती है तो समझ में आता है कि यहां लोकतंत्र को सशक्त बनाए रखने के लिए ग्रामीणों ने बहुत कुछ झेला है।

चुनाव में नक्सलियों की बंदूक से निकली गोलियों ने इस गांव में लोकतंत्र को कई बार लहूलुहान किया है। नक्सलियों के खौफ में जीने वाला यह गांव अब लोकतंत्र का मॉडल बन चुका है। आठ पंचायतों वाले टाटीझरिया प्रखंड में पिछले दो चुनाव में सबसे अधिक वोटिंग कोल्हू गांव में हो रही है। 2000 के चुनाव के दौरान जहां मतदान का प्रतिशत 15 से 20 प्रतिशत तक ही था वह 2014 और बाद के हुए चुनावों बढ़ कर 70 से 85 प्रतिशत तक पहुंच गया है। नक्सलियों का गढ़ रहे इस गांव में सबसे बड़ी घटना 2000 में विधानसभा चुनाव के दौरान हुई थी, जब बारूदी सुरंग

विस्फोट में चुनाव ड्यूटी में तैनात सब-इंस्पेक्टर शंकर राम व बीएसएफ 22 बटालियन मध्य प्रदेश के लांस नायक नाथ सिंह बलिदान हो गए थे।

इनके साथ लोकतंत्र का झंडा उठाए चुनाव करवाने जा रहे उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राधानाथ रविदास को पैर में गोली मार दी गई थी। बम विस्फोट करने के बाद नक्सलियों से पहाड़ी के पीछे से घात लगाकर हमला किया था। तब से अब तक में कहानी काफी बदल चुकी है।घटना के बाद कोल्हू के पास से मौजूद बेड़म गांव में बने बूथ को हटा दिया गया। इस वजह से बेड़म ,कोल्हू, मायापुर का बूथ मध्य विद्यालय कोल्हू में ही रहता है।

स्थानीय युवाओं में केदार गंझू, रामलाल भुइयां, संतोष गंझू, सेवा प्रसाद और अजीत कुमार बताते हैं कि हमलोगों वोट डालने दूसरे गांव जाने में परेशानी होती है। हमारा बूथ हमारे गांव में रहे। अब कोई खौफ नही है। हमारा बूथ यदि हमारे गांव में हो तो मतदान का प्रतिशत भी बढ़ेगा।

न्यायिक गरिमा को अक्षुण्ण रखने का आह्वान

अब की बार पूर्व न्यायाधीशों ने 'न्यायपालिका को अनावश्यक दबाव से बचाने के लिए देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को एक पत्र लिखा है। सुप्रीम कोर्ट के चार और हाई कोर्ट के 17 पूर्व न्यायाधीशों ने किसी का नामोल्लेख किए बिना आरोप लगाया है कि कुछ लोग यानी वकील 'अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों एवं व्यक्तिगत लाभों से प्रेरित होकर न्यायिक संस्था को कमजोर करने में लगे हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ से ऐसे तत्वों के झांसे में न आकर न्यायिक गरिमा को अक्षुण्ण रखने का आह्वान किया गया है। इसी तरह की भाषा-शैली में आज से तीन हफ्ते पहले सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालयों के 600 अधिवक्ताओं, जिनमें हरीश साल्वे जैसे दिग्गज शामिल थे, ने जस्टिस चंद्रचूड़ को एक पत्र लिखा था। इसमें भी न्यायपालिका के सामने आ रही वैसी ही कठिनाइयों का जिक्र किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी जड़ कांग्रेस की 'प्रतिबद्ध न्यायपालिका बनाने की मानसिकता में बताया था तो उजागर हुआ था कि पत्र का ताल्लुक कांग्रेसी विचारधारा के अधिवक्ताओं से है, जो पीठ या न्यायाधीशों पर मनमाफिक फैसले के लिए 'अनुचित दबाव और प्रभाव डालते हैं। पत्र पर दस्तखत करने वाले जस्टिस ढींगरा ने एक इंटरव्यू में कपिल सिब्बल का नाम लेते हुए कहा है कि वे मामले में 'पैरवी के दौरान केस की मेरिट पर दलीलें न देकर कहने लगते हैं कि अगर इसे छोड़ा नहीं गया तो बवाल हो जाएगा आदि। इसी समूह में प्रशांत भूषण और अभिषेक मनु सिंघवी के भी नाम हैं। और भी नाम हो सकते हैं। ये लोग पहले इजलास के अंदर और इसके बाहर इंटरव्यू एवं लेखों के जरिए उन फैसले को सरकार के दबाव में दिया बता कर उनकी अतार्किक आलोचनाएं करते हैं, जो उनके विरोध में आए होते हैं। इससे न्यायपालिका पर खामख्वाह दबाव बनता है। एक बार जस्टिस चेलमेर ने भी 'इन करोड़ी समूह के अधिवक्ताओं से दिक्कत बताई थी। न्यायिक क्षेत्र-निचली से लेकर सर्वोच्च अदालत तक-में हाल के दशकों में यह एक फेनोमिना के रूप में विकसित हुआ है। इसमें मनचाही खंडपीठ के लिए तो पीठ बदलने के लिए जोर-जबर्दस्ती की जाती है। इस समस्या का समूचा हिस्सा न्यायालीय ही नहीं है। राजनीतिक विचारधारा और सबसे अधिक उसकी सत्ता भी है। दबावकारी प्रवृत्ति बढ़ी है तो इसकी वजह कुछेक न्यायाधीशों में सत्ता के नजदीक जाने की कमजोरी भी है। यह दबाव से काम करा ले जाने का साहस पैदा करता है।

ईवीएम की आड़ में अपनी हार की पेशबंदी करने लगा विपक्ष

पूर्णेन्दु पुष्पेश

मोदी विरोधी मोर्चा के नेता आजकल एक और कैंपेन कर रहे हैं। वो कह रहे हैं कि मोदी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की वजह से जीतते हैं। वैसे ईवीएम को गलत ठहराने वाला राग तो पुराना है। 17 अप्रैल को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया कि अगर ईवीएम से छेड़छाड़ न हो तो भाजपा 180 सीटों पर सिमट जाएगी। जो राजनीतिक दल और नेता पिछले पांच साल तक जमीन पर उतरे नहीं, आज जब उन्हें अपनी हार साफ तौर पर दिख रही है तो उन्होंने ईवीएम की हार में पेशबंदी शुरू कर दी है। आखिरकार अपनी गलतियों, कमियां और कमजोरियों का ठीकरा किसी के सिर तो फोड़ना ही है, ऐसे में बेजुबान ईवीएम से बेहतर विकल्प कोई दूसरा नहीं हो सकता। देश में आम चुनाव के पहले चरण की 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। करोड़ों देशवासियों ने उन्हीं ईवीएम का बटन दबाकर अपना वोट दिया है, जिन पर अधिकतर विपक्षी दल प्रलाप कर रहे हैं। वे दल चुनावी दौड़ में शामिल हैं, उनके सांसद और विधायक चुने जाने हैं, लेकिन वे ईवीएम पर अब भी संदेह कर रहे हैं। ईवीएम की शुरुआत कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के ही कार्यकाल में हुई थी। 2004 के उस दौर से लेकर आज तक करीब 340 करोड़ मतदाता अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं और चार लोकसभा चुनाव ईवीएम के जरिए सम्पन्न कराए जा चुके हैं। 26 विधानसभा चुनाव और एक लोकसभा चुनाव में वीवीपैट पर्ची का भी इस्तेमाल किया जा चुका है। इसी ईवीएम के दम पर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में तीन बार और पंजाब में एक बार चुनाव जीता। 2012 में समाजवादी पार्टी को उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला। बहुजन समाज पार्टी को 2007 में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला और कांग्रेस ने 2023 में तेलंगाना जीता। 2018 के विधानसभा चुनाव में राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस सत्तारूढ़ हुई थी। तब भी मतदान ईवीएम के जरिए ही हुआ था। वर्तमान में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और पंजाब आदि राज्यों में गैर-भाजपा दलों की सरकारें हैं, जो ईवीएम के जरिए ही सत्तासीन हुई हैं। अगर विपक्ष को लगता है कि ईवीएम में हेरफेर किया गया है, तो वो प्रचार करने ही क्यों जाता है? विपक्ष उन राज्यों में चयनात्मक आलोचना करता है, जहां वो चुनाव हार जाता है। असल में विपक्ष को अपनी हार को स्वीकार करने और समझने की जरूरत है। ईवीएम को लेकर अकसर प्रलाप मचाया जाता है और चुनाव आयोग को भी कठघरे में खड़ा किया जाता रहा है, यह प्रवृत्ति दुराग्रह पूर्ण है। आयोग ने ईवीएम को

हैक करने या उसके सिस्टम से छेड़छाड़ करने के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया था, कुछ दल गए भी, लेकिन कोई भी आपत्ति नहीं उठा सका या गड़बड़ी को साबित नहीं कर सका। एक बार फिर यह मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने निर्णय सुरक्षित रखा है। वास्तव में प्रश्न यह है कि विपक्ष का चरित्र इतना दोगला क्यों है? संवैधानिक व्यवस्था के ही विरुद्ध क्यों है? ईवीएम का प्रयोग छोड़कर बैलेट वाले मतदान के पाषाणकाल की ओर लौटना क्यों चाहता है? हालांकि बूथ छापने, लूटने और फर्जी मतदान के उस दौर को सर्वोच्च न्यायालय पृथक कर चुका है। साल 2009 के आम चुनाव में जब भाजपा के नेता ईवीएम पर सवाल उठा रहे थे, ठीक उसी वक्त ओडिशा कांग्रेस के नेता जेबी पटनायक ने भी राज्य विधानसभा में बीजू जनता दल की जीत की वजह ईवीएम को ठहराया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद कांग्रेस के नेता और असम के मुख्यमंत्री तरुण गोगोई ने भी ईवीएम पर सवाल उठाए थे और कहा था कि भाजपा की जीत की वजह ईवीएम है। ऐसे में ये कहा जा सकता है कि भारत में जब तक पार्टियां चुनाव नहीं हारने लगतीं तब तक उन्हें ईवीएम मशीन से कोई शिकायत नहीं होती। मौजूदा समय में भारत का प्रत्येक राजनीतिक दल कभी न कभी ईवीएम का विरोध कर चुका है। ऐसे में संसद की संयुक्त संसदीय समिति को ईवीएम के इस्तेमाल की जांच करनी चाहिए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एक आम चुनाव में 55 लाख से अधिक ईवीएम का प्रयोग किया जाता है और करीब 1.5 करोड़ चुनावकर्मी मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेते हैं। सभी एक विशेष पार्टी के पक्षधर हो जाएं या ईवीएम का प्रोग्राम एक ही पार्टी के पक्ष में तय कर दिया जाए और इतने चुनावकर्मी एक साथ 'भ्रष्ट' हो जाएं, यह बिल्कुल भी संभव नहीं है। ईवीएम किसी लैपटॉप, कम्प्यूटर अथवा इंटरनेट नेटवर्क से जुड़ी हुई नहीं है, उसे हैक करना या छेड़छाड़ करना भी संभव नहीं है, अलबत्ता मशीन में तकनीकी खराबी जरूर आ सकती है। उस स्थिति में ईवीएम बदलने की पारदर्शी व्यवस्था है। वैसे चुनाव आयोग समय-समय पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को आधुनिक बनाने की दिशा में काम करता रहा है। चुनाव आयोग ने अदालत में अपना समूचा पक्ष रखा है। वीवीपैट पर्ची और वोटिंग के आपसी मिलान पर भी स्पष्टीकरण दिया है। पर्ची सात सेकंड के लिए दिखती है। उसके बाद पर्ची मशीन में ही चली जाती है। न्यायिक पीठ को बताया गया कि पर्ची को मतदाता को देना जोखिम का काम है। इससे गोपनीयता भंग हो सकती है और बाहर निकालने पर पर्ची का दुरुपयोग भी किया जा सकता है। याचिकाकर्ता एडीआर ने मतदान और पर्ची की 100 फीसदी क्रॉस चेकिंग की मांग की है। न्यायिक पीठ के सामने चुनाव आयोग ने खुलासा किया कि चार करोड़ ईवीएम वोट और वीवीपैट पर्चियों के मिलान कराए गए हैं। बहरहाल अदालती फैसले की प्रतीक्षा है। अब चुनाव की निष्पक्षता, ईमानदारी बरकरार रहे, मतदाताओं के जेहन में लेशमात्र भी संदेह नहीं होना चाहिए और आयोग की संवैधानिक स्वायत्तता भी बनी रहे, उस संदर्भ में अदालत को निर्णय देना है। वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल यानी वीवीपैट से निकलने वाली सभी पर्चियों का मिलान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से पड़े वोटों के साथ कराने की मांग वाली याचिका पर पिछले मंगलवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की बेंच ने एडीआर की याचिका पर सुनवाई के दौरान 1960 के दशक में बैलेट पेपर से चुनाव के दौर को याद किया और कहा कि देश में फिलहाल मतदाताओं की संख्या 96 करोड़ से अधिक है। ऐसे में बैलेट पेपर या वीवीपैट की 100 फीसदी गिनती की व्यवस्था से चुनाव कराना बहुत चुनौती वाला काम होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, "हम सभी जानते हैं कि जब बैलेट पेपर थे तो क्या होता था। आप जानते होंगे, लेकिन हम भूले नहीं हैं।" वैसे बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की स्थिति में भारत की चुनावी प्रक्रिया लंबी भी होगी और खर्च भी बढ़ेगा। सच्चाई यह है कि देश की जनता ने जातिवाद, वंशवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए विपक्षी दलों को खारिज कर दिया है। और देश के लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा किसी भी नेता पर भरोसा नहीं है। आज विपक्ष के ज्यादातर नेता भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे हैं। पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने जो विकास और कल्याण के कार्य किए हैं, उससे देश की जनता का भरोसा मोदी सरकार पर पहले से ज्यादा बढ़ा है। आज मोदी की गारंटी के सामने विपक्ष की सारी गारंटियां और वादे कोरी जुमलेबाजी लगते हैं। देश की जनता विपक्ष के वादों पर भरोसा नहीं करती, इसके चलते विपक्ष लगातार सत्ता से बेदखल है। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले भ्रष्ट और परिवारवादी दलों और नेताओं के दिन भारतीय राजनीति में लद चुके हैं। जनता अब यह समझने लगी है कि कौन उनका सच्चा हितेषी और हमदर्द है। कौन उनका विकास और कल्याण कर सकता है। देश की जनता समझने लगी है कि कौन सकारात्मक राजनीति कर रहा है और कौन डर, भय और भ्रम के जरिये जनादेश पाना चाहता है। किसने उन्हें उनका हक दिया है। ऐसे में बेहतर होगा विपक्ष ईवीएम पर संदेह करने और जनता में भ्रम फैलाने की बजाय अपने आचरण को सुधारे।

साहित्य/लोक साहित्य

ब्रह्मेश्वर नाथ मिश्र की कविता

प्रस्तुत है मेरी ये रचना जिसमें राधा और कृष्ण की छेड़छाड़ का वर्णन मैने किया है :-----

मत मारो नजर गिरधारी ।
मैं तो देहउँ तो को गारी रे।
मत मारो नजर..........
डगर चलत मोरी बैयाँ मरोरत ,
खींचत मोरी सारी रे ।
मत मारो नजर..........
कंकड़ि मारि गगरिया फोरत ,
अँगिया लेत उतारी रे ।

मत मारो नजर..........
छेंकत बाट चुनर मोरि खींचत ,
बरबस करत है रारी रे ।
मत मारो नजर..........
निरखत रूप जनम के बैरी ,
जौवन भइ मोर भारी रे ।
मत मारो नजर..........

म्यांमार में रोहिंग्या का इस्लामिक आतंक और दुनिया की चुप्पी

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

म्यांमार में इस्लामिक आतंकवादी समूहों ने 1600 से अधिक हिंदुओं और 120 बौद्धों को बंधक बनाकर रखा है। दुखद यह है कि इन पर हो रहे मानवीय अत्याचार के खिलाफ अब तक कोई भी अंतरराष्ट्रीय संस्था की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है । यूएन एवं अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं तो छोड़िए, जिनका काम ही मानवाधिकारों की रक्षा करना है, उसके हित में काम करना है और जो छोटी-छोटी बातों को भी कई बार तूल देकर वैश्विक रूप देने एवं किसी के भी खिलाफ माहौल बनाने में महारत रखती हैं, वह संस्थाएं भी इस विषय पर चुप्पी साधकर बैठी हैं, जैसे कि हिन्दू और बौद्धों के साथ होनेवाला यह अत्याचार कोई खबर ही न हो! देखा जाए तो पहले भी जब 2017 में रोहिंग्या आतंकी समूहों ने रखाइन राज्य में महिलाओं और बच्चों सहित 99 हिंदुओं का नरसंहार किया था, तब भी यह खबर तुरंत सामने नहीं आ सकी थी, किंतु रोहिंग्याओं ने इस घटना को अंजाम देते वक्त जिन हिन्दू महिलाओं और बच्चों को जबरन कलमा पढ़वाकर इस्लाम में कन्वर्ट किया और इन्हीं में से कुछ किसी तरह से भागने में कामयाब रहीं, तब इन महिलाओं की दुखद कहानियों से दुनिया को पता चला था कि ये रोहिंग्या इस्लाम को हर हाल में अधिक से अधिक फैलाने के लिए काम करनेवाले और दूसरे धर्मों के प्रति कितने क्रूर हैं। म्यांमार की सरकार ने रोहिंग्याओं द्वारा एक के बाद एक अनेक हत्याकांडों को अंजाम देने और बढ़ते अत्याचार को देखते हुए अपने देश में सख्त कानून बनाए और उन्हें सख्ती से लागू करना शुरू कर दिया, जिसमें प्रमुख तौर पर विवाह, परिवार नियोजन, आंदोलन की स्वतंत्रता, रोजगार, शिक्षा, धार्मिक पसंद-नापसंद पर बने कानूनों को देखा जा सकता है। अब इन कानूनों के पालन में ये रोहिंग्या फिट नहीं बैठ रहे थे तो इन्होंने यहां से पलायन करना आरंभ किया और इस पर पूरा आरोप म्यांमार की सरकार पर थोप दिया कि वह इन्हें यहां रहने नहीं दे रही है। फिर दुनिया भर में इनकी दयनीय तस्वीरें छपने लगीं। ये रोहिंग्या, शरणार्थी का दर्जा लेकर और कई देशों में अवैध तरीके से घुस गए। फिर देखते ही देखते कई अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार से जुड़ी संस्थाएं स्यापा करने लगीं कि हाय, इन रोहिंग्याओं के साथ म्यांमार की बौद्ध सरकार कितना बुरा बर्ताव कर रही है। लेकिन, हकीकत यही है कि अपनी आदत की मुताबिक ये जहां भी गए, वहीं इन्होंने अराजकता और हिंसा फैलाना जारी रखा है। वास्तव में म्यांमार में दमन के बाद करीब एक दशक में रोहिंग्या मुस्लिम भारत, नेपाल, बांग्लादेश, थाईलैंड, इंडोनेशिया, पाकिस्तान समेत 18 देशों में पहुंचे। एशिया में जिन देशों में इनकी घुसपैठ हुई, उनमें से छह देशों की सरकारों के लिए ये परेशानी का सबब बने हुए हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण आज भारत है । यहां भारत में यह हिंसा, अपराध और आतंकवादी गतिविधियां कर रहे हैं। वर्तमान में भारत का कोई राज्य नहीं बचा, जहां इनकी घुसपैठ न हो । दिल्ली से सटे हरियाणा के मेवात (नूंह), उत्तराखण्ड के हल्द्वानी, बनभूलपुरा इलाके में हुए दंगों को अभी बहुत समय नहीं बीता है, इस हिंसा में रोहिंग्या मुसलमानों के हाथ होने की बात सामने आ चुकी है। नूंह की हिंसा में शामिल दो रोहिंग्या युवकों सैफुल्ला और महबूब समेत कई अन्य अब तक एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किए गए हैं। प्रतिबंधित कट्टरपंथी पीएफआई संगठन से इनके संबंधों की तस्दीक हो चुकी है। बेंगलुरु में भी इनकी अवैध बसाहट संकट पैदा कर रही है। अभी हाल ही में एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीस) ने कानपुर सेंट्रल स्टेशन से बांग्लादेशी नागरिक मो. राशिद अहमद को अरेस्ट किया है। राशिद फर्जी दस्तावेज तैयार कर बंग्लादेशी और रोहिंग्याओं की भारत में घुसपैठ कराता था । एटीएस ने उसके पास से कूटरचित दस्तावेज से तैयार किया हुआ आधार कार्ड, दारूल उलूम देवबंद मदरसे का आईडी कार्ड और मोबाइल बरामद किया। राशिद बंग्लादेश के लक्ष्मीपुर चटगांव में मदारी गांव का रहने वाला है। उसने बताया कि आठ साल पहले बंग्लादेश से टूरिस्ट वीजा लेकर भारत आया था। वह अवैध रूप से बंग्लादेशियों-रोहिंग्याओं को भारत में बसाने वाले गिरोह का सदस्य है। इस गिरोह के सक्रिय सदस्य शेख नजीबुल हक और अबु हुरैरा गाजी भी हैं। जिन्होंने उसके फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आधार कार्ड बनवाया। इसके बाद 2016 में देवबंद में बसाने में मदद की और फिर अपने गिरोह में शामिल कर लिया। राशिद को भारत में अवैध रूप से रह रहे बंग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के कूटरचित दस्तावेज बनवाने का काम सौंपा गया था। पूछताछ में राशिद ने कई नाम भी बताए हैं जिनकी उसने घुसपैठ कराई और फिर उनके कूटरचित भारतीय दस्तावेज तैयार कराए हैं। इससे पहले यूपी एटीएस ने झकरकटी बस अड्डे से 8 रोहिंग्या मुस्लिमों को अरेस्ट किया था। इनमें सुबीर, मो जकारिया, म्यामार निवासी मो शोएब, नूर मुस्तफा, फारसा, सबकूर नाहर, नूर हबीब और रजिया को अरेस्ट किया था। यह सभी रोहिंग्या नागरिक बंग्लादेशी सीमा पार कर अवैध रूप से भारत की सीमा में दाखिल हुए थे। सोचने वाली बात है, आज देश में न जाने कितने राशिद घूम रहे हैं, जो रातदिन रोहिंग्याओं को अवैध तरीके से भारत में बसा रहे हैं। रोहिंग्या मुस्लिमों के आतंकवादी संगठन अका-उल-मुजाहिदीन के पाकिस्तान में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई), जैश-ए-मोहम्मद (जेएम) और लश्करे-तोयबा के साथ संबंध उजागर हो चुके हैं। ऐसी खबरें भी हैं कि जम्मू में अवैध रूप से रहने वाले रोहिंग्याओं ने सनजूवान में सेना शिविर के स्थान के बारे में जैशे-मुहम्मद के आतंकवादियों की मदद की थी। सूचना के आधार पर ही जेएम ने एक सेना शिविर पर हमला किया, जिसमें छह भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। अब तक देश के अलग-अलग राज्यों में कई प्रकरण सामने आ चुके हैं जिनमें पाया गया कि कैसे ये रोहिंग्या मुसलमान अपराधों में लिप्त हैं । मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बनभूलपुरा इलाके में तकरीबन 5,000 रोहिंग्या मुसलमान और अन्य बाहरी लोग रहते हैं। बांग्लादेश के रास्ते भारत में दाखिल हुए रोहिंग्याओं ने नेपाल के बाद भारत के मैदानी और पहाड़ दोनों ही स्थानों पर अपनी अवैध बस्तियां बनाना जारी रखा है। रोहिंग्याओं ने कमोबेश यही स्थिति बांग्लादेश में बनाई हुई है। यहां 10.10 लाख रोहिंग्या संकट का सबब बने हुए हैं। रोहिंग्या शरणार्थियों के शिविर बांग्लादेश के चटगांव क्षेत्र में हैं जो इस्लामी चरमपंथ और अलगाववादी गतिविधियों के लिए कुख्यात है। अतीत में, उत्तर-पूर्व के आतंकवादियों ने भारत में आतंकवादी हमलों से पहले और बाद में इस क्षेत्र में आश्रय लिया था। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना कह रही हैं कि हमारे यहां अधिकांश रोहिंग्या ड्रग एवं महिला तस्करी जैसे अपराधों में लिप्त हैं। जोकि कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन गए हैं। ये स्थानीय संसाधनों पर लगातार काबिज होते जा रहे हैं। मुस्लिम देश होने के बाद भी इंडोनेशिया इनके आपराधिक चरित्र से इतना परेशान हो चुका है कि इन्हें अपने देश से बाहर निकाल रहा है। जो रोहिंग्या नेपाल चले गए, वे वहां भी जिहादी गुट में शामिल होकर इस बहुसंख्यक हिन्दू देश में अति इस्लामिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। थाईलैंड में 92 हजार रोहिंग्याओं ने शरण ली थी, लेकिन इनकी आतंकी गतिविधियों से तंग आकर अब तक लगभग 14 हजार को वापस भेजा जा चुका है। पाकिस्तान में भी करीब ढाई लाख रोहिंग्या पहुंचे थे, जिनके बारे में अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट हैं कि ज्यादातर को आतंकवाद का प्रशिक्षण देकर बांग्लादेश की सीमा से भारत में टुकड़ियों में प्रवेश कराने के कार्य को अंजाद दिया जा रहा है ।

मेष राशि-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। किसी काम में लगाई गई आपकी मेहनत रंग लायेगी। करियर के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में अधूरे पड़े कार्य आज पूरे हो जाएंगे, काम में सीनियर्स का पूरा सहयोग मिलेगा। बिजनेसमैन को आज धन लाभ होने की संभावना है।

वृष राशि-आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज आपके सभी कार्य सिद्ध होंगे और आपका दिन शानदार रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के रिश्तें में मिठास बढ़ेगी। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिहाज़ से अच्छा रहेगा। आज ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। आज आपकी मुलाकात अपने पुराने दोस्तों से हो सकती है।

मिथुन राशि-आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे, लेकिन आपको अपने मन को नियंत्रित करना होगा। किसी के साथ बहसबाज़ी में ना पड़े। अगर शादीशुदा हैं तो अपने वैवाहिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए किसी भी तरह की गलतफहमी ना पालें। आज आप किसी नए कार्य की योजना बनाएंगे। आज आपके आय के स्रोतों में वृद्धि होने के योग हैं।

कर्क राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप सभी कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन कोई खुशखबरी मिलेगी। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी बेहतर होगा। आपको माता-पिता का सहयोग मिलेगा जिससे आप जीवन में आगे बढने में सक्षम होंगे। कई दिनों से ऑफिस का रुका कार्य पूरा हो जाने से राहत महसूस करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को परीक्षा के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे।

सिंह राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। कोई रूका हुआ काम पूरा होने से आपको ख़ुशी मिलेगी। शाम तक आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जायेगा। आसपास के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। आज आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। लवमेट के साथ आपका दिन बेहतर गुजरेगा। आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे। सोचे हुए कार्यों की गति मजबूत होगी। आपको धन लाभ के कई मौके मिलेंगे।

कन्या राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज लोगों के बीच आपके काम की तारीफ होगी। आर्थिक लाभ पाने के लिए आज आपको थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आप किसी नए कार्य को लेकर योजना बनायेंगे। आज वाहन चलाते समय सावधानी ज़रूर बरतें। किसी मामले पर आपको बातचीत करते समय अपनी वाणी पर संयम बरतनी चाहिए। आज आप किसी काम में थोडा अधिक व्यस्त रहेंगे।

तुला राशि-आज आपका दिन बढिया रहेगा। आपको कुछ जरूरी कार्यों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से अटका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम लेकर आया है। पहले से दी गई प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में स्थिरता बनी रहेगी। परिवार में सुखद वातावरण का माहौल रहेगा। दाम्पत्य जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आप मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे। आपके व्यवहार से कुछ लोग आज काफी प्रभावित होंगे। लोगों से आपको शुभ काम में मदद मिलेगी। आपसी विश्वास के सहारे आपके रिश्तों में मजबूती आएगी। आपकी कोई खास इच्छा जो काफी समय से अधूरी थी वो आज पूरी होगी। ऑफिस में अधिकारियों से मिला सहयोग आपके उत्साह में इजाफा करेगा।

धनु राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। व्यवसाय में आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी जरुरी काम को पूरा करने के लिए किसी सहकर्मी की मदद मिलेगी और आपको कार्य में सफलता भी हासिल होगी। आज अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। शाम को परिवार के सदस्यों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर बातचीत करेंगे। लवमेट से उपहार मिलेगा। छात्रों के लिए आज का दिन ठीक रहने वाला है।

मकर राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। पारिवारिक काम को पूरा करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपके सहपाठी किसी टॉपिक को समझने के लिए आपसे मदद लेंगे। इस राशि के महिलाओं के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। सेहत के लिहाज से आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है।

कुंभ राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक रिश्ते आज और बेहतर होंगे। कलात्मक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। किसी नए प्रोजेक्ट को शुरू करने से पहले मित्रों से सलाह करेंगे। आर्थिक मामलों को लेकर कुछ लोग मददगार साबित होंगे। व्यावसायिक प्रगति के लिए आज का दिन अनुकूल है।

मीन राशि-आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, उसमें आपको सफलता हासिल होगी। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे। अपने व्यापार को बढने के लिए नये प्लान बनाने की जरूरत है। आज आप किसी बात को लेकर विचारों में खोए रहेंगे। आज नए लोगों से आपकी मुलाकात होगी, जो आगे चलकर आपके व्यापार में धन लाभ कराएंगे। घर पर किसी पार्टी के आयोजन का प्लान बनायेंगे। छात्रों को शिक्षक की तरफ से विशेष मार्गदर्शन मिलेगा।

शब्द सामर्थ्य -035

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्यभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे
1. आत्मनिर्भर, स्वावलंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

1		■	2	3	4	■	5	6
	■	7				8	■	
9			■	10				
	■		■	■	■	12	■	
■	11		12		■	■	13	
14		■		■	15			■
16		■	17	18	19			■
20		21	■	22		■	■	■
	■		■	23				■

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 034 का हल

ग	ल	त	■	■	■	खा	म	खाँ
णे	■	ल	■	झ	प	की	■	■
श	र	ब	त	■	रं	■	■	मि
■	ज	गा	ना	■	प	रा	का	ष्ठा
■	नी	र	■	वि	रा	ज	मा	न
ना	च	■	■	प	■		य	■
म	र	णा	स	न्न	■	पा	नी	■
ची	■	■	प	■	पा	■	■	भौ
न	ज	रा	ना	■	स	मा	चा	र

सूडोकु नवताल- 7044

★☆☆☆☆ सरल

5	9			3			8	7
8	7		1		5			
		2			9			4
	6				2		3	5
3	8		4	1	7		2	9
2	4		6				1	
7			3			8		
			5		8		7	3
9	3			2			6	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7043 का हल

7	4	8	3	9	2	1	5	6
2	6	9	5	7	1	8	4	3
3	1	5	4	8	6	7	2	9
5	7	4	8	6	9	3	1	2
8	9	1	2	3	4	6	7	5
6	3	2	1	5	7	4	9	8
4	8	7	6	2	5	9	3	1
9	2	6	7	1	3	5	8	4
1	5	3	9	4	8	2	6	7

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु पुष्पेश** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित। पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु पुष्पेश**❋; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; समाचार संपादक : **राजेश कुमार**। बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।** **रांची –** 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड। **गिरिडीह –** बाभनटोली, गिरिडीह, झारखंड।
फोन– 9142412511/9334444424/9102251947/9431366404; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❋समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

संक्षिप्त समाचार

शुरू हो रहा NCERT का 'स्वयं कोर्स', 11वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स करेंगे ऑनलाइन पढ़ाई

पटना। NCERT की ओर से कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन 'स्वयं कोर्स' की आज से शुरुआत हो रही है। यह कोर्स 30 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। यह ऑनलाइन कोर्स बिल्कुल फ्री है। जो छात्र इसका हिस्सा बनना चाहते हैं, वह अभी भी इसके लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। 1 सितंबर तक इसके लिए रजिस्ट्रेशन लिया जा रहा है। NCERT इन कोर्स के माध्यम से छात्रों तक पहुंचने,

उनके सीखने के अनुभवों को समृद्ध करने में मदद करने के उद्देश्य से इसकी शुरुआत की है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को 11 विषय पढ़ाएं जाएंगे। इसमें एकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडी, बायोलाजी, केमेस्ट्री, इकोनामिक्स, जियोग्राफी, गणित, फिजिक्स, साइकोलाजी, इंग्लिश और सोशियोलाजी विषय की पढ़ाई ऑनलाइन कराई जाएगी। इन 11 विषयों में विद्यार्थी 28 ऑनलाइन कोर्स कर सकेंगे। इस कोर्स में विद्यार्थियों के साथ ही शिक्षक और अभिभावक भी शामिल हो सकते हैं। वीडियो लेक्चर आकर्षक वीडियो प्रेजेंटेशन जो प्रभावी शिक्षण की सुविधा प्रदान करती हैं। विशेष रूप से तैयार की गई पठन सामग्रियों को आसानी से डाउनलोड और प्रिंट किया जा सकता है, जिससे ऑफ़लाइन सीखने की सुविधा मिलती है। सेल्फ-असेसमेंट टूल्स छात्र सेल्फ-असेसमेंट टेस्ट और क्विज के माध्यम से अपनी समझ का आकलन कर सकते हैं। ऑनलाइन डिस्कशन फोरम में छात्रों को एक मंच मिलेगा जिससे वह अपने मेंटर से किसी भी तरह के सवाल कर सकते हैं, अपने साथियों के साथ संदेह का समाधान करने के लिए डिस्कशन कर सकते हैं। इससे छात्रों को इंटरैक्टिव सीखने का बढ़ावा मिलेगा।

मकसूदपुर गांव पहुंचे एससी-एसटी मंत्री जनक राम, पीड़ित परिजनों से की मुलाकात

पटना। दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और गोलीबारी हुई थी। इस दौरान एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई थी, जबकि दूसरा घायल हो गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 लोगों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना दियारा के मकसूदपुर गांव की है।

सोमवार को एससी-एसटी कल्याण मंत्री जनक राम ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने उचित कार्रवाई और आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया। मंत्री जनक राम ने कहा कि गोलीबारी में विक्रम नामक युवक की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ मनचलों के इशारे पर इस घटना को अंजाम दिया गया है। जिन्हें पूर्व में रही सरकार का संरक्षण है। कोई भी अपराधी बच नहीं पाएगा। पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से मुआवजा दिया जाएगा। इस मौके पर बीजेपी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

पटना सिटी में पेंट गोदाम में लगी आग, घंटों मशक्कत के बाद दमकल की टीम ने आग पर पाया काबू, लाखों को नुकसान

पटना। पटना सिटी के आलमगंज थाना इलाका के पॉलिटेक्निक छात्रावास के बगल में स्थित पेंट गोदाम में रविवार की देर रात अचानक आग लग गयी। आग लगते ही पूरे इलाके में अफरा तफरी मच गया। आनन-फानन में लोग अपने-अपने घरों को छोड़कर सड़क पर आ गए। कई लोगों ने अपने-अपने घरों से गैस सिलेंडर और कई सामानों को हटाना शुरू कर दिया। इस बीच स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना आलमगंज थाना और अग्नि दस्ते गाड़ी को दी। सूचना मिलने के बाद अग्नि दस्ते की तीन गाड़ियां

मौके पर पहुंची और घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच गोदाम में रखे गए लाखों रुपए के थिनर और पेंट जलकर नष्ट हो गए। घटना की पुष्टि करते हुए आलमगंज थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल गोदाम के मालिक के द्वारा अभी तक थाना को कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे नुकसान का आंकड़ा निकाला जा सके।

मतदान करने की शपथ लेंगे पटनावासी, नगर निगम कल लॉन्च करेगा बुकलेट, महिलाओं और फर्स्ट टाइम वोटर्स पर फोकस

पटना। पटना में आगामी 1 जून को वोटिंग होनी है। आम लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए नगर निगम लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में अब निगम कर्मी आम जनता को 1 जून को मतदान में शामिल होने की शपथ दिलवाएंगे। सभी 75 वार्डों में यह अभियान शुरू किया जाएगा। इसके लिए बुकलेट भी तैयार किया गया है, जिसे कल लॉन्च किया जाएगा। इस अभियान के तहत महिलाओं, सीनियर सिटीजन और फर्स्ट टाइम वोटर्स को विशेष तौर पर जागरूक किया जाएगा। साथ ही शपथ दिलवाया जाएगा कि 1 जून को वोट डालने अवश्य जाएंगे। बुकलेट के कवर पर

'1 जून को मैं करूंगा मतदान' लिखा हुआ है। नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने बताया कि बुकलेट सभी 75 वार्ड के 5 सेक्टर में बांटा जाएगा। कुल 375 सेक्टर को लीड करने वाले सुपरवाइजर को यह बुकलेट दिया गया है। वह घर-घर जाएंगे। बुकलेट एक तरह का प्लेज रजिस्टर है, जिसमें आम नागरिक वोट देने की शपथ लेंगे और इसमें दस्तखत करेंगे। यह पूरी तरह से वन टू वन कम्युनिकेशन होगा। इस दौरान निगम के सुपरवाइजर वोटर्स को उनका बूथ नंबर भी बताएंगे कि उन्हें कहां वोट देने जाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि हमार लक्ष्य है कि 1 जून से पहले तीन बार हर वोटर्स से बातचीत करें और उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

डकैती मामले में दो आरोपी सहित 3 गिरफ्तार, वैशाली में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने पकड़ा

हाजीपुर। वैशाली के गरौल थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान थाना क्षेत्र से चैनपुर पुल के पास एक बाइक पर सवार 03 व्यक्ति को रुकने का इशारा पुलिस ने दिया। पर सभी पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगे। इस दौरान पुलिस ने सशस्त्र बल के सहयोग से भागते हुए तीनों का पीछा कर पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान पंकज कुमार, विकास कुमार और रिशु कुमार के रूप में हुई है। वहीं तलाशी के क्रम में पंकज कुमार के पास से 01 लोडेड देसी कट्टा, विकास कुमार के पास से 01 जिंदा कारतूस मिले हैं। जबकि रिशु कुमार के पास से 01 धारदार चाकू बरामद किया गया है। वहीं पुलिस ने बाइक को

जब्त कर लिया है। पूछताछ के क्रम मे उन्होंने बताया कि वे लोग लोगों से लूट छिनतई की घटना को अंजाम देते थे। गिरफ्तार पंकज कुमार और विकास कुमार ने बताया की 15 मार्च को महुआ थाना क्षेत्र ग्राम गरजौल में घटित डकैती की घटना में ये दोनों भी शामिल थे। उक्त डकैती की घटना में शामिल 03 अपराधकर्मी पूर्व में ही जेल जा चुके है एवं घटना में शामिल 02 अन्य अपराधी पंकज कुमार एवं विकास कुमार को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

इंडी गठबंधन के खिलाफ बीजेपी ने जारी किया आरोप पत्र

सम्राट बोले- आरजेडी शासनकाल में घोटालों की सीरीज बन गई थी

एजेंसी, पटना।

बीजेपी ने इंडी गठबंधन के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया है। इस मौके पर बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कांग्रेस और लालू परिवार जमकर निशाना साधा है।

बिहार में घोटालों की सीरीज बन गई थीः सम्राट चौधरी ने कहा कि जब बिहार में आरजेडी की सरकार थी तो कभी चार खा गए। तो कभी अलकतरा पी गए। लालू यादव का जीवन सिर्फ परिवार के लिए समर्पित है। कभी गरीबों की चिंता नहीं की। आरजेडी शासनकाल में बिहार में घोटालों की सीरीज बन गई थी। एनडीए के साथियों ने जो प्रमाण दिया, उससे स्पष्ट था कि लालू जी ने भ्रष्टाचार और घोटाला किया। ठगबंधन के पापा(कांग्रेस) को पूरी डिटेल में हमलोगों ने बताने का काम किया है।

तेजस्वी ने अपने विभाग ने नौकरी नहीं दीः तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि लालू के युवराज जिस विभाग में रहे एक भी नौकरी नहीं दी। 2020 में हमलोगों ने पॉलिसी बनाया था। 10 लाख सरकारी नौकरी नौजवानों तक पहुंचाने का। उसको हमलोग पूरा भी कर रहे हैं। सीएम नीतीश कुमार लगातार इस पर चर्चा कर रहे हैं।

कोयला और 2G घोटाला हुआः आपने देखा होगा कि कई संगठनों ने घोषणा पत्र जारी किया। कुछ लाल झंडे के लोगों ने तो यहां तक कहा कि जो परमाणु हथियार हमारे पास हैं। जब हमारी सरकार बनेगी तो हम इसको समुद्र में डाल देंगे। पूरा देश जानता है कि कांग्रेस पार्टी ने 55 साल इस देश में राज किया। कैसे कोयला और 2G घोटाला हुआ।

कांग्रेस सरकार में दंगे हुएः देश में 1983 और 1984 में दंगे हुए थे। जिसमें पूरी तरह कांग्रेस का हाथ रहा। बिहार के भागलपुर में 1989 में दंगा हुआ। उस समय कांग्रेस की सरकार थी। एनडीए की सरकार बनी तो दोषियों को सजा देने का काम किया गया, जबकि पीड़ितों को मुआवजा दिया गया।

जनता सब समझ चुकी हैः किस तरह से इनलोगों ने अत्याचार

लालू के युवराज ने एक भी नौकरी नहीं दी

और भ्रष्टाचार किया है। जनता सब समझ चुकी है। 2004 से 2014 तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। बिहार जैसे राज्य को सिर्फ 7000 करोड़ रुपए मिला। एनडीए की सरकार में आज बजट का लगभग 80% राशि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देने का काम किया है।

विपक्ष पर करारा हमला बोलाः सम्राट चौधरी ने कहा कि ठगबंधन 2024 का चुनाव हारेगा। पहले फेज के चारों सीटों पर एनडीए की जीत बड़े अंतर से होगी। 40 में चार सीट अभी सिर्फ ट्रेलर है। हमलोग सभी 40 सीटों पर बिहार में जीतकर मोदी की सरकार बनाने का काम करेंगे। इस मौके पर पटना सिटी से बीजेपी प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद, पाटलिपुत्र संसदीय सीट से प्रत्याशी रामकृपाल यादव समेत बीजेपी के कई नेता मौजूद थे।

पुत्र द्वारा स्वतन्त्रता सेनानी सीताराम साह का प्रतिमा-अनावरण

पटना । स्वतन्त्रता सेनानी सीताराम साह जी के 129वे जन्मदिन पर उनका तथा उनकी पत्नी स्वर्गीय दशहरी देवी जी का प्रतिमा-अनावरण उनके पुत्र डॉ राजेंद्र प्रसाद रॉय के कर कमलों द्वारा सीताराम दशहरी देवी राजेंद्र सुधा ट्रस्ट भवन में सम्पन हुआ। उक्त अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद रॉय ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बतलाया कि जब देश स्वतंत्र हुआ और स्वतंत्रता आंदोलन में जो लोग जेल गए उन्हें पेंशन देने की बात हुई तो सीताराम जी ही एक मात्र ऐसे आंदोलनकारी तथा जेल जाने वाले व्यक्ति थे जिन्होंने पेंशन लेने से यह कहते हुए इन्कार कर दिया कि मैं अपनी माँ की सेवा का शुल्क लूँ ऐसा कपूत नहीं बन सकता। सीताराम राजेंद्र प्रसाद रॉय कॉलेज के प्राचार्य अजय कुमार ने बतलाया कि सन् 1980 में उनके पुत्र डॉ राजेंद्र प्रसाद रॉय ने उनके नाम पर सीताराम राजेंद्र प्रसाद कॉलेज की स्थापना भी की थी जो विगत 44 वर्षो से सफलता पूर्वक सरकारी मान्यता के साथ 42 कट्ठा भूमि पर फतेहपुर पटना में चल रहा है। उक्त अवसर पर वरीय लक्ष्मण कुमार ने बतलाया कि जिस प्रकार एस. आर.पी. कॉलेज विगत 44 वर्षों से लाखों छात्र एवं छात्राओं को उत्तम शिक्षा प्रदान कर इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक, आई.ए.स. , आई.पी.एस बनाने में सफलता प्राप्त की है, उसी प्रकार से सीताराम दशाहरी देवी राजेन्द्र सुधा ट्रस्ट समाज सेवा के कार्य में कृतिमान स्थापित करेगा। इस अवसर पर डॉ बैजनाथ सिंह, कृष्णा कुमार, अमलेश कुमार, डा.रमाशंकर, बबीता कुमारी, निशा रश्मी वर्मा, अजीत कुमार, गुंजन कुमार दास, सुधीर कुमार वर्मा, मोहित कुमार, शशि कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

भगवान चित्रगुप्त के प्राकट्य दिवस पर भजन संध्या कार्यक्रम

मीरजापुर। ज्ञान के अधिष्ठाता, सम्पूर्ण सृष्टि के कर्मों का लेखा जोखा रखने वाले, ब्रह्माण्ड न्यायाधीश, परमपिता ब्रह्मा के मानस पुत्र, कायस्थ समाज के आराध्य कुलाधिदेव भगवान चित्रगुप्त जी के प्राकट्य दिवस चैत्र पूर्णिमा पर आगामी 23 अप्रैल, मंगलवार को स्थानीय बरियाघाट स्थित सन 1902 में स्थापित 122 वर्ष प्राचीन श्री चित्रगुप्त मंदिर पर सायं 6 बजे से भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें जनपद के नामचीन कलाकारों द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति की जाएगी। यह जानकारी आयोजक संस्था "के. एस. पी. ट्रस्ट" द्वारा दी गई है।

PMCH कैंपस में दो महीने में दूसरी बार लगी आग

डीएम के निर्देशों का नहीं हुआ अनुपालन, फायर सेफ्टी बाल्टी में सिगरेट के टुकड़े मिले

एजेंसी, पटना।

पीएमसीएच परिसर में सोमवार की सुबह दूसरी बार आग लग गई। आग की सूचना मिलने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की बड़ी और छोटी गाड़ी पहुंची थी। अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि पीएमसीएच इमरजेंसी के पीछे आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके आधार पर यहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी और टीम पहुंची हुई है। डीजी रूम में शॉट सर्किट की वजह से आग लगी थी। किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। आग पर काबू पा लिया गया है। इस मामले में पटना के डीएम ने जांच के आदेश दिए हैं।

दूसरी बार लगी आगः बीते 14 फरवरी 2024 को भी पीएमसीएच के सर्जिकल स्टोर में आग लगी थी। जिसके बाद पटना डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने इस घटना के बाद मीडिया से जानकारी दी थी कि आगे से ऐसी घटना पीएमसीएच में नहीं हो। इस संदर्भ में सुप्रीटेंडेंट साहब को भी निर्देश दिया गया है। फायर ऑडिट भी हमारे कमांडेंट साहब करेंगे। जो कमियां हैं, उसे दूर की जाएगी। लेकिन डीएम शीर्षत कपिल अशोक के द्वारा दिए हुए निर्देश का भी सही ढंग से पालन नहीं हुआ। महज दो महीने में ही दो बार आग लग गई।

कवरेज करने आए पत्रकारों के साथ बदसलूकीः आग लगने वाली जगह से कुछ दूरी पर हटकर पत्रकार कवरेज कर रहे थे। यह बात पीएमसीएच के एक्सटेंस प्राप्त अधीक्षक डॉक्टर आई एस ठाकुर को नागवार गुजरा। उनके द्वारा पत्रकारों को पहले वहां से हटाने को कहा गया। जिसके बाद मौजूद निजी गार्ड बदसलूकी पर उतर आए। पत्रकारों को पीछे हटाने लगें। वहां पीरबहोर के थानाध्यक्ष अब्दुल हलीम भी मौजूद थे। पत्रकारों ने उनसे हस्तक्षेप करने का आग्रह भी किया। लेकिन वो मूकदर्शक बने रहे। बाद में पत्रकार जैसे तैसे कवरेज कर के निकल गए।

फायर सेफ्टी बाल्टी में सिगरेट के टुकड़ेः आग लगने के बाद बुझाने के उपयोग में आने वाली फायर सेफ्टी बाल्टी में घटनास्थल पर सिगरेट के टुकड़े पड़े हुए थे। जिस बाल्टी में सेफ्टी के लिहाज से अग्निशमन की सामग्री होनी चाहिए। उसमें सिगरेट के छोटे छोटे टुकड़े पड़े थे। अंदर से रूम बिल्कुल खंडहर जैसा हो गया था। केवल गंदगी ही थी। गौरतलब है कि अगर पीएमसीएच लापरवाही नहीं बरतता। पटना डीएम के आदेशों का अनुपालन हुआ होता तो आज महज दो महीने के बाद ही दूसरी बार आग कैंपस में नहीं लगती।

टीम गठित कर जांच के आदेशः पटना डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने दैनिक भास्कर की खबर पर संज्ञान लिया है। उन्होंने टीम गठित कर के जांच करने का निर्देश दिया है। एडीएम आपदा, एसडीओ सदर, डिस्ट्रिक्ट फायर ऑफिसर, पेसू के जीएम को जांच करने का निर्देश दिया गया है। डीएम ने बार बार हो रही इस तरह की घटना पर चिंता जाहिर की है और इसमें स्वास्थ्य कर्मियों की भी लापरवाही सामने आएगी तो विभाग को प्रतिवेदित करेंगे। मीडिया कवरेज करने के दौरान बदसलूकी की भी जांच के आदेश दिए गए हैं।

पटना के 69 स्वास्थ्य संस्थानों को बंद करने का आदेश

भारत सरकार के गाइडलाइन का नहीं कर रहे थे पालन, DM ने की कार्रवाई

एजेंसी, पटना।

पटना के DM शीर्षत कपिल अशोक ने जिले के 69 स्वास्थ्य संस्थान को बंद करने का आदेश दिया है। इन संस्थानों को भारत सरकार के द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन नहीं करने पर यह कार्रवाई की गई है। पटना जिले में टीम लगातार दवा दुकानों की जांच करेगी। पटना के DM ने बताया कि यह कार्रवाई जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के प्रावधानों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों के खिलाफ की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बारे में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से पत्र प्राप्त हुआ था। इन मामलों की निगरानी NGT नई दिल्ली पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दिल्ली द्वारा भी की जा रही है। सभी स्वास्थ्य संस्थानों को जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016

के प्रावधानों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। सभी अनुमंडल पदाधिकारीयों को इसका लगातार पर्यवेक्षण करने का आदेश जारी किया गया है।

क्या है जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016ः जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन

यह कार्रवाई जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के प्रावधानों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों के खिलाफ की गई

नियम 2016 भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का एक सेट है, जिसमें पर्यावरण पर प्रभाव को कम करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं और अनुसंधान प्रयोगशालाओं द्वारा उत्पन्न किए गए बायोमेडिकल कचरे के संग्रह, अलग करना, उसका प्रबंधन और निपटान को बढ़ाने पर ध्यान दिलाना है। बायोमेडिकल कचरे में पशु और मानव शारीरिक अपशिष्ट, सर्जिकल उपकरण जैसे सीरींज और अस्पतालों और अनुसंधान केंद्रों में उपयोग की जाने वाली अन्य सामग्री शामिल हैं।

पटना समेत 13 जिलों में लू का अलर्ट

सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बाहर ना निकलने की एडवाइजरी

एजेंसी, पटना।

पटना समेत बिहार के अधिकतर जिले भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग की ओर से 22 से 24 अप्रैल तक पटना, बांका, शेखपुरा और जमुई जिले में लू यानी हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं अरवल, बक्सर, भोजपुर, जहानाबाद, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, नवादा और गया जिले के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि दिन के 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक घर से बाहर बेहद जरूरी काम होने पर ही निकलें। वहीं राजस्थान से आ रही शुष्क गर्म उत्तरी-पछुआ हवा, चिलचिलाती धूप और लगातार वायुमंडल में हो रही आर्द्रता की कमी की वजह से पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है।

आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसमः मौसम विभाग के वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम पारा 41 से 43 डिग्री तक रह सकता है। अगले 24 घंटों के दौरान बक्सर से भागलपुर तक दिन के समय सतही गर्म हवा की रफ्तार 10 से 20 किलोमीटर तथा झोंके के साथ हवा की रफ्तार 25 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है। 26 अप्रैल को एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ दस्तक देने वाला है। इसका असर 29-30 अप्रैल से होने की उम्मीद है।

विजय सिन्हा बोले-आतंकी, उग्रवादी, भ्रष्टाचारियों के यार हैं तेजस्वी

लालू-राबड़ी ने बिहार को बर्बाद किया, आरजेडी ने पूछा- प्रदेश के उपमुख्यमंत्री हैं या पार्टी प्रवक्ता

एजेंसी, पटना।

लोकसभा चुनाव के साथ ही बिहार में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जुबानी हमला तेज हो गया है। जांच एजेंसियों को बीजेपी का जमाई बताने पर विजय कुमार सिन्हा ने तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला बोला है। सूबे के डिप्टी सीएम ने तेजस्वी को आतंकी, उग्रवादी और भ्रष्टाचारियों का यार बताया है। सोमवार को पटना एयरपोर्ट पर वो मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव जिस भाषा प्रयोग कर रहे हैं। यह राजनीति का दुर्भाग्य है। CBI, ED और IT को भाजपा के जमाई कह रहे हैं। यह संविधान हमारी माता के रूप में है। संवैधानिक संस्थाएं मां के बेटे हैं। अगर जो इस पर मजाक कर रहे है और इस तरह की शब्दों का इस्तेमाल कर रहा है वो अपनी गिरी मानसिकता बता रहा है।

लालू-राबड़ी के किए काम ने बिहार को बर्बाद कियाः इसके साथ ही डिप्टी सीएम ने कहा कि लालू-राबड़ी के किए काम ने बिहार को बर्बाद किया है। बिहार की गाढ़ी कमाई को लूटने का काम किया। लालू के परिवारवाद पर कहा कि अब बिहार में यह पारिवारिक भ्रष्टाचारी पर्यावरण की जिम्मेदारी नहीं चलेगी। लोकतंत्र की जननी भूमि है .जनता के विश्वास जीतकर आएगा।

तेजस्वी ने कहा था- भाजपा के तीन जमाई ईडी, आईटी, सीबीआईः

रविवार को रांची में इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली में तेजस्वी यादव ने कहा था कि हम सब मिलकर देश में चल रही तानाशाही को देश से उखाड़कर फेंकने का काम करेंगे। आज दो कुर्सियां खाली है। झारखंड और दिल्ली में अच्छा काम चल रहा था। लेकिन मोदीजी को ये पचा नहीं। जांच एजेंसी पार्टी के सेल हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा के तीन जमाई ईडी, आईटी, सीबीआई। भाई हेमंत सोरेन जी को जेल में डाल दिया। केजरीवाल जी को जेल में डाला गया। मेरे पिता को भी जेल भेजा गया। हम पर केस मुकदमा किया गया। लेकिन हमारा गठबंधन का कोई नेता बीजेपी की गीदड़ भभकी से नहीं डरने वाले है।

इनकी भाषा इनकी पार्टी को लज्जित करनेवाली-आरजेडीः विजय सिन्हा के बयान पर राजद ने पलटवार किया है। आरजेडी के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा आप जिस भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति के द्वारा कही गई या बातें कहीं से भी उचित नहीं है। आप जब तेजस्वी यादव के प्रति ऐसी भाषा का इस्तेमाल करते हैं तो आम लोगों के लिए आप किस तरीके का भाषा का इस्तेमाल करते होंगे। भारतीय जनता पार्टी को प्रथम चरण की मतदान के बाद यह समझ में आ गया है कि देश की जनता अब मुद्दों पर सवाल कर रही है। जनता के बीच महंगाई बेरोजगारी का मुद्दा नहीं जाए इसलिए आप इस तरीके का भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। आपको यह बात समझ में नहीं आ रही है कि आप बिहार के उपमुख्यमंत्री हैं या पार्टी के प्रवक्ता है। आप ऐसी भाषा का इस्तेमाल करके अपने आप को और अपनी पार्टी को लज्जित कर रहे हैं।

हिन्दी दैनिक राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024

संक्षिप्त समाचार

सपा को झटका, विधायक अभय सिंह पत्नी और पिता सहित भाजपा में हुए शामिल

लखनऊ , एजेंसी। यूपी में समाजवादी पार्टी को झटका लगा है। गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह अपने पिता भगवान बख्श सिंह व पत्नी सरिता सिंह सहित भाजपा में शामिल हो गए। उन्हें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। अभय सिंह ने राज्यसभा चुनाव में भी भाजपा के पक्ष में मतदान किया था।

इसके अलावा करुणाकर पांडे, पूर्व सांसद संतोष कुमार सिंह, चौधरी सरदार सिंह, पूर्व विधायक अशोक सिंह, पूर्व विधायक पहलवान सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सुशीला देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्नी देवी, बसपा के वरिष्ठ नेता कुंवर वकील चंद्र भी भाजपा में शामिल हो गए।

अपने ही जाल में फंसा अल्ट्रासाउंड संचालक, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

अलीगढ़ , एजेंसी। विवाद पर दुकान मालिक को फंसाने के लिए अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक ने स्वयं से अपने शरीर पर तमंचे से गोली चलाई और दुकान मालिक व उसके पुत्रों सहित अन्य पर आरोप मढ़ दिया। पुलिस की जांच में उसका झूठ पकड़ में आ गया। इस पर अल्ट्रासाउंड संचालक पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने उसे दबोच लिया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया।

करवन नदी के समीप किराये की दुकान पर अल्ट्रासाउंड संचालक महेश शर्मा का दुकान मालिक से विवाद चल रहा है। 20 अप्रैल को भी दुकान खाली करने की बात पर महेश शर्मा का दुकान मालिक से विवाद हुआ था। सीओ राजीव द्विवेदी के अनुसार दुकान मालिक और उसके पुत्रों को फंसाने के लिए अल्ट्रासाउंड संचालक ने तमंचे से अपने ऊपर गोली चलाई और आरोप दुकान मालिक व उसके बेटों पर लगा दिया।पुलिस ने तत्काल दुकान मालिक और उसके पुत्र को हिरासत में ले लिया, लेकिन सीसीटीवी फुटेज खंगालने सहित जांच में अल्ट्रासाउंड संचालक की पोल खुल गई।

बाद में दुकान मालिक रामजीलाल पुत्र तुलाराम निवासी आईटीआई रोड अलीगढ़ की तहरीर पर महेश शर्मा सहित तीन-चार अज्ञात के विरुद्ध झूठे साक्ष्य देने, जबरन वसूली, जान से मारने की धमकी देने आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई।

कंप्यूटर सेंटर संचालक ने भेजे अश्लील मैसेज, छात्रा ने बीच क्लास जड़े थप्पड़

आगरा , एजेंसी। उत्तर प्रदेश के आगरा में कंप्यूटर सेंटर के संचालक ने कंप्यूटर कोर्स कर रही छात्रा को अश्लील मैसेज भेज दिए। छात्रा ने अपनी सहेली के साथ सेंटर पर पहुंचकर हंगामा किया। संचालक की पिटाई लगा दी। लोगों ने हंगामे का वीडियो वायरल कर दिया। हालांकि मामले की शिकायत पुलिस से नहीं की गई है।

मामला रकाबगंज क्षेत्र के एक कंप्यूटर सेंटर का है। इलाके की एक छात्रा सेंटर पर कोर्स कर रही है। आरोप है कि सेंटर के संचालक ने उसके मोबाइल पर अश्लील संदेश भेजना शुरू कर दिया। छात्रा के विरोध करने पर धमकाने लगा। इस पर छात्रा ने शनिवार को अपनी सहेली और उसके पति के साथ सेंटर पर पहुंचकर संचालक की पिटाई कर दी। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें आरोपी माफी मांगता दिखाई दे रहा है। घटना के संबंध में पीड़िता ने कोई तहरीर नहीं दी है।

मुना एक्सप्रेसवे पर हादसा: आगे जा रहे वाहन में घुसी रोडवेज बस, चालक की मौत

मथुरा , एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मथुरा में सोमवार की आधी रात करीब 2 बजे यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसा हो गया। यहां रोडवेज बस आगे जा रहे वाहन में पीछे से घुस गई। हादसे में चालक की मौत हो गई। करीब आधा दर्जन सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। बस लखनऊ से दिल्ली जा रही थी। हादसा सुरीर थाना क्षेत्र में हुआ। घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसा देख राहगीर रुक गए। आसपास के लोग भी भागकर पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

युवक की पिटाई मामले में पीएसी के तीन जवान निलंबित, बैरक में मिलीं शक्तिवर्धक दवाओं व इंजेक्शन की खेप

लखनऊ, एजेंसी। चारबाग से युवक को अगवा कर 35वीं वाहिनी पीएसी परिसर की बैरक में बंधक बनाकर पीटने के मामले में अब पीएसी के तीन जवानों को निलंबित किया गया है। ये सभी उस रात अलग-अलग गेट पर ड्यूटी पर थे। वहीं, तलाशी के दौरान बैरकों (जहां खिलाड़ी ठहरे हुए हैं) से भारी मात्रा में दवाएं व इंजेक्शन बरामद हुए हैं। इन्हें जब्त कर पीएसी के अस्पताल में रखा गया है।

मेरठ पुलिस के दो सिपाही विशाल चौहान व विशांत राणा एथलीट हैं। वह खेल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 35वीं वाहिनी पीएसी में आए थे। यहीं पर दोनों ठहरे थे। 13 अप्रैल की रात दोनों चारबाग गए थे। यहां पर कैंट निवासी फैज नाम के युवक से मामूली विवाद हो गया था। इसके बाद दोनों सिपाही उसे अगवा कर पीएसी परिसर में ले आए थे। यहां बैरक में जमकर पीटा था और उसके बाल काट दिए थे। मामले में दोनों सिपाहियों व अन्य 15 अज्ञात पर महानगर थाने में केस दर्ज किया गया था। सिपाहियों पर शांतिभंग के तहत कार्रवाई की गई थी। प्रकरण में पीएसी के तीन जवान अभिषेक यादव, शुभम कुमार और कार्तिकेय सिंह को निलंबित किया गया है। तीनों 2021 बैच के सिपाही हैं।

इसलिए नपे तीनों जवान- दरअसल, 13 अप्रैल की रात को अभिषेक यादव की गेट नंबर 2 पर रात 12 से 3 बजे तक ड्यूटी थी। वहीं, शुभम की गेट नंबर तीन व कार्तिकेय की गेट नंबर चार रात 10 से 2 बजे तक ड्यूटी थी। आरोपी सिपाही पीएसी परिसर से बाहर गए। युवक को उठाकर भीतर आए और फिर उसको बंधे तक छोड़ने गए, लेकिन किसी भी गेट पर उनकी इंट्री नहीं की गई। इस लापरवाही के लिए इन पर कार्रवाई की गई।

करीब छह घंटे तक चली थी तलाशी- सूत्रों के मुताबिक वारदात के बाद 14 अप्रैल को आईजी पीएस ने उन बैरकों की तलाशी कराई जहां पर खिलाड़ी रुके हैं। बैरकों से शक्तिवर्धक दवाओं के अलावा ऐसे इंजेक्शन बरामद हुए जिनको खिलाड़ी खेल से पहले लेते हैं। सूत्रों का दावा है कि कुछ ड्रग्स भी बरामद हुईं। दवाओं की मात्रा इतनी अधिक थी कि एक छोटा डाला भर गया। तलाशी शाम करीब पांच से रात 11 बजे तक चली थी।

कोच समेत एक दर्जन लोग भी जांच के दायरे में आए- आरोपी सिपाही 13 अप्रैल की रात करीब दो बजे से महानगर पुलिस की हिरासत में थे। पुलिस ने 14 अप्रैल की दोपहर पीएसी के अफसरों को इसकी जानकारी दी। हैरानी की बात ये है कि इस बीच हुई गणना में आरोपी दोनों सिपाहियों की उपस्थिति दर्ज कर दी गई। यदि ऐसा न हुआ होता तो उसी वक्त पकड़ में आ जाता कि दो सिपाही गैर हाजिर हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सूत्रों के मुताबिक कोच समेत करीब एक दर्जन जिम्मेदार जांच के दायरे में हैं।

बयान देने से कतराते रहे अफसर- प्रकरण में बातचीत के लिए आईजी पीएस अपर्णा कुमार से संपर्क किया गया। उनका कहना था कि मामले में 35वीं वाहिनी पीएसी के कमांडेंट बयान दें। कई बार कॉल करने के बाद कमांडेंट अतुल शर्मा ने जब कॉल रिसीव की तो उन्होंने कुछ देर में जानकारी देने की बात कही। बाद में कॉल रिसीव नहीं की। कुल मिलाकर अफसर प्रकरण में बयान देने से कतराते रहे।

पुराने दिग्गज इस बार नदारद, अज्ञातवास में विनय कटियार तो गठबंधन ने किया निर्मल खत्री को उपेक्षित!

अयोध्या, एजेंसी। कभी चुनाव मैदान में कप्तान की भूमिका में रहे राजनीति के दिग्गज इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान दर्शक दीर्घा में आराम कर रहे हैं। पूर्व सांसद विनय कटियार, पूर्व सांसद निर्मल खत्री और पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू जैसे दिग्गज इस बार अयोध्या के रण से नदारद हैं। ऐसे में इनके समर्थक असमंजस में हैं।

पहले बात शुरू करते हैं भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय कटियार की। एक समय अयोध्या की राजनीति की धूरी रहे कटियार आजकल अज्ञातवास में हैं। विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में उन्हें देश भर में अलग पहचान मिली। राममंदिर आंदोलन के समय कटियार फायर ब्रांड नेता के तौर पर चर्चित हुए। भाजपा में उन्होंने राष्ट्रीय महासचिव तक का दायित्व संभाला। वर्ष 1991 व 1999 में वे दो बार फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से चुने भी गए।

पार्टी में उनके योगदान और बड़े कद को देखते हुए वर्ष 2012 व 2018 में दो बार राज्यसभा में भेजा गया। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव तक कटियार अयोध्या की राजनीति में सक्रिय रहे। उन्होंने इस विधानसभा चुनाव में रुदौली के पार्टी प्रत्याशी रामचंद्र यादव के समर्थन में चुनावी सभाएं भी कीं। इसके बाद से वे राजनीति से कटते गए। इस आम चुनाव में अभी तक भाजपा की ओर से उनकी कोई भूमिका तय नहीं की गई है।

इसी तरह कांग्रेस के कद्दावर नेता निर्मल खत्री भी इस बार पर्दे के पीछे हैं। गठबंधन में फैजाबाद सीट सपा के हिस्से में चली गई। सपा ने यहां से अवधेश प्रसाद को चुनाव मैदान में उतारा है। निर्मल पहली बार वर्ष 1980 में यहां से विधायक चुने गए। इसके बाद वर्ष 1984 व 2009 में सांसद निर्वाचित हुए। वर्ष 2012 से 2016 तक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे। उन्होंने वर्ष 2014 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस से लड़ा और 1,29,917 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे। वर्ष 2019 के चुनाव में 53,386 मत पाकर तीसरे स्थान पर थे। इस चुनाव में कांग्रेस का सपा से गठबंधन है और निर्मल चुनाव मैदान से बाहर हैं।

कभी बसपा सुप्रीमो मायावती के करीबी नेताओं में शुमार जितेंद्र सिंह बबलू इस लोकसभा चुनाव में राजनीति से दूरी बनाए हुए हैं। बबलू वर्ष 2007 में बसपा के टिकट पर बीकापुर से विधायक चुने गए थे। वर्ष 2014 में बसपा से ही लोकसभा चुनाव लड़े और 1,41,827 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। तब कांग्रेस यहां चौथे स्थान पर सिमट गई थी। वर्ष 2021 में पूर्व विधायक भाजपा में शामिल हो गए। यह अलग बात रही कि वर्ष 2009 में तत्कालीन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीता बहुगुणा जोशी का घर जलाने के आरोप में घिरे बबलू की सदस्यता बाद में निरस्त कर दी गई। वर्ष 2022 में निषाद पार्टी का दामन थामा। इसके बाद से वे राजनीति के रण मे दिखाई नहीं दे रहे हैं।

शार्ट सर्किट से लगी आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख, कई दुकानें चपेट में आईं

दोस्तपुर (सुल्तानपुर) , एजेंसी। सुल्तानपुर जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत स्थित बहबल टोला पश्चिम शाही पुल के पास भूषण मशीनरी स्टोर में सोमवार की सुबह सात बजे शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग ने बगल की जायसवाल मशीनरी स्टोर पाइप एवं वाटर टैंक को भी अपनी चपेट में ले लिया।

भूषण मशीनरी स्टोर की दुकान के नीचे बने लंबे चौड़े बेसमेंट में रखी पलास्टिक की पाइपें, सैकड़ो की संख्या में वाटर टैंक, दर्जनों जनरेटर, दर्जनों पंपिंग सेट, कई कुंतल डिलीवरी पाइप, सैकड़ों लीटर मोबिल, एक पिकप गाड़ी, एक बोलेरो गाड़ी और दुकान में रखा पूरा सामान धूं धूं कर जल गया। बेसमेंट की छत को तोड़कर पानी की बौछार की गई। जेसीबी बुलाकर दुकान को तोड़कर पानी की बौछार की गई।

सूचना पर सुल्तानपुर जिले से एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मंगवाई गई पर जब आग पर काबू न पाया जा सका तो अधिकारियों को फोन किया गया। अंबेडकरनगर से चार फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और मोर्चा संभाला जिससे आग पर काबू पा लिया गया।

भतीजा लेकर आया दलाल, नौकरी का दिया झांसा

दिवंगत पूर्व दरोगा की विधवा से लाखों ठगे... अब दे रहा धमकी

आगरा , एजेंसी। उत्तर प्रदेश के आगरा में दिवंगत पूर्व दरोगा की पत्नी के साथ धोखाधड़ी की गई। आरोपी ने बेटी की सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 4.50 लाख रुपये ले लिए। नौकरी नहीं लगने पर पीड़िता ने रकम वापस मांगी। इस पर आरोपी धमकी देने लगे। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर पांच लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज हुआ है। आरोपियों में एक लखनऊ सचिवालय का समीक्षा अधिकारी भी बताया गया है।

मामला एत्माद्दौला थाना क्षेत्र का है। पालिका नगर, नवलगंज निवासी उर्मिला देवी ने बताया कि पति महाराम सिंह सेवानिवृत्त दरोगा थे। दिसंबर 2022 में उनका देहांत हो गया। रिश्ते का भतीजा सुभाष नगर निवासी सुनील लखनऊ सचिवालय में समीक्षा अधिकारी है। वह पांच फरवरी 2023 को दोस्त कलाल खेरिया निवासी नीरज के साथ घर आया। उसने नीरज की कई विभागों में अच्छी सेटिंग बताई।

बताया कि वह लखनऊ और दिल्ली में संविदा पर कई लोगों की नौकरी लगवा चुके हैं। कुछ साल में स्थायी कर्मचारी बनवा देते हैं। उनकी बेटी की भी नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। इसके लिए 4.50 लाख रुपये ले लिए। मगर, 23 महीने बाद भी नौकरी नहीं लगवाई। रुपये वापस मांगने पर धमकी दी जा रही है। मामले में सुनील कुमार, अमर सिंह, उमेंद्र, नीरज और कुंवरपाल सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

पारे में मामूली गिरावट, लू की चेतावनी बरकरार

लखनऊ, एजेंसी। दिन कुछ राहत भरा रहा। गर्म हवा और लू से राहत मिली। वहीं पारे में भी कुछ गिरावट दर्ज हुई। वाराणसी में 43 तक पहुंचा पारा 40.3 डिग्री दर्ज हुआ। प्रयागराज में भी 42 पार पारा 41 डिग्री रहा। शनिवार को प्रदेश में ज्यादातर इलाकों में दिन का तापमान 40 से अधिक ही था लेकिन रविवार को इसके उलट स्थिति रही। पारे में गिरावट रही और ज्यादातर जगह ये 40 से नीचे दर्ज हुआ।

मौसम विभाग के मुताबिक, रात के तापमान में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं हैं। रविवार को पारा समान्य से अधिक बना रहा और 20.6 से 29 डिग्री के बीच रहा। जबकि अधिकतम तापमान कई जगह सामान्य से कम हुआ।

आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह व मो. दानिश के मुताबिक, सोमवार को कुछ राहत रहेगी, लेकिन मंगलवार से फिर लू चलने के आसार बन रहे हैं। पारे में भी दो डिग्री से अधिक की गिरावट आ सकती है। सोमवार को

पश्चिमी यूपी के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हो सकती है।

अगले दो दिनों के लू को लेकर येलो अलर्ट - प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदासनगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीरनगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, अंबेडकरनगर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, बलरामपुर, अयोध्या, सुल्तानपुर, उन्नाव, रायबरेली, कानपुर और आसपास।

बरेली में गरमाई सियासत: आंवला से बसपा प्रत्याशी ने सपा उम्मीदवार पर दर्ज कराई रिपोर्ट, पुलिस ने शुरू की जांच

बरेली , एजेंसी। आंवला लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी आबिद अली ने सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य और बसपा से ही टिकट होने का दावा करके नामांकन करने वाले सत्यवीर सिंह पर धोखाधड़ी व जालसाजी जैसी गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सत्यवीर पार्टी के प्रत्याशी नहीं हैं, इसकी पुष्टि एक दिन पहले बसपा प्रमुख मायावती ने की थी और उसके बाद उनका नामांकन निरस्त किया गया था। इसके बाद बसपा उम्मीदवार आबिद अली ने अपने साथ हुई साजिश में सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य को भी शामिल बताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। हालांकि नीरज मौर्य ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

आबिद अली ने रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ ही बताया कि बहुजन समाज पार्टी ने आंवला लोकसभा से उन्हें प्रत्याशी बनाया है, जबकि रिटर्निंग कार्यालय से जारी प्रत्याशियों की अंतिम सूची में

शाहजहांपुर के जलालाबाद निवासी सत्यवीर सिंह को बहुजन समाज पार्टी का प्रत्याशी दर्शाया गया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि सत्यवीर ने नकली मोहर और फर्जी दस्तावेज तैयार कर फार्म ए और बी सिंबल अथॉरिटी के रूप में नामांकन के साथ लगाया। बसपा के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार ने भी रिटर्निंग अधिकारी को लिखित में अवगत कराया कि सत्यवीर को ए और बी फार्म जारी नहीं किया गया था। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी इसकी पुष्टि की। इसके बाद सत्यवीर का परचा खारिज हुआ।

बसपा कार्यकर्ताओं ने पकड़ी थी कार

आबिद का आरोप है कि सत्यवीर के नामांकन के दौरान फर्जी दस्तावेजों की फाइल श्यामलाल नाम का शख्स कार में लेकर बैठा था। कलक्ट्रेट गेट पर बसपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कार पकड़ी तो कार के ड्राइवर अशोक मौर्य ने पुलिस को बताया कि उसे सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य के करीबी नरेंद्र कुमार ठेकेदार ने श्यामलाल को लेने भेजा था। आबिद का आरोप है कि सत्यवीर और सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य मिले हुए हैं और फर्जी दस्तावेज तैयार करने में दोनों की मिलीभगत है।

आबिद अली की शिकायत पर कोतवाली में दोनों प्रत्याशियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आबिद का आरोप है कि नीरज मौर्य और सत्यवीर दोनों ही शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद से ताल्लुक रखते हैं और सत्यवीर को फर्जी तरीके से प्रत्याशी बनवाने की साजिश में नीरज मौर्य भी बराबर के साझीदार हैं। इसका प्रमाण वह पुलिस को दे चुके हैं।

पुलिस ने सीज की कार, मिलीं दो लाल टोपियां

बसपा कार्यकर्ताओं ने सपा प्रत्याशी पर साजिश का आरोप लगाकर कार कोतवाली पुलिस को दी है। उसमें सपा की बताई जा रहीं दो लाल टोपियों के अलावा कुछ नहीं मिला। बसपाइयों का कहना था कि इसी कार से सत्यवीर के फर्जी कागजात नीरज मौर्य के करीबी लेकर आए हैं तो इसे सीज कर मुकदमे का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। वहीं आरोपों की पुष्टि न देखकर इंस्पेक्टर कोतवाली डीके शर्मा ने कार को बिना कागजात मानकर सीज कर दिया। इधर, कार ड्राइवर अशोक का भी वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह नीरज मौर्य से तो जुड़ाव बता रहा है लेकिन सत्यवीर को जानने से इन्कार कर रहा है।

आरोप निराधार: नीरज मौर्य

बसपा प्रत्याशी के आरोपों पर सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य का कहना है कि शनिवार के घटनाक्रम को लेकर उन्हें वीडियो आदि से जानकारी हो रही है। वह जो समझ रहे हैं उसके मुताबिक कार चलाने वाला अशोक उनका समर्थक है। उसे रास्ते में जलालाबाद के ही एक वकील मिल गए थे, जिन्होंने खुद को कलक्ट्रेट की तरफ छोड़ने का अनुरोध किया था। ड्राइवर ने उन्हें वहां छोड़ दिया होगा। वकील के पास किसके कागजात थे और सत्यवीर सिंह से उनका क्या जुड़ाव है, ये वह नहीं जानते। रिपोर्ट राजनैतिक कारणों से लिखवाई गई है। पुलिस सही से जांच करेगी तो सच्चाई सामने आ जाएगी। पुलिस को सीसीटीवी, सर्विलांस आदि का प्रयोग कर निष्पक्ष विवेचना करनी चाहिए।

संक्षिप्त समाचार

सीरिया में अमेरिकी फौज के ठिकानों पर हमले

इजराइल। इजराइल-ईरान में चल रहे तनाव के बीच रविवार रात सीरिया में अमेरिकी फौज के ठिकानों पर हमले हुए हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक ये हमला इराक से किया गया। इराक की सिक्योरिटी फोर्सेस के मुताबिक अमेरिका के मिलिट्री बेस पर निनेवेह इलाके से 5 रॉकेट दागे गए फिलहाल हमला करने वालों को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक हमले का आरोप इराक में ईरान समर्थित समूह कातिब हिजबुल्लाह पर है, जो इराक से अमेरिकी फौज को बाहर करना चाहता है। हाल ही में इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल सुदानी अमेरिका के दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति से मांग की थी कि वो इराक से अपनी फौज को निकाल लें। इराक के मिलिट्री अधिकारियों के मुताबिक, सीरिया से इराक के शहर जुम्मार में एक छोटे ट्रक से रॉकेट लॉन्च किए गए। इस दौरान जिस ट्रक पर रॉकेट लॉन्चर रखा हुआ था उसमें भी विस्फोट हो गया। इस विस्फोट के दौरान इराक में कुछ फाइटर जेट्स दिखाई दिए थे। ऐसे में ये माना जा रहा है कि हमले के बाद अमेरिका ने ट्रक पर कार्रवाई की है। जिसके बाद पूरा ट्रक जलकर खाक हो गया। हालांकि, इराक की सिक्योरिटी फोर्सेस ने अमेरिका के कार्रवाई करने वाली बात पर अब तक कोई जानकारी नहीं दी है। सीरिया में अमेरिका के ठिकानों पर हमला उस वक्त हुआ है जब हाल ही में ईरान ने इजराइल और फिर इजराइल ने ईरान पर एयर स्ट्राइक की। इसकी शुरुआत सीरिया में ईरान के ठिकानों पर हुए इजराइल के हमलों से हुई थी। अमेरिकी मीडिया हाउस न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ईरान और इजराइल ने आपस में स्ट्राइक की है, पर इससे ईरान और पश्चिमी देशों के बीच टकराव का अंत नहीं समझा जाना चाहिए।

दिल्ली की गाजीपुर लैंडफिल साइट में आग

नई दिल्ली। दिल्ली की गाजीपुर लैंडफिल साइट में रविवार शाम से भीषण आग लगी है। डंपिंग यार्ड से पिछले करीब 12 घंटे से आग की लपटों के साथ धुएं का गुबार निकल रहा है। फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटी हैं। दिल्ली फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें रविवार शाम करीब 6 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। शुरुआत में दो दमकल गाड़ियों को भेजा गया। बाद में 8 और गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। इनमें से 4 गाड़ियां डंपिंग यार्ड के ऊपरी हिस्से पर हैं। आग लगने का कारण गर्म और शुष्क मौसम बताया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि गीला कबाड़ दबे रहने से उसमें हीट पैदा होती है। फिर उसमें गैस बनती है, जिससे आग लगती है। फिलहाल, घटना में किसी के हताहत की खबर नहीं है। कचरे के ढेर से धुआं निकलने से आसपास की कॉलोनी में रहने वाले लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत होने लगी है। लोगों ने सरकार और प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। फायर ब्रिगेड के अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने में समय लग सकता है। ऊपर से आग बुझने के बावजूद लैंडफिल के अंदर लंबे समय तक आग जलती रह सकती है। पुलिस ने लैंडफिल साइट के आसपास के इलाके की घेराबंदी कर दी है। दमकल की गाड़ियां आसानी से आ सकें, इसके लिए सड़कों को भी खाली कराया गया है। आम लोगों को वहां खड़े होने या वीडियो बनाने से रोका गया है। एक स्थानीय निवासी ने न्यूज एजेंसी ANI से कहा कि धुएं से सांस लेने में दिक्कत हो रही है। यहां रहने वालों का जीवन मुश्किल हो गया है। इतनी बदबू आती है कि यहां खड़ा होना भी मुश्किल है। सरकार का ध्यान सिर्फ चुनाव पर है। कोई भी उन मुद्दों पर ध्यान नहीं दे रहा है, जिनका हम सामना करते हैं। दिल्ली की मेयर शेली ओबेरॉय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि गाजीपुर लैंडफिल साइट के एक छोटे से हिस्से में आग लगी है। सभी अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। हालात नियंत्रण में है।

MDH-एवरेस्ट समेत अन्य मसालों के सैंपल जांचे जाएंगे

नई दिल्ली। हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में MDH और ऐवरेस्ट के चार मसालों की सेल पर बैन के बाद अब भारत सरकार ने फूड कमिश्नर्स से इनके सैंपल कलेक्ट करने को कहा है। मीडियो रिपोर्ट्स में इस बात की जानकारी दी गई है। दोनों कंपनियों के इन प्रोडक्ट्स में कार्सिनोजेनिक पेस्टिसाइड एथिलीन ऑक्साइड की ज्यादा मात्रा होने के कारण इन्हें बैन किया गया था। इन प्रोडक्ट्स में इस पेस्टिसाइड की ज्यादा मात्रा से कैंसर होने का खतरा है। हॉन्गकॉन्ग के फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने कहा था कि MDH ग्रुप के तीन मसाला मिक्स- मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और करी पाउडर में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा पाई गई है। एवरेस्ट के फिश करी मसाला में भी यह कार्सिनोजेनिक पेस्टिसाइड पाया गया है। सरकारी सूत्रों ने कहा, 'देश के सभी फूड कमिश्नर्स को इस मामले को लेकर अलर्ट कर दिया गया है। मसालों के सैंपल कलेक्शन की प्रोसेस शुरू कर दी गई है। तीन से चार दिनों में MDH और ऐवरेस्ट समेत देश की सभी कंपनियों की मसाला मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स से सैंपल्स कलेक्ट कर लिए जाएंगे। इनकी लैब रिपोर्ट करीब 20 दिनों में आएगी।' भारत में फूड आइटम्स में एथिलीन ऑक्साइड के इस्तेमाल पर बैन है। भारतीय मसालों में हानिकारक तत्व पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आपराधिक कार्यवाही का भी प्रावधान है।

चीन में भारी बारिश और बाढ़ की चेतावनी, 1 हजार से ज्यादा स्कूल बंद

44 नदियां खतरे के निशान से ऊपर, 11 लापता और 6 घायल

एजेंसी, सिंगापुर।

चीन में आज (22 अप्रैल) भारी बारिश और बाढ़ आने की संभावना है। इसका असर दिखने भी लगा है। दक्षिण चीन के कई शहरों में 16 अप्रैल से हो रही तेज बारिश के चलते पानी भर गया है। 44 से ज्यादा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। सिंगापुर की नेशनल न्यूज एजेंसी CNA के मुताबिक बाढ़ के कारण अब तक 11 से ज्यादा लोग लापता हैं। वहीं भूस्खलन की घटनाओं में अब तक 6 लोग घायल हो चुके हैं। हालांकि, किसी के हताहत होने की अभी कोई खबर नहीं है। लोकल प्रशासन लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए लगातार रेस्क्यू मिशन चला रहा है। अब तक 80 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा चुका है। इमरजेंसी सेवाएं अलर्ट मोड पर हैं। बाढ़ के चलते अब तक 165 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। चीन के राष्ट्रीय मौसम विभाग के मुताबिक 21 अप्रैल की शाम को साउथ चीन के तटीय क्षेत्रों से एक तूफान टकराया है, जिसके कारण चीन में सदी की सबसे बड़ी बाढ़ आ सकती हैं। माना जा रहा है कि इस तूफान से लगभग 12 करोड़ लोग प्रभावित होंगे। मौसम विभाग ने पहले ही इस तूफान को लेकर चेतावनी जारी कर दी थी।

समुद्री इलाकों में जाने से रोकः गुआंग्शी शहर और हेझोउ शहर में 65 भूस्खलन की घटनाएं हो चुकी हैं। पिछले 4 दिनों से लगातार बारिश के कारण गुआंग्डोंग शहर में मूसलाधार बारिश हो रही है, जिससे पर्ल रिवर डेल्टा पानी से भर गया है। कई रिहायशी इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है और एक मंजिला तक घर डूब गए हैं। सरकार ने हालत ठीक होने तक समुद्री इलाकों में जाने पर रोक लगा दी है। साउथ चीन की सबसे मुख्य बेई नदी उफान पर है, यहां सोमवार तक रिहायशी इलाकों में 19 फीट ऊपर तक पानी भर गया है। चीन में हर 50 साल में एक बार ऐसी बाढ़ आती है। गुआंग्डोंग में प्रशासन इमरजेंसी मोड की तैयारी में है। इसके अलावा जियांग्शी और फुजियान में मौसम विभाग ने भारी बारिश की संभावना जताई है।

अगले आदेश तक स्कूल बंदः तूफान का असर झाओकिंग, शोगुआन, क्विंगयुआन और जियांगमेन शहरों पर भी दिखने लगा है। यहां 12 घंटों से भारी बारिश हो रही है। झाओकिंग के पूरे शहर में बिजली गायब है। तीन प्रांतों में अगले आदेश तक 1 हजार से ज्यादा स्कूलों को बंद कर दिए गया है। शहर में मोबाइल सिग्नल भी गायब हो गए है। गुआंग्डोंग में किंगयुआन और शोगुआन में सेना को मदद के लिए भेजा गया है। गुआंग्डोंग में 27 हाइड्रोलॉजिकल स्टेशन अलर्ट पर है। यहां बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हो रही है।

बंगाल में 24 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द

एजेंसी, कोलकाता।

- हाईकोर्ट का आदेश- 8 साल की सैलरी लौटाएं, ममता बोलीं- फैसला गैरकानूनी, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को 2016 में हुई शिक्षक भर्ती रद्द कर दी। इसके अलावा अवैध नियुक्ति पर काम कर रहे शिक्षकों से 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी भी वापस लेने के निर्देश दिए। जस्टिस देवांग्शु बसाक और जस्टिस शब्बर रसीदी की बेंच ने कहा- कैंसर पीड़ित सोमा दास की नौकरी सुरक्षित रहेगी। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (WBSSC) नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करे। हाईकोर्ट के आदेश को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गैरकानूनी बताया है। उन्होंने कहा- हम उन लोगों के साथ खड़े रहेंगे जिनकी नौकरियां चली गईं। भाजपा नेता न्यायपालिका के फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं। इस फैसले के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। पश्चिम बंगाल सरकार ने 2014 में WBSSC के जरिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ भर्ती किया था। तब 24, 640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक लोगों ने भर्ती परीक्षा दी थी। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपए तक की घूस लेने का आरोप है। मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट को कई शिकायतें मिली थीं। भर्ती में अनियमितताओं के मामले में CBI ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी मॉडल अर्पिता मुखर्जी और SSC के कुछ अधिकारियों को गिरफ्तार किया था। ममता बनर्जी की सरकार ने 2014 में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। इसकी प्रक्रिया 2016 में पूरी हुई थी। तब पार्थ चटर्जी राज्य के शिक्षा मंत्री थे। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि जिन उम्मीदवारों के नंबर कम थे उन्हें मेरिट लिस्ट में ऊपर स्थान मिला। कुछ उम्मीदवारों का मेरिट लिस्ट में नाम न होने पर भी नौकरी दी गई। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि कुछ ऐसे भी उम्मीदवारों को नौकरी दी गई, जिन्होंने TET परीक्षा भी पास नहीं की थी, जबकि राज्य में शिक्षक भर्ती के लिए TET की परीक्षा पास करना अनिवार्य है।

UP-बिहार में हीटवेव चलेगी, MP-छत्तीसगढ़ में तापमान 42 पार

एजेंसी, नई दिल्ली।

- झारखंड में टेम्प्रेचर 46 डिग्री पहुंचा, 23 राज्यों में आज बारिश का भी अनुमान

मौसम विभाग ने देश के 4 राज्यों के लिए आज हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इनमें बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों के साथ छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के कई जिलों में रविवार को तापमान 42 डिग्री के पार पहुंचा। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम स्थित बहरागोड़ा में सबसे ज्यादा 46.0 डिग्री सेल्सियस टेम्प्रेचर रिकॉर्ड किया गया। उधर, ओडिशा के कुछ जिलों में तापमान 43 डिग्री के करीब बना हुआ है। यहां हीटवेव चलने के कारण स्कूलों का समय बदला गया है। आज से 24 अप्रैल तक ओडिशा के सभी स्कूल सुबह 6.30 से 10.30 तक ही लग रहे हैं। वहीं, 25 अप्रैल से गर्मियों की छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के भी सभी स्कूलों में आज से 15 जून तक छुट्टियों का ऐलान किया गया है। मौसम विभाग ने दिल्ली में आज बूंदाबांदी की संभावना भी जताई है। वहीं, कुछ जगह धूल भरी आंधी चलने के आसार हैं। ऐसे में तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

केजरीवाल को अपने डॉक्टर से परामर्श की इजाजत नहीं मिली

कोर्ट का निर्देश- AIIMS मेडिकल बोर्ड बनाए

एजेंसी, नई दिल्ली।

शराब नीति केस में 1 अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपने डॉक्टर से कंसल्ट नहीं कर पाएंगे। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को उनकी याचिका खारिज कर दी। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने AIIMS को निर्देश दिया कि वह केजरीवाल की जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड बनाएं ताकि यह पता चल सके कि उन्हें शुगर लेवल कंट्रोल करने के लिए इंसुलिन की जरूरत है। इसके अलावा उनके अन्य मेडिकल जरूरतों का भी पता लगाएं। केजरीवाल ने कोर्ट से डिमांड की थी कि उन्हें शुगर है। जेल में उन्हें इंसुलिन नहीं दिया जा रहा। वे अपने डॉक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोज 15 मिनट परामर्श लेना चाहते हैं। इसके अलावा उन्होंने डायबिटीज की रेगुलर जांच और इंसुलिन की मांग की थी।

ED ने कहा था- जानबूझकर मीठा खा रहे केजरीवालः ED ने 18 अप्रैल को राउज एवेन्यू कोर्ट से कहा था कि जेल में केजरीवाल जानबूझकर आम और मिठाई खा रहे हैं, ताकि उनका शुगर लेवल बढ़े और उन्हें मेडिकल ग्राउंड पर जमानत मिल जाए। कोर्ट ने ED से इस पर जवाब मांगा था।

हाईकोर्ट में दो अन्य मामलों में भी हुई सुनवाईः इससे पहले सुबह हाईकोर्ट ने केजरीवाल से जुड़ी 2 अन्य याचिकाओं पर सुनवाई की। पहली- हाईकोर्ट ने केजरीवाल की जमानत के लिए दायर की गई जनहित याचिका खारिज कर दी। याचिका 'वी द पीपुल ऑफ इंडिया' के नाम से एक लॉ स्टूडेंट ने लगाई थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर 75 हजार का जुर्माना भी लगाया। याचिकाकर्ता ने कहा था कि दिल्ली के CM की गिरफ्तारी से सरकार का कामकाज ठप पड़ गया है। कोर्ट ने कहा- राहुल मेहरा CM की ओर से पेश हुए हैं। उनका कहना है कि वे अपना काम कर रहे हैं। उन्हें आपसे कोई मदद नहीं चाहिए। मेहरा ने कहा था कि याचिका पब्लिसिटी के लिए लगाई गई है। वहीं दूसरे मामले (ED के समन के खिलाफ) की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस सुरेश कैत और जस्टिस मनोज जैन की बेंच में हुई। बेंच ने इसे 15 मई के लिए लिस्ट कर दिया।

मालदीव में भारत विरोधी मुइज्जू जीते संसदीय चुनाव

93 सीटों में से 71 सीटें मिली, भारत समर्थक पार्टी 12 पर सिमटी

एजेंसी, माले।

मालदीव में इंडिया आउट कैंपेन चलाने वाले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी ने संसदीय चुनाव में जीत हासिल की है। कल (21 अप्रैल) 93 सीटों पर हुए चुनाव में शुरुआती नतीजे आ चुके हैं। इनमें मुइज्जू की पार्टी नेशनल पीपुल्स कांग्रेस और उनकी समर्थक पार्टियों को 71 सीटें मिली हैं। इस पर चीन ने मुइज्जू को बधाई दी है। जबकि भारत समर्थक MDP को मात्र 12 सीटें हासिल हुई। संसद में बहुमत के लिए 47 से ज्यादा सीटों की जरूरत थी। नतीजों की आधिकारिक घोषणा में एक हफ्ते का समय लगेगा। वहीं, मालदीव की संसद का कार्यकाल मई में शुरू होगा। न्यूज एजेंसी AP के मुताबिक मुइज्जू की जीत भारत के लिए बड़ा झटका है। भारत और चीन की इस चुनाव पर कड़ी निगाह थी। दोनों रणनीतिक रूप से अहम मालदीव में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहते हैं। मुइज्जू की पार्टी की जीत के बाद अब मालदीव में आने वाले 5 साल तक चीन समर्थक सरकार रहेगी।

8 से 66 सीटों पर पहुंची मुइज्जू की पार्टीः मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी को पिछले संसदीय चुनाव में मात्र 8 सीटें हासिल थीं। इसके चलते राष्ट्रपति होने के बावजूद मुइज्जू न तो अपनी पॉलिसीज के मुताबिक बिल पास करा पा रहे थे और न ही बजट पास करा पाए। अब 71 सीटें जीतने के बाद विपक्षी पार्टी उनके रास्ते में कोई रुकावट पैदा नहीं कर सकेगी। चुनाव में भारत समर्थक मानी जाने वाली मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी (MDP) को करारी शिकस्त मिली है। MDP ने 89 उम्मीदवार मैदान में उतारे थे। इनमें से दर्जनभर उम्मीदवारों को ही जीत हासिल हो पाई है। मुइज्जू सरकार में एक सीनियर अधिकारी ने न्यूज एजेंसी AFP से कहा था कि जियोपॉलिटिक्स चुनाव में अहम मुद्दा था। अधिकारी के मुताबिक मुइज्जू भारतीय सैनिकों को देश से निकालने के वादे पर जीते थे। वो इस पर काम भी कर रहे हैं पर संसद इसमें उनकी मदद नहीं कर रही थी। मुइज्जू ने राष्ट्रपति चुनाव की तरह संसदीय चुनाव में भी भारतीय सैनिकों को मालदीव से निकालने के मुद्दे का सहारा लिया था।

भारत-मालदीव के रिश्तों में तनाव की वजहः 15 नवंबर 2023 को मालदीव के नए राष्ट्रपति और चीन समर्थक कहे जाने वाले मोहम्मद मुइज्जू ने शपथ ली थी। इसके बाद से भारत और मालदीव के रिश्तों में खटास आई है। नतीजा ये हुआ कि मालदीव ने वहां तैनात 88 भारतीय सैनिकों को निकालने का फैसला किया। इनमें से अब तक 25 सैनिक वापस आ चुके हैं। ये दो हेलिकॉप्टर और एक एयरक्राफ्ट का ऑपरेशन संभालते रहे थे। इनकी सिविलियन्स लेंगे। आमतौर पर मालदीव में इन हेलिकॉप्टर्स का इस्तेमाल रेस्क्यू या सरकारी कामों में किया जाता है। मालदीव से बिगड़ते रिश्तों के बीच प्रधानमंत्री मोदी लक्षद्वीप दौरे पर गए और उन्होंने लोगों से घूमने के लिए वहां आने की अपील की। इस पर मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की।

इजराइल के मिलिट्री इंटेलिजेंस चीफ ने इस्तीफा दिया

एजेंसी, इजराइल।

इजराइली सेना के खुफिया विभाग के चीफ मेजर जनरल अहरोन हलीवा ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 7 अक्टूबर को हुए हमास के हमले को नाकाम न कर पाने की जिम्मेदारी लेते हुए अपना पद छोड़ा है। वे पहले सीनियर ऑफिसर हैं, जिन्होंने हमले को नाकाम न कर पाने की जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा दिया है। सेना ने अहरोन हलीवा के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। मेजर हलीवा ने सेना को दिए इस्तीफे में लिखा है, "7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर घातक हमला किया था। उस हमले का पता लगाने में मेरे नेतृत्व में काम कर रही टीम नाकाम रही। तभी से मैं सीने में दर्द लेकर जी रहा हूं। इसलिए मैंने फैसला किया है कि मैं अपने पद से इस्तीफा दूंगा।" हमास ने 7 अक्टूबर को इजराइल पर 5 हजार से ज्यादा मिसाइल्स और ड्रोन्स से हमला किया था। इस हमले में इजराइल के मुताबिक 1 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। वहीं हमास ने 250 से ज्यादा लोगों को बंदी बना लिया था। यह हमला पिछले कुछ इजराइल पर अब तक हुए सबसे बड़े हमलों से एक था, जिसे रोकने में इजराइली सेना नाकाम रही थी। हमास ने इजराइल के नोवा म्युजिक फेस्टिवेल के वेन्यू को 3 तरफ से घेर लिया था।

हमले में मौत के बाद महिला की डिलीवरी, डॉक्टरों ने जिंदा बच्ची को गर्भ से निकाला

इसके पिता-बहन भी एयर स्ट्राइक में मारे गए

एजेंसी, नई दिल्ली।

गाजा के राफा शहर में रविवार को इजराइली हमले में मौत के बाद एक महिला के गर्भ से जिंदा बच्ची को निकाला गया है। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि महिला 30 हफ्ते की प्रेग्नेंट थीं। डॉक्टरों ने इमरजेंसी सी-सेक्शन डिलीवरी के जरिए बच्ची को निकाला। जन्म के समय बच्ची का वजन 1.4 किलोग्राम (3.09 पाउंड) था। उसकी हालत स्थिर है। धीरे-धीरे उसकी सेहत में और सुधार हो रहा है। महिला की पहचान सबरीन अल-सकानी के रूप में की गई है। अधिकारियों ने बताया कि दो घरों पर इजराइली एयर स्ट्राइक में बच्ची की मां के अलावा उसके पिता और बहन समेत 19 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें एक ही परिवार के 13 बच्चे शामिल हैं।

बड़ी बहन बच्ची का नाम रूह रखना चाहती थीः नवजात बच्ची के चाचा रामी अल-शेख ने बताया कि उसके जन्म को लेकर उसकी बड़ी बहन मलक काफी खुश थी। वह अपनी छोटी बहन का नाम रूह रखना चाहती थी, जिसका अरबी में अर्थ आत्मा होता है। हालांकि, छोटी बहन के दुनिया में आने से पहले ही मलक की एयर स्ट्राइक में मौत हो गई। राफा के अस्पताल में बच्ची की देखभाल कर रहे डॉक्टर मोहम्मद सलामा ने बताया कि नवजात को एक अन्य शिशु के साथ इनक्यूबेटर में रखा गया है। उसे तीन से चार हफ्ते तक हॉस्पिटल में ही रखा जाएगा। डॉक्टर ने कहा कि सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि बच्ची बच तो गई, लेकिन अनाथ पैदा हुई। इसलिए हम देखेंगे कि उसे कहां भेजा जाए, उसके चाची या चाचा या दादा-दादी के पास।

खान युनिस से 180 शव बरामदः खान युनिस में इजराइल की कार्रवाई के बाद वापस लौटे लोगों को नासेर अस्पताल में कई सौ कब्र मिली हैं। इनमें से अब तक 180 लोगों की लाश बरामद की गई है। आरोप है कि इन्हें इजराइल की सेना ने मारकर दफनाया था। इजराइल और हमास के बीच 7 अक्टूबर 2023 से जंग जारी है। इसी दिन, हमास के लड़ाकों ने इजराइल में घुसकर हमले किए थे और इसमें 1200 इजराइली नागरिक मारे गए थे। 234 लोगों को किडनैप किया गया था। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, इजराइल के हमले से गाजा में 34,000 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

अमेरिकी नागरिकता पाने में दूसरे नंबर पर भारतीय

2022 में 65 हजार भारतीय अमेरिका के नागरिक बने, सिटिजनशिप देने में देरी कर रहा US

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारतीयों के अमेरिकी नागरिक बनने की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 65,960 भारतीय आधिकारिक तौर पर अमेरिकी नागरिक बने। अमेरिका की नागरिकता पाने में भारतीय दूसरे नंबर पर हैं। 2022 में अमेरिका की नागरिक हासिल करने वालों में पहले नंबर पर मैक्सिको के लोग हैं। अमेरिकी कम्यूनिटी सर्वे डेटा के मुताबिक, 2022 में अमेरिका की जनसंख्या 33 करोड़ थी, जिसमें से 4 करोड़ लोग बहारी थे। जो कुल आबादी का 14% है। अमेरिका में 2022 में नागरिकता पाने वाले लोग मैक्सिको, भारत, फिलीपींस,क्यूबा, डोमिनिकन रिपब्लिक, वियतनाम और चीन के हैं।

अमेरिका में रह रहे 49 लाख लोगों की जड़ें भारत सेः कांग्रेस रिसर्च सर्विस (CRC) की रिपोर्ट में बताया गया है कि 2023 में विदेशों में पैदा हुए अमेरिकी नागरिकों में से 1.6 करोड़ मैक्सिको से थे। इसके बाद 28 लाख भारत से आने वाले लोग थे। तीसरे नंबर पर चीन के 22 लाख नागरिक ऐसे थे, जिनका जन्म तो चीन में हुआ, लेकिन वो अमेरिकी नागरिक बन गए। अमेरिका में 49 लाख लोग ऐसे हैं, जो भारतीय हैं या फिर उनकी जड़ें भारत से हैं। हालांकि CRC ने बताया है कि अमेरिका में रहने वाले भारत में जन्मे लगभग 42% नागरिक अभी अमेरिकी नागरिक नहीं बन सकते क्योंकि वे इसके लिए अयोग्य हैं। 2023 तक लगभग 2 लाख भारत में जन्मे विदेशी नागरिक, जो ग्रीन कार्ड या लीगल परमानेंट रेजीडेंसी (LPR) पर थे, वे लोग अब नागरिकता पाने के लिए अप्लाई कर सकते हैं। CRC ने हाल ही के सालों में अमेरिकी नागरिकता के लिए अप्लाई करने वालों की बढ़ती तादाद पर चिंता जताई है। अमेरिका में नागरिकता देने वाली USCIS (United States Citizenship and Immigration Services) की प्रोसेस में देरी हो रही है। 2023 में USCIS के पास 4 लाख आवेदन नागरिकता देने के लिए पेंडिंग हैं। जो 2022 में 5 लाख, 2021 में 8 लाख और 2020 में 9 लाख थे।

अमेरिकी में परमानेंटली रहने के लिए योग्य थे 90 लाख लोगः अमेरिका में 2023 में नागरिकता के लिए 8 लाख एप्लीकेशन प्रोसेस में थी। जबकि 90 लाख लोग नागरिकता हासिल करने के लिए योग्य हैं। अमेरिका में जन्म लेने वाले विदेशी नागरिकों में वियतनाम, फिलीपींस, रूस, जमैका और पाकिस्तान के नागरिकों की संख्या ज्यादा है, जबकि होंडुरास, ग्वाटेमाला, वेनेजुएला, मैक्सिको, अल साल्वाडोर और ब्राजील के नागरिकों में कम हैं। अमेरिका में नागरिता पाने के लिए इमीग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट (INA) के एलिजिबिलिटी रिक्वायरमेंट को पूरा करना होता है। इन सब में कम से कम 5 साल का वैध स्थायी निवासी यानी LPR होना चाहिए।

भारत के ग्रैंडमास्टर हैं गुकेश, कार्लसन को भी हरा चुके

● विश्व खिताब से बस कुछ कदम दूर

नई दिल्ली, एजेंसी। चेन्नई के 17 वर्षीय डी गुकेश ने प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के रूप में हिस्सा लिया था। हालांकि, अब कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में हिकारू नाकामुरा के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद वह इस टूर्नामेंट के सबसे कम उम्र के विजेता बन गए हैं। इतना ही नहीं, वह विश्व

शतरंज चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी भी बन गए हैं। वह कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बन गए और विश्वनाथन आनंद के बाद यह टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। नाकामुरा के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद उनका टूर्नामेंट जीतना तय नहीं था। सबकुछ बियो कारुआना और इयान नेपोमनियाच्ची के बीच चल रहे अन्य मैच पर टिका था। इन दोनों में से जीतने वाला खिलाड़ी गुकेश के साथ टाई ब्रेकर खेलता। हालांकि, भाग्य गुकेश पर महरबान था, क्योंकि कारुआना और नेपोमनियाच्ची ने ड्रॉ खेला और गुकेश सबसे ज्यादा नौ अंक लेकर शीर्ष पर आ गए और टूर्नामेंट अपने नाम किया।

दुनिया को कई बार चौंका चुके गुकेश

शतरंज की दुनिया की नई सनसनी 17 वर्षीय गुकेश ने अपने करियर में कई बार दुनिया को चौंकाया है। वह इस छोटी सी उम्र में कई रिकॉर्ड बना चुके हैं। वह 12 साल, सात महीने, 17 दिन की उम्र में भारत के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बन गए थे और दुनिया के सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर का टैग केवल 17 दिनों से चूक गए थे। उन्होंने पिछले साल पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को पछाड़कर 36 साल बाद पहली बार देश के शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी के रूप में प्रवेश किया।

आईपीएम में साधारण प्रदर्शन के चलते हार्दिक पंड्या और केएल राहुल को वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलना मुश्किल...

नईदिल्ली, एजेंसी। आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 का क्रिकेट फैन्स को बेसब्री से इंतजार है. आगामी टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से 29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाना है. इस मेगा इवेंट के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है. इस डेट तक में सभी 20 देशों को अपनी-अपनी टीमें चुन लेनी है. यानी भारतीय टीम का भी जल्द ऐलान होने वाला है. टीम चुनने के लिए अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकर्ताओं की बैठकर इस महीने की आखिरी तारीख (30 अप्रैल) या अगले माह के पहले दिन हो सकती है.

टीम मीटिंग के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को भी तवज्जो दिए जाने की संभावना है. टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने भी ये जोर देकर कहा था कि आईपीएल में प्रदर्शन के आधार पर ही वर्ल्ड कप टीम चुनी जाएगी. द्रविड़ ने माना था कि भारतीय खिलाड़ियों को आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए तैयारियों का मौका नहीं मिल पाया है. ऐसे में आईपीएल का रोल काफी अहम होगा.

हार्दिक और राहुल की स्ट्राइक-रेट पर उठे सवाल!

टी20 वर्ल्ड कप के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल भी चयन की रेस में हैं. हालांकि इन दोनों खिलाड़ियों ने मौजूदा आईपीएल सीजन में जिस तरह का प्रदर्शन किया है वो उतना संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है. हार्दिक-राहुल ने आईपीएल 2024 में अपेक्षाकृत स्लो बैटिंग की है, ऐसे में दोनों का वर्ल्ड कप टीम से पत्ता कट भी सकता है. हार्दिक पंड्या मौजूदा आईपीएल सीजन में अब तक 7 पारियों में 146.87 की स्ट्राइक-रेट से 141 रन ही बना सके हैं. हार्दिक पंड्या बैटिंग में तो फ्लॉप रहे ही हैं, गेंद से भी उनका प्रदर्शन खराब रहा है. हार्दिक ने मौजूदा आईपीएल में 11 की खराब इकोनॉमी रेट से 4 विकेट लिए हैं. जबकि केएल राहुल ने सात मैचों में 143 की स्ट्राइक रेट से 286 रन बनाए हैं.

अभिषेक-शशांक-कार्तिक कर रहे तूफानी बैटिंग

जहां राहुल और हार्दिक जैसे धुरंधर तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. वहीं अभिषेक शर्मा, अभिषेक पोरेल, शशांक सिंह जैसे खिलाड़ी धुआंधार बैटिंग कर रहे हैं. अभिषेक शर्मा ने तो 215.96 की स्ट्राइकट-रेट से इस सीजन में रन बनाए हैं. शुरुआती सात मैचों में शशांक की भी स्ट्राइक-रेट लगभग 180 रही. वहीं, अभिषेक पोरेल ने 162.63 की स्ट्राइक रेट से स्कोर किए हैं. 38 साल के दिनेश कार्तिक ने भी तूफानी बैटिंग करके दावदारी पेश की है. कार्तिक की स्ट्राइक रेट लगभग 196 रही है.

टी20 वर्ल्ड कप शेड्यूल

- शनिवार, 1 जून- यूएसए बनाम कनाडा, डलास
- रविवार, 2 जून- वेस्टइंडीज बनाम पापुआ न्यू गिनी, गुयाना
- रविवार, 2 जून- नामीबिया बनाम ओमान, बारबाडोस
- सोमवार, 3 जून- श्रीलंका बनाम साउथ अफ्रीका, न्यूयॉर्क
- सोमवार, 3 जून- अफगानिस्तान बनाम युगांडा, गुयाना
- मंगलवार, 4 जून- इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड, बारबाडोस
- मंगलवार, 4 जून- नीदरलैंड्स बनाम नेपाल, डलास
- बुधवार, 5 जून- भारत बनाम आयरलैंड, न्यूयॉर्क
- बुधवार, 5 जून- पापुआ न्यू गिनी बनाम युगांडा, गुयाना
- बुधवार, 5 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम ओमान, बारबाडोस
- गुरुवार, 6 जून- यूएसए बनाम पाकिस्तान, डलास
- गुरुवार, 6 जून- नामीबिया बनाम स्कॉटलैंड, बारबाडोस
- शुक्रवार, 7 जून- कनाडा बनाम आयरलैंड, न्यूयॉर्क
- शुक्रवार, 7 जून- न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान, गुयाना
- शुक्रवार, 7 जून- श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, डलास
- शनिवार, 8 जून- नीदरलैंड्स बनाम साउथ अफ्रीका, न्यूयॉर्क
- शनिवार, 8 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, बारबाडोस
- शनिवार, 8 जून- वेस्टइंडीज बनाम युगांडा, गुयाना
- रविवार, 9 जून- भारत बनाम पाकिस्तान, न्यूयॉर्क
- रविवार, 9 जून- ओमान बनाम स्कॉटलैंड, एंटीगा
- सोमवार, 10 जून- साउथ अफ्रीका बनाम बांग्लादेश, न्यूयॉर्क
- मंगलवार, 11 जून- पाकिस्तान बनाम कनाडा, न्यूयॉर्क
- मंगलवार, 11 जून- श्रीलंका बनाम नेपाल, फ्लोरिडा
- मंगलवार, 11 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया, एंटीगा
- बुधवार, 12 जून- यूएसए बनाम भारत, न्यूयॉर्क
- बुधवार, 12 जून- वेस्टइंडीज बनाम न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद
- गुरुवार, 13 जून- इंग्लैंड बनाम ओमान, एंटीगा
- गुरुवार, 13 जून- बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड्स, सेंट विंसेंट
- गुरुवार, 13 जून- अफगानिस्तान बनाम पापुआ न्यू गिनी, त्रिनिदाद
- शुक्रवार, 14 जून- यूएसए बनाम आयरलैंड, फ्लोरिडा
- शुक्रवार, 14 जून- साउथ अफ्रीका बनाम नेपाल, सेंट विंसेंट
- शुक्रवार, 14 जून- न्यूजीलैंड बनाम युगांडा, त्रिनिदाद
- शनिवार, 15 जून- भारत बनाम कनाडा, फ्लोरिडा
- शनिवार, 15 जून- नामीबिया बनाम इंग्लैंड, एंटीगा
- शनिवार, 15 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम स्कॉटलैंड, सेंट लूसिया
- रविवार, 16 जून- पाकिस्तान बनाम आयरलैंड, फ्लोरिडा
- रविवार, 16 जून- बांग्लादेश बनाम नेपाल, सेंट विंसेंट
- रविवार, 16 जून- श्रीलंका बनाम नीदरलैंड्स, सेंट लूसिया
- सोमवार, 17 जून- न्यूजीलैंड बनाम पा. न्यू. गिनी, त्रिनिदाद
- सोमवार, 17 जून- वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान, सेंट लूसिया
- बुधवार, 19 जून- ए2 बनाम डी1, एंटीगा
- बुधवार, 19 जून- बी1 बनाम सी2, सेंट लूसिया
- गुरुवार, 20 जून- सी1 बनाम ए1, बारबाडोस
- गुरुवार, 20 जून- बी2 बनाम डी2, एंटीगा
- शुक्रवार, 21 जून- बी1 बनाम डी1, सेंट लूसिया
- शुक्रवार, 21 जून- ए2 बनाम सी2, बारबाडोस
- शनिवार, 22 जून- ए1 बनाम डी2, एंटीगा
- शनिवार, 22 जून- सी1 बनाम बी2, सेंट विंसेंट
- रविवार, 23 जून- ए2 बनाम बी1, बारबाडोस
- रविवार, 23 जून- सी2 बनाम डी1, एंटीगा
- सोमवार, 24 जून- बी2 बनाम ए1, सेंट लूसिया
- सोमवार, 24 जून- सी1 बनाम डी2, सेंट विंसेंट
- बुधवार, 26 जून- सेमी 1, गुयाना
- गुरुवार, 27 जून- सेमी 2, त्रिनिदाद
- शनिवार, 29 जून- फाइनल, बारबाडोस

लो स्कोरिंग मैच में गुजरात ने पंजाब को तीन विकेट से हराया

मुल्लांपुर (पंजाब), एजेंसी। साई किशोर के चार विकेट के बाद राहुल तेवतिया के 18 गेंद पर नाबाद 36 रनों की तेज पारी के दम पर आईपीएल के 37वें मैच में यहां पीसीए स्टेडियम में रविवार को गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को पांच गेंद शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। धीमी पिच पर पंजाब के 142 रन के जवाब में गुजरात के बल्लेबाजों ने शुरुआत में संभलकर खेला। पूरे रन चेज में सिर्फ दो छक्के लगे। ऊपरी क्रम में ओपनर शुभमन गिल (35) तथा तीसरे नंबर के बल्लेबाज साई सुदर्शन (31) ने टीम के लिए आधार तैयार किया। हालांकि 9.2 ओवर में एक विकेट पर 66 रन के बाद अगले छह ओवर में मात्र 37 रन बनाने में उसने चार विकेट गंवा दिये, लेकिन राहुल तेवतिया एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके जड़े। हर्षल पटेल (तीन ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट) ने 19वें ओवर में शाहरुख खान और राशिद खान को आउट कर मेहमान टीम को दो झटके जरूर दिये, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अंतिम ओवर की पहली ही गेंद पर अर्शदीप सिंह को चौका लगाकर तेवतिया ने टीम को जीत दिला दी। पंजाब की ओर से लियाम लिविंगस्टोन के खाते में दो और अर्शदीप तथा सैम करन के खाते में एक-एक विकेट आये।

व्यापार

औंधे मुंह गिरे सोने-चांदी के भाव

नई दिल्ली, एजेंसी। लगातार बढ़ रही सोने-चांदी की कीमतों में आज ब्रेक लगा है। सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरूआत नरम रही। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 72,150 रुपए के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 82,350 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी सुस्त रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज यानी सोमवार को 5 जून 2024 की डिलीवरी वाला सोना 656 रुपए की गिरावट के साथ 72,150 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। सोने में आज सुबह से गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं 5 अगस्त 2024 की डिलीवरी वाला सोना 668 रुपए सस्ता होकर 72,093 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा है।

मॉरीशस से कर संधि में बदलाव के बीच ईपीआई ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ से अधिक निकाले

नई दिल्ली, एजेंसी। मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव को लेकर चिंताओं के कारण विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ रुपए से अधिक की घरेलू इक्विटी बेच दी है। मॉरीशस अब उसके माध्यम से यहां किए गए निवेश की अधिक पड़ताल करेगा। आंकड़ों से पता चलता है कि इससे पहले मार्च में 35,098 करोड़ रुपए और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपए का चौंका देने वाला शुद्ध निवेश आया था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (19 अप्रैल तक) भारतीय इक्विटी में 5,254 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के सहायक निदेशक (शोध प्रबंधक) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एफपीआई की निकासी का प्रमुख कारण मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव था, जो अब उसके माध्यम से भारत में किए गए निवेश की अधिक जांच करेगा।

बढ़ सकती हैं तेल और एलएनजी की कीमतें

नई दिल्ली, एजेंसी। ईरान-इजराइल संघर्ष पर विश्लेषकों ने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं। ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष पिछले कुछ दिनों में बढ़ गया है। ईरान ने पहले इजराइल पर ड्रोन और रॉकेट हमले किए। इसके बाद इजराइल ने मिसाइल दागकर जवाबी कार्रवाई की।

संघर्ष के बाद से कच्चे तेल की कीमतें 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि हालांकि तनाव कम करने के प्रयासों से संकट पर नियंत्रण होने की संभावना है लेकिन अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो तेल और एलएनजी की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच लगभग 40 किलोमीटर चौड़ी एक समुद्री पट्टी है। इस मार्ग के जरिए सऊदी अरब (63 लाख बैरल प्रति दिन), यूएई, कुवैत, कतर, इराक (33 लाख बैरल प्रति दिन) और ईरान (13 लाख बैरल प्रति दिन) कच्चे तेल का निर्यात करते हैं। वैश्विक एलएनजी व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसके जरिए जाता है। इसमें कतर और यूएई से लगभग सभी एलएनजी निर्यात शामिल हैं। मोतीलाल ओसवाल ने अपनी टिप्पणी में कहा कि इस तरलीकृत प्राकृतिक गैस (रह्ल) के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है। भारत सऊदी अरब, इराक और यूएई से तेल के साथ ही एलएनजी का आयात इसी मार्ग से करता है।

हांगकांग ने भारतीय मसालों की बिक्री पर लगाई रोक, उत्पादों में कीटनाशक मिलने का दावा

हांगकांग एजेंसी। हांगकांग की सरकार ने भारत के मशहूर मसाला ब्रांड्स एमडीएच प्राइवेट लिमिटेड और एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के चार उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। हांगकांग की सरकार का दावा है कि जांच में इन मसालों में कीटनाशक पाया गया है, जो सेहत के लिए खतरनाक है। हांगकांग सरकार ने मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। इससे पहले सिंगापुर की सरकार ने भी भारतीय मसाला ब्रांड्स पर रोक लगा दी थी।

हांगकांग के सेंटर फॉर फूड सेफ्टी विभाग ने बताया है कि कई मसाला उत्पादों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड मिला पाया गया है। हांगकांग की सरकार ने लोगों से इन उत्पादों का सेवन नहीं

करने की अपील की है और साथ ही इन उत्पादों की बिक्री पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया। जिन मसालों पर रोक लगाई गई है, उनमें एमडीएच का उत्पाद मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला मिक्स मसाला पाउडर और करी पाउडर मिक्स मसाला और एवरेस्ट का उत्पाद फिश करी मसाला शामिल है। हांगकांग की सरकार ने इन उत्पादों के आयात पर रोक लगाने और तुरंत उन्हें दुकानों में बिक्री की जगह से हटाने के निर्देश के साथ ही पहले से मौजूद उत्पादों को वापस भेजने का निर्देश दिया था। हांगकांग सरकार के अधिकारियों ने रुटीन फूड सर्विलांस के दौरान तीन रिटेल दुकानों से इन मसालों के सैंपल लिए थे। इन सैंपल्स की जांच में ही इनमें कीटनाशक एथीलीन ऑक्साइड के होने का दावा किया गया। कैंसर पर रिसर्च करने वाली एक अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ने बताया कि एथीलीन ऑक्साइड इंसानों में कैंसर का कारण बन सकता है। हांगकांग की सरकार ने बताया है कि उनके निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 50 हजार डॉलर का जुर्माना और छह महीने की जेल की सजा हो सकती है। हाल ही में सिंगापुर की फूड एजेंसी ने भी एवरेस्ट के फिश करी मसाला में कीटनाशक होने का दावा करते हुए इस पर प्रतिबंध लगा दिया था।

एचआरए क्लेम के लिए आपके पैन का हुआ दुरुपयोग तो सतर्क हो जाइए, टैक्स डिपार्टमेंट की प्लानिंग दे सकती है टेंशन

नई दिल्ली, एजेंसी। अगर आपके पैन कार्ड का किसी और ने मकान किराया भत्ता का फायदा उठाने के लिए किया है तो इससे आपकी परेशानी बढ़ सकती है। ये चिंता तब तक है, जब तक गलत पैन देने वाला शख्स अपना इनकम टैक्स रिटर्न अपडेट न करा ले। लेकिन टैक्स विभाग में अधिकारी आपकी बात सुनेंगे। हालांकि जानकारों के मुताबिक, अगर आपके साथ धोखा हुआ है तो आपको ये साबित करना होगा कि आपके पैन का गलत इस्तेमाल हुआ है। पिछले महीने, टाइम्स ऑफ इंडिया ने सबसे पहले बताया था कि इनकम टैक्स विभाग को करीब 8,000 से 10,000 मामले गलत पेन इस्तेमाल करने के मिले हैं। हालांकि, विभाग ने ये साफ किया है कि वो पुराने मामलों को दोबारा नहीं खोलेगा। अगर टैक्स विभाग को आपका शक होता है, तो वो आपको नोटिस भेज सकता है या किराए के बारे में पूछताछ कर सकता है। लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। विभाग जानता है कि पेन का गलत

इस्तेमाल होता है। आपको सिर्फ जवाब देने में सहयोग करना चाहिए। आपको कुछ दस्तावेज़ दिखाने पड़ सकते हैं, जैसे बैंक स्टेटमेंट (किराया नहीं मिला) और हलफनामा (आप मकान मालिक नहीं)। आयकर विभाग ने कहा कि उसने इस बात पर जोर दिया कि ई-सत्यापन केवल वित्त वर्ष 2020-21 के लिए सूचना के बेमेल मामलों को सचेत करने के लिए किया गया था, ताकि अन्य मामलों को प्रभावित न किया जा सके।

समय पर दें जवाब

विभाग ने इस मुद्दे या अपने रिटर्न संशोधित करने वाले करदाताओं की संख्या पर कोई टिप्पणी नहीं की। मेनस्टे टैक्स एडवाइजर्स के पार्टनर कुलदीप कुमार ने कहा, ÷हालांकि विभाग ने स्पष्ट किया है कि कोई विशेष अभियान नहीं है, लेकिन जिनके पैन का दुरुपयोग किया गया है, उन्हें अभी भी नोटिस या उनके किराये की आय के बारे में पूछताछ मिल सकती है, अगर ऐसे मकान मालिक कर अधिकारियों द्वारा एकत्र किए गए नमूने में दिखाई देते हैं। लेकिन उन्हें चिंता नहीं करनी चाहिए क्योंकि विभाग पैन के दुरुपयोग के मुद्दे से अवगत है, न कि मकान मालिकों के हाथों में जाने वाली किराये की आय की गहराई से जांच कर रहा है। हालांकि, करदाताओं को सहयोग करना चाहिए और असुविधा से बचने के लिए ऐसे नोटिस का उचित और समय पर जवाब देना चाहिए।÷

देने पड़ सकते हैं दस्तावेज

जिस व्यक्ति के पैन का दुरुपयोग किया गया है, उसे कुछ अतिरिक्त दस्तावेज देने पड़ सकते हैं। लक्ष्मीकुमारन और श्रीधरन के पार्टनर एस श्रीराम ने कहा, जिन व्यक्तियों के पैन का दुरुपयोग एचआरए प्राप्त करने वाले व्यक्तियों द्वारा किया गया है, भले ही एचआरए प्राप्तकर्ता द्वारा पैन के गलत विवरण के आधार पर मूल्यांकन फिर से खोला गया हो, पैन धारक यह स्थापित कर सकता है कि उसे किराया नहीं मिल रहा है।

प्रॉफिट में कंपनी, शेयर खरीदने की लूट, 385 पर आया भाव, मुकेश अंबानी की है कंपनी

नई दिल्ली, एजेंसी। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शेयर आज सोमवार को फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 4 फीसदी चढ़ गए और 385 रुपये के नए हाई पर पहुंच गए। यह इसका 52 वीक का नया हाई प्राइस भी है। शेयरों में इस तेजी के पीछे मार्च तिमाही के नतीजे है। दरअसल, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का नेट प्रॉफिट मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में 6 प्रतिशत बढ़कर 311 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से अलग हुई इस वित्तीय सेवा कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 294 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। कंपनी की आय 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में मामूली बढ़कर 418 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 414 करोड़ रुपये थी। तीसरी तिमाही में इसका खर्च भी 99 करोड़ रुपये के मुकाबले मामूली बढ़कर 103 करोड़ रुपये हो गया। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी का एकीकृत शुद्ध मुनाफा वित्त वर्ष 2023-24 में कई गुना बढ़कर 1,605 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्तवर्ष में 31 करोड़ रुपये था। बता दें कि हाल ही में रिलायंस समूह की कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने संपत्ति प्रबंधन एवं ब्रोकिंग व्यवसाय स्थापित करने के लिए ब्लैकरॉक के साथ 50:50 साझेदारी वाले एक संयुक्त उद्यम की घोषणा की थी। जियो फाइनेंशियल ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा था कि एक धन प्रबंधन कंपनी के निगमन और देश में एक ब्रोकरेज फर्म के गठन के उद्देश्य से कंपनी और ब्लैकरॉक के बीच 50:50 साझेदारी का संयुक्त उद्यम बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

सौंफ का शरबत

गरमी अपने पूरे जोश के साथ सब तरफ अपने रंग दिखा रही है और हम तरीके तलाश कर रहे हैं इस से बचने के ..आज दादी माँ के खजाने से मिला एक शरबत का नुस्खा सोचा चलो यहाँ इसको बांटते हैं शायद आप में से कई इस के बारे में जानते हों पर मुझे नया सा और आसान सा लगा ..

सामग्री ..

सौंफ ....250 ग्राम
चीनी ...100 ग्राम
पानी ...4 गिलास
बर्फ ...आपकी इच्छा नुसार

विधि

सौंफ को अच्छी तरह से साफ कर ले ..जितना शरबत बनाना हो उतने पानी में भिगो दे .जब पानी सौंफ की खुशबु ले ले तो इसको छान लें अब इस में चीनी मिलाये और बर्फ डाल कर सर्व करें ,यह बनाने में आसान और स्वास्थ के लिए बहुत ही फायदेमंद हैं ...

आम का शरबत

हम बचपन से आम का शरबत बनाते रहे हैं, उस समय मिक्सी की जगह बिलोने के लिये रई का उपयोग करते थे लेकिन रई से आम का शरबत का गूदा इतना मिक्स नहीं होता था जितना कि मिक्सी से अब हो जाता है.

गर्मी के मौसम में आम का शरबत शरीर ही नहीं दिल और दिमाग दोनों को ठंडक पहुंचाता है. सामान्यतया हम बोतलबंद आम का रस बाजार से लाकर पीते ही हैं, लेकिन इन में आम की मात्रा काम तो होती ही है कलर और प्रिजरवेटिव भी रहते हैं.

हम बचपन से आम का शरबत बनाते रहे हैं, उस समय मिक्सी की जगह बिलोने के लिये रई का उपयोग करते थे लेकिन रई से आम का शरबत का गूदा इतना मिक्स नहीं होता था जितना कि मिक्सी से अब हो जाता है. आईये बनायें बिना कलर और प्रिजरवेटिव से बना यह आम का शरबत

आवश्यक सामग्री

पके आम - 5-6 (1.5 किग्रा.)
नीबू - 7 (250 ग्राम)
चीनी - 5 कप (1 किग्रा.)
विधि

चीनी किसी बर्तन मे निकालिये, 500 ग्राम (2 1/2 कप) पानी मिलाइये और उबालने रख दीजिये, उबाल आने के बाद 5-6 मिनिट तेज गैस पर उबलने दीजिये, इस तरह 1 तार की चाशनी बना कर तैयार कर लीजिये. चाशनी को ठंडा होने दीजिये. पके हुये आम धोइये, छीलिये और पल्प निकाल लीजिये. पल्प को मिक्सर में बारीक पीस लीजिये, नीबू से नीबू का रस एक प्याले में निकाल लीजिये. चाशनी ठंडी हो चुकी है, आम का पल्प और नीबू का रस इस चाशनी में मिलाइये और छान लीजिये, किसी बोटल में भरकर फ्रिज में रखिये, 1 महिने तक, जब भी आपका मन करे, 1 भाग कन्सन्ट्रेट आम का शरबत और 5 गुना पानी मिलाइये और थोड़े से बर्फ के क्यूब्स, लीजिये पीजिये तैयार है, आम का ठंडा शरबत

इस शरबत को आप पके आम से तुरन्त भी बना सकते हैं. 4 गिलास बनाने के लिये, 250 ग्राम आम या एक आम छील कर पल्प निकालिये, मिक्सर में डालिये, चार टेबल स्पून चीनी मिलाइये और पीस लीजिये, 1 नीबू का रस निचोड़ कर मिला दीजिये, 3 गिलास ठंडा पानी मिलाइये और छान कर गिलास में डालिये, और ज्यादा ठंडा चाहिये तो बर्फ के क्यूब्स मिला लीजिये और पीजिये ठंडा ठंडा आम का शरबत ।

हर्बल स्नान से मिलेगी ताजगी

गर्मी के मौसम में बार -बार नहाने का मन करता है लेकिन साधारण बाथ ताजगी और ठंडक महसूस नहीं होती । इसके लिए त्वचा के अनुरूप बाथ का होना बेहद जरूरी है। आजकल ब्यूटी पार्लर में भी कई तरह की हर्बल बाथ की सुविधा मिल रही है । इन्हें घर पर भी लिया जा सकता है। ये बाथ दिन भर शरीर को ठंडा रखने में काफी मदद करते हैं।

खुश्बू के लिए बाथ

अगर आप गर्मियों में शरीर से पसीने की बदबू से परेशान हैं तो डियो व रोज बाथ फायदेमंद है। पसीने की दुर्गंध से बचने के लिए एक बाल्टी पानी में नमक व एक चम्मच डियो डालकर इस पानी से नहाए। इससे ताजगी भरा अहसास होता है। रोज बाथ के लिए गुलाब के फूल की पत्तियों को थोड़े पानी में रात भर पानी में भिगो दें।सुबह इस पानी में रोज ऐसेंस की कुछ बूंदे डाले और नहाने के बाद इसे शरीर पर लगाएँ घंटों खुश्बू व ताजगी का साथ रहेगा।इसके अलावा मिंट बाथ भी लिया जा सकता है।इसके लिए दो चम्मच पुदीने की सूखी पत्तियाँ लें।इन्हें एक घंटे तक पानी में उबालकर छान लें। ताजी पत्तियाँ भी ले सकते हैं। नहाने के बाद इस पानी को शरीर पर डाले इससे घंटों तक ताजगी महसूस होगी।

नीम बाथ

अगर गर्मी के कारण त्वचा पर बार-बार फोड़े -फुंसिया निकलने या घमौरियाँ आदि होने की समस्या होती है तो नीम बाथ उपयोगी रहेगा।इसके लिए नीम व पुदीने की पत्तियों को उबालकर उस पानी को ठंडा करके उससे नहाएँ ।नियमित रूप से ऐसा करने पर फुंसियों से निजात मिल सकती है।

अपनी पसंद को बनाएं फैशन

कई बार आप सोचते होंगे कि आप इंडियन ड्रेस में स्टाइलिश कैसे लग सकते हैं? यदि आप ऐसा सोचते हैं तो अब आपको अपनी सोच को बदलना होगा क्योंकि जो उटपटांग है, वही आज फैशन है। आज के फैशनेबल दौर में हर व्यक्ति का अपना स्टाइल फंडा है।

आज के समय में जो कुछ दूसरों से हटकर हो, आगे चलकर वही फैशन बन जाता है। हर किसी को आजादी है अपनी स्टाइल खुद बनाने की। आप भी यदि क्रिएटिव हैं तो क्यों न आप भी अपनी पुरानी व बेकार पड़ी इंडियन ड्रेसेस पर एक्सेसरीज, वर्क आदि से कुछ नया एक्सपेरिमेंट कर उन्हें एक डिफरंट लुक दें?

इंडियन ड्रेसेस में भी स्टाइलिश लगा जा सकता है। बस इसके लिए आवश्यकता है कुछ नए एक्सपेरिमेंट करने की। इंडियन ड्रेसेस के साथ भी आप अलग-अलग एक्सपेरिमेंट कर उन्हें वेस्टर्न लुक दे सकती है। यह चेंज आपके लिए बिल्कुल अलग लेकिन बहुत अच्छा होगा। यदि आप भी ऐसा कुछ नया ट्राय करना चाहती हैं तो इन बातों पर अमल करें -

- आजकल स्लैक्स का फैशन बाजार में फिर से लौट आया है। आप भी अपने लुक को चेंज करने के लिए शार्ट कुर्ते के साथ स्लैक्स, लेगिंग्स या टाइट्स ट्राय करें।
- हाई वेस्ट कुर्ते और रोल्ड अप स्लीवस के साथ एक खूबसूरत स्टोल आपको एक स्टायलिश लुक देगा।
- चूड़ीदार सलवार की जगह अगर आप स्लैक्स या जींस ट्राय करती हैं तो इस ड्रेस पर चुन्नी की जगह सुंदर स्टोल या स्कार्फ डालना आपको एकदम मार्डन लुक देगा।
- स्लीवलेस कुर्ते के साथ सलवार की जगह जींस पहनें।
- ट्रेंडी व स्टाइलिश बैग आपकी खूबसूरत ड्रेस पर चार चाँद लगा देंगे। कुछ डिफरंट लुक पाने के लिए गोल्डन, सिल्वर या कॉपर कलर के स्टाइलिश व बड़े बैग ट्राय करें।
- टाइट्स या चूड़ीदार के साथ अम्ब्रेला कट कुर्ता आपको एक स्टाइलिश लुक देगा।
- जींस, टी-शर्ट या कुर्ते के साथ दो-तीन रंगों के प्लेन वुडन कड़े या प्लास्टिक या रबर की रंग-बिरंगी स्टाइलिश बैंगल्स ट्राय कर आप एक ट्रेंडी लुक पा सकती है।
- किसी भी ड्रेस के साथ भारी-भरकम ज्वेलरी के बजाय डेलीकेट चेन-पैंडल व इयरिंग्स पहनना आपके लिए बेहतर होगा।
- किसी भी प्लेन साड़ी के साथ स्टाइलिश व हैवी वर्क वाला ब्लाउज आपके लिए बेहतर पार्टी वियर परिधान हो सकता है।
- अभी फ्लैट चप्पलों का दौर चल रहा है। यदि आप चूड़ीदार या स्लैक्स के साथ फ्लैट चप्पल पहनते हैं तो इससे आपकी ड्रेस की खूबसूरती और अधिक बढ़ जाएगी।

बच्चोंकी आकांक्षाओं को उड़ान देती

सुपर मॉम

ब्रह्मांड और प्रकृति की रचना के बाद ईश्वर ने मनुष्य की जब सृष्टि की तो उसने स्त्री को पुरुष से भी सर्वश्रेष्ठ बनाया। उसे सौंदर्य दिया, सृजन का अधिकार दिया। यहीं नहीं मां की भूमिका निभाने के साथ उसे भगवान के बराबर दर्जा देते हुए उसे गुरु से भी बड़ा बनाया। यही वजह है कि दुनिया के किसी भी कोने में वह हो, मां सदैव एक जैसी रही। सूरत भले अलग हो मगर सीरत एक जैसी रहती है। सदियां बीत गई, मगर मां और बच्चे का संबंध कभी नहीं बदला। किसी भी रिश्ते में बेशक बदलाव आ जाए मगर मां-बच्चे के संबंध में हमेशा गर्मजोशी रहती है।

अपने बच्चों को हमेशा पलकों की छांव में रखने वाली मां आज भी यही चाहती है कि उसके बच्चों पर किसी बुरे व्यक्ति का साया न पड़े। उसे अपने आंचल में छुपा कर रखती है। बच्चों को अच्छे-बुरे का पहला ज्ञान तो वही देती है।

घर की पाठशाला की पहली गुरु

मां को गुरु दर्जा यों ही नहीं मिला। बच्चों को अनुशासन का पहला पाठ वही तो पढ़ाती है। नवजात के जन्म से लेकर नर्सरी में जाने तक मां वस्तुत- एक आदर्श पुरुष या नारी को ही तैयार कर रही होती है। अक्षर ज्ञान से लेकर रंगों का ज्ञान, प्रकृति से रूबरू कराने से लेकर अपने आसपास के बारे में इस तरह बताती-सिखाती चलती है कि बच्चा जब घुटनों के बल खड़ा होता है या दौड़ता है तो वह अपनी मां की नसीहतों को अवचेतन में रखता है। नसीहत देने की आदत मांओं की पुरानी आदत रही है। अब इसमें भी बदलाव आया है। हालांकि बेटियां आज भी अपनी मां से सलाह लिए बिना कभी कोई कदम नहीं उठाती। मगर बेटे अब बदल रहे हैं।

बदल रही है मां की भूमिका

बच्चों को अपने आंचल से बांधे रखने का दौर अब खत्म हो चुका है। ज्यादातर आधुनिक मांएं इस बात को समझ चुकी हैं कि नसीहत देने से अच्छा है कि बच्चों की वे मार्गदर्शक बनें। वे अपने बेटे-बेटियों को ज्ञान के पंख देकर उन्हें उड़ान भरने देना चाहती हैं। कामकाजी ही नहीं, घरेलू महिलाएं भी बच्चों के कॅरियर की चिंता करती हैं। बच्चे पांचवी क्लास पार करते हैं तो उन्हें मांएं कुछ बनने की प्रेरणा देना शुरू कर देती हैं।

मांओ में बढ़ता आत्मविश्वास

कम पढ़ी-लिखी मांओ में भी इन दिनों गजब का आत्मविश्वास देखा जा सकता है। वे हर हाल में बच्चों को पढ़ाना चाहती हैं। खुद नहीं पढ़ा सकतीं तो ट्यूटर रख लेती हैं। कभी-कभार स्कूल जाकर बच्चे की प्रगति रिपोर्ट भी ले लेती हैं। परवरिश में कोई कसर नहीं छोड़ती। पिता बेशक सुबह बिस्तर पर सोया रहे। मगर यह मां ही है, जो बच्चे को उठाकर स्कूल के लिए तैयार करती हैं। उनका बस्ता ठीक करने से लेकर लंच बाक्स तक तैयार करती हैं। यहीं नहीं उन्हें स्कूल वैन तक में बैठाती हैं। कुछ मांएं तो स्कूल तक छोड़ने जाती हैं। चाहे वे रिक्शे पर ले जाएं या फिर अपनी कार में। बच्चों की बेहतर परवरिश के लिए कई मांओ ने अपने कॅरियर तक की परवाह नहीं की। ऐसी कई मिसाल हैं जिनमें महिलाओं ने बच्चों का भविष्य बनाने के लिए अपने भविष्य को दांव पर लगा दिया।

भारतीय मांएं सबसे सजग

दुनिया भर में भारतीय मांएं सबसे सजग हैं। उनमें लगातार बदलाव आ रहा है। अगर कोई महिला कामकाजी नहीं भी है तो भी वह अपने बच्चों के भविष्य के लिए उतनी ही चिंतित हैं। वह उतनी ही व्यस्त हैं जितनी कोई कामकाजी महिला। अगर वह थोड़ी भी पढ़ी लिखी है तो वह अखबारों से न्यूज चैनलों से ज्ञान हासिल कर रही है। यहां तक कि वह इंटरनेट खंगाल कर भी बच्चों के बारे में नई जानकारी हासिल करने के साथ उन्हें नवीनतम सूचनाएं दे रही हैं। वह अब दूसरों से राय नहीं लेतीं, वह सूचना तंत्र से अपनी राय खुद बना रही हैं।

अब दीन-हीन नहीं है मां

एक जमाना था कि पिता ही बच्चों के भविष्य का निर्णय करते थे। अनुशासन का डंडा उन्हीं का चलता था। पिता डाक्टर हो तो वह बच्चों को भी अपने जैसा बनाने की जिद पाल लेता था। और मांए दरवाजे पर खड़ी सिर पर आंचल डाले चुपचाप सुनती रहती थीं। लेकिन अब ऐसा नहीं है। वह हस्तक्षेप करती हैं, क्योंकि वह बच्चों की क्षमता के बारे में अपने पति से ज्यादा जानती हैं। आखिर नर्सरी से लेकर हायर सेकेंडरी तक बच्चों को तैयार करने में उसकी भी कुछ भूमिका रही है। स्कूल की डायरी पढ़ने से लेकर वह होमवर्क भी तो कराती रही हैं। वह दीन-हीन कैसे हो सकती हैं? उसकी बात भी क्यों नहीं सुनी जानी चाहिए। फिल्म तारे जमीन पर में वह बच्चा मुसीबत में आखिर मां को ही पुकारता है क्योंकि पिता उसकी दित तो समझता नहीं।

सहेली भी दोस्त भी

बच्चों के साथ मां का इतना गहरा रिश्ता होता है कि वह उनके बड़े होने पर बेटी की सहेली या बेटे की दोस्त जैसी हो जाती है। बेटे बताएं या न बताएं मगर बेटियां हर बात मां को बताती हैं क्योंकि उनके जीवन में कोई विश्वसनीय है तो सिर्फ वही। यह एक ऐसा भावनात्मक रिश्ता है जो सिर्फ मां से ही बन पाता है। भारतीय समाज के हर वर्ग में इस रिश्ते की सुगंध को आप महसूस कर सकते हैं। रिश्ते में परम्परा का बोध आज भी है मगर जीवन में आधुनिकता आने के साथ मांएं बच्चों को आंचल में छुपाए रखने की बजाय इस छांव से बाहर निकाल कर जीवन की दौड़ में आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रही हैं। इसलिए क्योंकि वह जानती हैं बेटा एक कदम भी बढ़ाएगा तो वह उसके पीछे खड़ी है। अगर गलत दिशा में गया तो भी वह उसे रोक लेगी क्योंकि वह एक सुपर मॉम है।

दुश्मनों का खात्मा करने महायोद्धा बनकर लौट रहे अभिनेता तेजा सज्जा

दक्षिण भारतीय अभिनेता तेजा सज्जा हनु-मान की सफलता के बाद एक बार फिर से महानायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। अभिनेता की आगामी फिल्म की पहली झलक निर्माताओं ने साझा की है। इसमें अभिनेता एक महानायक की भूमिका में दिख रहे हैं। इसकी पहली झलक देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह फिल्म इतिहास से जुड़ी हुई है। दर्शकों को फिल्म में भरपूर एक्शन भी देखने को मिलेगा। बता दें कि इसी के साथ फिल्म के रिलीज तारीख की भी घोषणा कर दी गई है।

तेजा सज्जा बनेंगे महायोद्धा

फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, 'प्राचीन कथाओं के गुप्त रहस्यों से एक महायोद्धा की रोमांचकारी और साहसिक गाथा' इससे यह बात स्पष्ट हो जाती है कि फिल्म में भूतकाल से जुड़ी कहानी को प्रदर्शित किया गया है।

फिल्म का शीर्षक आया सामने

इसी के साथ फिल्म का शीर्षक भी सामने आ चुका है। निर्माताओं ने फिल्म का शीर्षक 'मिराय' रखा है। तेजा सज्जा फिल्म की पहली झलक में एक लाठी के साथ नजर आते हैं। वह एक ज्वालामुखी पर खड़े दिखाई दे रहे हैं। अभिनेता काफी भयंकर दिख रहे हैं। उनके पीछे हम एक ग्रहण को देख सकते हैं। फिल्म की पहली झलक देखकर फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि यह फिल्म काफी रोमांचकारी और एक्शन से भरपूर होगी।

सम्राट अशोक से है संबंध!

फिल्म की पहली झलक में एक साधु के द्वारा बार-बार सम्राट अशोक और कलिंग का नाम लिया जा रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म सम्राट अशोक और उनके रहस्यों से जुड़ी हुई हो सकती है। बता दें कि फिल्म हिंदी समेत आठ भाषाओं में रिलीज की जाएगी। जिसमें तमिल, तेलुगु, कन्नण, मलयालम, बंगाली, मराठी और चाइनीज भाषा शामिल है। फिल्म 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

फिल्मों के मामले में हीरोइनों के लिए दायरा बढ़ रहा है

अपने करियर में हर तरह के महिला किरदारों में रंग भर चुकी विद्या बालन को अभिनय का पावर हाउस कहा जाता है। मगर इस बार वे चर्चा में हैं अपनी रोमांटिक-कॉमिडी फिल्म दो और दो प्यार से, जो शादी, प्यार और विवाहेतर संबंधों पर आधारित है। इस खास मुलाकात में विद्या अपनी फिल्म, रोमांस, एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर, शादी, पति सिद्धार्थ रॉय कपूर, नायिका प्रधान फिल्मों, महिला मुद्दों और सोशल मीडिया जैसे विषयों पर बातें करती हैं।

आपकी फिल्म दो और दो प्यार विवाहेतर संबंधों पर आधारित है। आप शादी में चीटिंग या इन्फिडेलिटी को कैसे देखती हैं?

मुझे आप निजी तौर पर पूछें, तो ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। पर यदि ये स्थिति किसी और के साथ है, तो मैं समझ सकती हूं, जजमेंटल नहीं होती। कई बार शादी में आपको लगता है कि आपके पार्टनर आप पर ध्यान नहीं दे रहे या कई बार ऐसा भी होता है कि आप उनको दिखाई नहीं देते, रोजमर्रा की जिंदगी में इतने उलझ जाते हैं कि एक-दूसरे को भूल जाते हैं, तो ऐसे में शादी से बहार रिश्तों में पड़ने की संभावना बन जाती है।

आपको नायिका प्रधान फिल्मों की झंडाबरदार कहा जाता है। हाल ही में यामी गौतम की आर्टिकल 370 और करीना, तब्बू, कृति की क्रू जैसी हीरोइन ओरिएंटेड फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा बिजनेस किया।

जब मुझे इस तरह का श्रेय दिया जाता है, तो बहुत खुशी होती है। मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं कि मैं सही समय पर सही जगह पर थी, क्योंकि बदलाव सिर्फ मैं अकेली नहीं ला सकती थी। ये दौर शुरू हो रहा था और मैं उस समय सही जगह पर थी। हां, चुनौतियां थीं, बजट की, हीरो मिलने की। अभी भी कहानी जैसी फिल्म लेकर हम किसी हीरो के पास जाते, तो वो नहीं करते। मगर खुशी है कि पहले तो क्रू जैसी फिल्म बनी और इतनी चली है। इस हलकी-फुलकी कॉमिक मूवी को लोगों ने पसंद किया, क्योंकि इंटेंस फिल्मों से लोग थक गए हैं। फिल्मों के मामले में हीरोइनों के लिए दायरा बढ़ रहा है।

आप अपनी नई फिल्म दो और दो प्यार में कॉमिडी और रोमांस के अलग रंग में नजर आ रही हैं?

ये रोल करके मेरे अंदर की लड़की बहुत खुश हुई है। सच कहूं, तो ये रोमांस, कॉमिडी और लड़कीपन मेरे अंदर है और मुझे इस रोल को करने में बहुत मजा आया, क्योंकि इसमें कम से कम मुझे तैयार होने का मौका तो मिला। ये सच है कि ये एक अर्बन कहानी है और रोल भी लाइट है, तो लुक कैजुअल ही है। मुझे इतना भी तैयार होने मिला, तो मैं बहुत खुश हूं। इसलिए भी कि मैं बहुत रोमांटिक हूं असल जिंदगी में, तो मुझे रोमांस, गाने फूल, पत्ते, बारिश सब बहुत अच्छा लगता है। मैं निजी जिंदगी में जैसी हूं, उसे मुझे दोहराने का मौका मिला। ये स्क्रिप्ट बहुत खूबसूरती से लिखी गई है। ये काफी रियल है, हालांकि रोमांटिक कॉमिडी है और इसमें हलके-फुलके ढंग से एक बहुत बड़ी बात कही गई है।

यों तो आप सर्वगुण संपन्न अदाकारा हैं, मगर इन दिनों आपका काफी वेट लॉस देखने मिला है, कोई खास कारण?

नहीं,नहीं। कोई खास कारण नहीं। असल में मेरा एक हेल्थ इश्यू सॉर्ट आउट हो रहा है, जो काफी सालों से था। वो हेल्थ इश्यू सुलझने की वजह से मेरा वजन खुद-ब-खुद कम हो रहा है। मैंने इसके लिए कोई खास प्रयास नहीं किया है।

खतरों से खेलेंगे समर्थ जुरेल!

गश्मीर महाजनी भी होंगे हिस्सा?

'खतरों के खिलाड़ी सीजन 14' के दो और प्रतिभागियों का नाम सामने आ रहा है। दावा किया जा रहा है कि समर्थ जुरेल और गश्मीर महाजनी इस शो का हिस्सा बनेंगे। समर्थ जुरेल ईशा मालवीय से अपने ब्रेकअप की अफवाहों को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हैं।

ईशा मालवीय से अपने ब्रेकअप की अफवाहों के बीच समर्थ जुरेल खतरों से खेलने के लिए तैयार हैं। 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 14' के प्रसारित होने का समय जहां धीरे-धीरे नजदीक आ रहा है, वहीं, इसके प्रतिभागियों के नाम भी सामने आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब रोहित शेट्टी के इस शो को लेकर दो और नाम सामने आए हैं। जिसमें एक नाम समर्थ जुरेल का है और दूसरे प्रतिभागी हैं गश्मीर महाजनी। गश्मीर 'तेरे इश्क में घायल' के बाद अब इस टीवी शो में नजर



आएंगे। बता दें कि दावा किया जा रहा है शो के सभी प्रतिभागी मई तक बुल्गारिया में शूट के लिए निकल देंगे।

एक्स गर्लफ्रेंड के एक्स ब्वॉयफ्रेंड से होगा सामना

समर्थ जुरेल की ईशा मालवीय से ब्रेकअप की अफवाहें अपने चरम पर हैं। कहा जा रहा है कि 'खतरों के खिलाड़ी' शो में उनका सामना उनकी कथित एक्स गर्लफ्रेंड ईशा मालवीय के कथित एक्स ब्वॉयफ्रेंड से होगा। हालांकि, अभी तक दोनों अभिनेताओं की ओर से इसे लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

ये लोग भी आएंगे नजर

'खतरों के खिलाड़ी' का पिछला सीजन साउथ अफ्रीका में शूट हुआ था। अटकलें लगाई जा रही हैं कि इस बार इसकी शूटिंग बुल्गारिया में होगी। बता दें की खतरों के खिलाड़ी के 14वें सीजन में मुनव्वर फारूकी, सनाया ईरानी, मन्नारा चोपड़ा, गश्मीर महाजनी, अंकिता लोखंडे, शोएब इब्राहिम और हेली शाह नजर आ सकते हैं।

मानुषी ने जाहिर की वांगा के साथ काम करने की इच्छा

एक्टर मानुषी छिल्लर हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आ रही हैं। इसी बीच एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने अपने फिल्मी सफर पर बात की। मानुषी ने बताया कि डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने उन्हें फिल्म 'कबीर सिंह' में कियारा आडवाणी वाला रोल ऑफर किया था। मानुषी ने यह भी कहा कि वो वांगा के साथ काम करना चाहती हैं। एक इंटरव्यू में मानुषी ने कहा कि वो संदीप रेड्डी वांगा के काम को पसंद करती हैं। खास तौर पर संदीप जिस तरह अपनी फिल्मों में वुमन कैरेक्टर्स को पोट्रे करते हैं वो मानुषी को बहुत पसंद है। मानुषी ने फिल्म 'एनिमल' में निभाए रश्मिका मंदाना के किरदार की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'एक पूरी फिल्म जहां कई सारे आदमी एक दूसरे से लड़ रहे हैं। उसमें रश्मिका के कैरेक्टर ने अपनी स्पेस बनाकर रखी। उनके कैरेक्टर में कुछ अलग था और रश्मिका ने इसे बखूबी निभाया। वह एक ऐसा रोल है जिसे मैं करना पसंद करूंगी।'

दीपिका पादुकोण के बाद अब प्रियंका चोपड़ा भी फैशन इवेंट में नहीं करेंगी शिरकत

दुनिया के प्रतिष्ठित फैशन इवेंट्स में से एक मेट गाला 2024 में इस साल प्रियंका चोपड़ा नजर नहीं आएंगी। उन्होंने खुद कंफर्म किया है कि वो इस बार इवेंट का हिस्सा नहीं होंगी। उन्होंने वजह का भी खुलासा कर दिया है और हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया के बारे में भी बोला है। मालूम हो कि इससे पहले दीपिका को लेकर खबर आई थी कि वो इस साल मेट गाला के रेड कारपेट पर अपना जलवा नहीं बिखेरेंगी। यानी इस बार मेट गाला में बॉलीवुड की दो हसीनाओं को फैंस मिस करने वाले हैं। डॉक्युमेंट्री मूवी टाइगर के प्रमोशन के वक्त प्रियंका चोपड़ा ने एक्सेस हॉलीवुड को बयान दिया कि वर्क कमिटमेंट्स के कारण वो इस साल मेट गाला का हिस्सा नहीं बन पाएंगी।

अक्षय कुमार के साथ इस किरदार में दिखेंगे साउथ सुपरस्टार प्रभास

कृति सेनन को भी मिला दमदार रोल

साउथ अभिनेता और फिल्म निर्माता मांचू विष्णु अपनी महत्वकांक्षी परियोजना कन्नप्पा को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। आज मांचू विष्णु ने बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार का फिल्म के कलाकारों में शामिल होने के लिए स्वागत किया। अक्षय कुमार इस फिल्म के जरिए अपना साउथ डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म में अक्षय के शामिल होने की खबर खुद मांचू विष्णु ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए दी थी। वहीं अब फिल्म में साउथ सुपरस्टार प्रभास के किरदार के बारे में दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

शिव की भूमिका नहीं निभाएंगे प्रभास!

दरअसल, साउथ सुपरस्टार प्रभास मांचू विष्णु की कन्नप्पा में एक अतिथि भूमिका में दिखाई देंगे, जिसकी शूटिंग चल रही है। फिल्म में कई मशहूर कलाकार प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। ऐसी अटकलें हैं कि प्रभास फिल्म में भगवान शिव के रूप में नजर आएंगे, लेकिन टीम ने चुप्पी साध रखी है और उनकी भूमिका के बारे में कभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वहीं अब खबर आई है कि प्रभास फिल्म में नंदी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। उम्मीद है कि वे जल्द ही सेट पर शामिल होंगे और एक ही शेड्यूल में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर लेंगे। चर्चा है कि प्रभास की टीम ने उनकी आगामी विज्ञान-फाई फिल्म कल्कि एडी 2898 में भगवान महा विष्णु के समान चरित्र के चित्रण को देखते हुए

कन्नप्पा टीम से अभिनेता के लिए एक अलग भूमिका निर्धारित करने का अनुरोध किया। अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि भगवान शिव की भूमिका अक्षय कुमार निभाएंगे। वहीं प्रभास फिल्म में अब नंदी का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। इसके साथ ही खबर है कि फिल्म में कृति सेनन को भी खास भूमिका मिली है। हालांकि, आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

इटली के मिलान में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं सुहाना खान

बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान इटली में अपनी छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। सुहाना ने स्ट्रीमिंग फिल्म द आर्चीज से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर इटली में अपनी छुट्टियों की कई तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में, उन्हें इटली की गलियों में घूमते, स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते, मिलान की सुंदरता को देखते और नए फैशन आउटफिट आज़माते हुए देखा जा सकता है। उसने तस्वीरों को बस कैप्शन दिया, चाओ! सुहाना की दोस्त अनन्या पांडे ने पोस्ट पर जवाब दिया, तुमको शॉपिंग करते देख सकती हूं। इस बीच, काम के मोर्चे पर, सुहाना अगली बार द किंग के साथ बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाली हैं।